

■ अमेरिका-ईयू से व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं राहुल गांधी : शाह - 12




■ एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ देश में घट रही हैं प्रवेश स्तर की नौकरियां - 12



■ भारत से नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है बांग्लादेश : कबीर - 13



■ भारतीय महिला टीम ने टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया- 14


आज का मौसम | 21.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.50 | सूर्यास्त 06.02

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 05:34 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

सोमवार, 16 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 357, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




पाकिस्तानी खिलाड़ी को आउट करने के बाद जश्न मनाते हार्दिक पंड्या और ईशान किशन। • एजेंसी

# कोलंबो में भारत का कमाल

## पाकिस्तान को टी-20 विश्वकप में 61 रनों से हराया, सुपर 8 में पहुंचा

- सूर्य की सेना ने कोलंबो में लगाई पाकिस्तान की 'लंका'
- विश्व कप में पड़ोसी देश पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की

कोलंबो, एजेंसी

| भारत | पाकिस्तान |
|---|---|
| 175/7 | 114/10 |

भारत ने टी-20 विश्वकप के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया। इशान किशन (77), सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप 27वें मुकाबले में 12 गेंदें शेष रहते पाकिस्तान 61 रनों से रौंद कर सुपर आठ में जगह बना ली।

भारत ने इस जीत के साथ विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को भारत की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह की पेस जोड़ी ने झकझोर दिया। हार्दिक ने पहले ही ओवर में साहिबजादा फरहान (शून्य) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने सैम अयूब




(छह) और इसी ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान आगा सलमान (चार) का शिकार कर लिया। पांचवें ओवर में अक्षर पटेल ने बाबर आजम (पांच) को चलता कर दिया। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पार हार्दिक पंड्या ने उस्मान (शून्य) को बोल्ड कर 114 के स्कोर पर पाकिस्तान को समेट दिया।

### पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार

**कोलंबो :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने यहां टी20 विश्व कप मैच के टॉस के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्ष सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया और और पिछले साल दुबई में एशिया कप के बाद से चली आ रही नीति पर कायम रहे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया हाथ नहीं मिलाने की नीति जारी रहेगी। मैच खत्म होने के बाद भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ के बीच भी हाथ नहीं मिलाया जाएगा।

(विस्तृत खेल पेज पर)

**ब्रीफ न्यूज**

### डोडा में हिमस्खलन भद्रवाह-पठानकोट सड़क अवरुद्ध

**भद्रवाह/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में रविवार को हिमस्खलन के कारण भद्रवाह-पठानकोट अंतरराज्यीय सड़क अवरुद्ध हो गई, जिसके कारण कई वाहन फंस गये। भद्रवाह के पुलिस अधीक्षक विनोद शर्मा ने बताया कि हिमस्खलन भद्रवाह कस्बे से लगभग 18 किलोमीटर दूर थंथेरा और गुलदांडा के बीच शाम लगभग पांच बजे हुआ। गुलदांडा जम्मू क्षेत्र का एक प्रसिद्ध शीतकालीन पर्यटन स्थल है और हिमस्खलन होने के समय पर्यटकों को ले जा रहे 250 से अधिक वाहन उस क्षेत्र से गुजर रहे थे।

### सरसंघचालक मोहन भागवत का लखनऊ दौरा 17-18 को

**लखनऊ।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के क्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 17 और 18 फरवरी को लखनऊ प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठन के विभिन्न निर्धारित कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे और कार्यकर्ताओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद करेंगे। प्रवास के दौरान डॉ. मोहन भागवत कुटुम्ब मिलन कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें संघ परिवार से जुड़े स्वयंसेवकों एवं उनके परिवारों के साथ संवाद करेंगे। इसके अतिरिक्त वे सामाजिक सद्भाव बैठक में भी शामिल होंगे, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ समरसता और सामाजिक एकता पर चर्चा होगी।

# रक्षा क्षेत्र में सुधारों का लाभ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखने को मिला : मोदी

## विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री बोले- मौजूदा हालात के हिसाब से रक्षा क्षेत्र को बनाएंगे आधुनिक

- रक्षा बलों को मजबूत करने के लिए सरकार को जो भी करना होगा, करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि रक्षा सुधारों के एक दशक के लाभ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशेष साक्षात्कार में कही। साथ ही कहा कि विश्व में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे देश के रूप में, भारत का यह कर्तव्य है कि वह वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप अपने रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करे।

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित 7.85 लाख करोड़ रुपये का हवाला देते हुए कहा कि यह आवंटन पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है और किसी भी मंत्रालय या विभाग को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही सरकार का रुख स्पष्ट रहा है कि वह देश के रक्षा बलों का समर्थन करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को भारतीय नवाचार और उद्योग के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों से लैस होना चाहिए, क्योंकि प्रौद्योगिकी दुनिया को नया आकार दे रही है और राजग सरकार पिछले 11 वर्षों से इस क्षेत्र में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर काम कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए साहस पर पूरा देश गर्व महसूस करता है। उन्होंने लिखित साक्षात्कार में कहा, ऑपरेशन के दौरान, पिछले दशक में हमने जो सुधार किए हैं, उनके लाभ स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। इसलिए, रक्षा बजट, आधुनिकीकरण आदि, ये सभी हमारे निरंतर प्रयासों के हिस्से हैं और इन्हें किसी विशेष मुद्दे से जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री से पूछा गया कि क्या रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक बजटीय आवंटन 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिली सीख का हिस्सा है, और क्या यह भारत के पड़ोसियों, जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है, पर निरंतर अविश्वास का संकेत भी देता है।



### मोदी बोले- बजट अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कहा कि इस साल का बजट मजबूरी के कारण पैदा हुआ अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं था, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा हम तैयार हैं वाला क्षण था। यह बजट एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की प्रबल इच्छा को रेखांकित करता है। उनकी सरकार का कोई भी बजट सामान्य बही खाता दस्तावेज तैयार करने की मानसिकता से नहीं बनाया गया, क्योंकि यह हमारा दृष्टिकोण नहीं है। हमारे पास एक युवा और कुशल आबादी है, और हम कम मुद्रास्फीति और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ मजबूत विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे युवा अंतरिक्ष, खेल और स्टार्टअप जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। यह बजट 2014 से अब तक हासिल की गई उपलब्धियों को मजबूती प्रदान करता है और उनकी बुनियाद पर अगले 25 वर्षों के लिए गति मुहैया कराता है। जैसे ह 1920 के दशक में लिए गए फैसलों और पहलों ने 1947 में आजादी की नींव रखी, उसी प्रकार अब हम जो निर्णय ले रहे हैं, वे 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल हो।

### विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी और सरकार द्वारा उठाए गए कदम उन्हें सशक्त बनाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में यह गर्व का विषय रहा है कि भारतीय महिलाएं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा, चाहे अंतरिक्ष हो या स्टार्टअप, वे बड़ा प्रभाव डाल रही हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का कल्याण उनकी सरकार के हर फैसले का मार्गदर्शन करता है और प्रत्येक जिले में बालिकाओं के लिए 'स्टेम' (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) छात्रावास स्थापित करने की नयी पहल से महिलाओं में शिक्षा और नवाचार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

# सरकार ने न्याय व्यवस्था सुगम बनाने को उठाए कदम : धामी

संवाददाता, खटीमा

- मुख्यमंत्री ने किया खटीमा सिविल कोर्ट परिसर में नवनिर्मित चैंबरों का लोकार्पण

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, आज न्यायालयों में तकनीक के प्रभावी उपयोग ने न केवल समय की बचत की है बल्कि प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया है जिससे न्याय प्रक्रिया पहले से कहीं अधिक विश्वसनीय, वैज्ञानिक और प्रामाणिक बनी है।

मुख्यमंत्री धामी ने महाशिवरात्रि पर सिविल न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं हेतु नवनिर्मित चैम्बरों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न्याय व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है। केंद्र की मोदी सरकार ने पुराने गैर जरूरी एवं अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू करने का ऐतिहासिक काम किया है जिससे न्यायिक व्यवस्था और प्रभावी हो रही है। ई-कोर्ट प्रोजेक्ट, नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड, फास्ट ट्रैक, स्पेशल कोर्ट, महिला एवं बाल अपराधों के लिए त्वरित न्याय तंत्र, ऑनलाइन के माध्यम से सुनवाई और डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहलों के द्वारा न्याय व्यवस्था को और अधिक तेज और सुगम बनाने की दिशा में क्रान्तिकारी परिवर्तन किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश भर में 7 हजार से अधिक कोर्ट एवं 11 हजार



खटीमा में नवनिर्मित चैंबरों का फीता काटकर लोकार्पण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तराखंड में भी न्याय व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने, विधि शिक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है। खटीमा का हर क्षेत्र में विकास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिवक्ताओं के लिए 20 नए चैंबर बनाने हेतु 2.50 करोड़ रुपए देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में जिला जज सिकंद कुमार त्यागी, अपर जिला जज मंजू सिंह मुंडे, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा, सचिव भरत पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सिंह बिष्ट, केडी भट्ट, जिपं अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक गोपाल सिंह, पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा, डीएम नितिन सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

# 22 अप्रैल को खुलेंगे बाबा केदारनाथ धाम के कपाट

संवाददाता, रुद्रप्रयाग

- शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के बाद तय हुई तिथि
- 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम तो अक्षय तृतीया पर खुलेंगे गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट

**अमृत विचार:** उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट इस चारधाम यात्रा वर्ष में 22 अप्रैल को वृष लग्न में प्रातः 8 बजे दर्शनार्थ खोले जाएंगे। बता दें कि इस यात्रा वर्ष 23 अप्रैल को भगवान बदरीनाथ धाम के कपाट ब्रह्ममुहूर्त में सुबह 6:15 बजे खोले जाएंगे। वहीं, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर खुलेंगे।

रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर केदारनाथ रावल भीमाशंकर लिंग, धर्माचार्यों, वेदपाठियों एवं पंचगाई हकहकूकधारियों की मौजूदगी में परंपरानुसार शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के पश्चात कपाटोद्घाटन की तिथि घोषित हुई। साथ ही, भगवान श्री केदारनाथ की पंचमुखी डोली के केदार प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया। इस अवसर पर श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ को भव्य रूप से साढ़े नौ क्विंटल फूलों से सजाया गया था। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में 18 अप्रैल को भैरवनाथ की पूजा अर्चना संपन्न हो जाएगी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली शीतकालीन गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से 19 अप्रैल को फाटा रवाना होगी। 20 अप्रैल दूसरे पड़ाव गौरीकुंड तथा 21 अप्रैल को पंचमुखी डोली श्री केदारनाथ धाम पहुंच जाएगी। 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे इस यात्रा वर्ष श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे। इस अवसर पर बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, उपाध्यक्ष विजय कपरवान मौजूद रहे।




ऊखीमठ में कपाट खुलने की तिथि घोषित करते धर्माचार्य।

### भव्य होगी चारधाम यात्रा: धामी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जो शिवरूपी शब्द बाबा केदार के धाम पर निकले थे कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, उसको धरातल पर उतारने के लिए हम सभी को भगवान शक्ति दें। सीएम ने कहा कि, पिछले साल की चारधाम यात्रा पूरी होते ही हमने अगले साल की दिव्य और भव्य यात्रा की तैयारियां प्रारंभ कर दी थीं। चारों धाम सहित देवभूमि के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। हमारा प्रयास है कि सभी की यात्रा देवभूमि में सुरक्षित व सुगम हो।

# सफेदपोश आतंकियों ने बनाया था 'अंसार इंटेरिम' संगठन

नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी

**दिल्ली विस्फोट**

- गिरफ्तार किए गए चिकित्सक 2016 से ही कट्टरपंथी बन चुके थे

जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा हाल ही में सफेदपोश आतंकवादी गिरोह का पर्दाफाश किए जाने के बाद संकेत मिला है कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए चिकित्सक 2016 से ही कट्टरपंथी बन चुके थे और उन्होंने आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए 'अंसार इंटेरिम' नामक एक नया आतंकवादी संगठन बनाया था। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच अब एनआईए कर रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि 10 नवंबर को लाल किले के बाहर धमाके में इस्तेमाल की गई विस्फोटकों से लदी कार चलाने वाला डॉ. उमर-उन-नबी वर्ष 2016 और 2018 में आतंकी संगठनों में शामिल होने की कोशिश कर चुका था।

### सड़क हादसे में दो युवकों की गई जान, एक गंभीर

**हरिद्वार।** रुड़की के पिरान कलियर थाना क्षेत्र में रविवार तड़के सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार तीन युवक एक बाइक से भगवानपुर से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। भगवानपुर बाईपास मार्ग पर बेड़पुर चौक के पास ईंट-भट्ठे के समीप उनकी बाइक एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में शिवम (28) व सूरज (26) की मौत हो गई, जबकि अमन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। कोतवाल रविन्द्र ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# कल शपथ लेंगे तारिक रहमान, ओम बिरला करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद के लिए तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। पता चला है कि बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ढाका में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भारत सरकार की ओर से तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। रहमान की अगुवाई में



- बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजा आमंत्रण

बीएनपी को बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत मिली है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस महत्वपूर्ण समारोह में लोकसभा अध्यक्ष का शामिल होना भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी मित्रता को दर्शाता।

**प्रौद्योगिकी** | प्रधानमंत्री मोदी करेंगे एआई समिट का उद्घाटन, एक्सपो में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के होंगे मंडप

# भारत मंडपम इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो आज से, जुटेंगे दिग्गज

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। यह आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के साथ किया जाएगा। यह एक्सपो एआई के व्यावहारिक प्रदर्शन का एक राष्ट्रीय मंच होगा, जहां नीति व्यवहार से मिलेगी, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होगा और प्रौद्योगिकी आम नागरिक तक पहुंचेगी। समिट में दुनिया भर से दिग्गज जुटेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 16 फरवरी को शाम पांच बजे भारत मंडपम में एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सपो 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में आयोजित होगा, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा। इस एक्सपो में एआई तंत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के मंडप भी होंगे। इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका के पवेलियन शामिल हैं। इस




### 500 से अधिक सत्रों में 3,250 से अधिक दूरदर्शी वक्ता होंगे शामिल

इसमें 500 से अधिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 3,250 से अधिक दूरदर्शी वक्ता और परिचर्चा सदस्य शामिल होंगे। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार करना और यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य की कार्रवाइयों पर विचार-विमर्श करना होगा कि एआई से प्रत्येक वैश्विक नागरिक को लाभ मिले।

एक्सपो में 300 से अधिक चुनिंदा प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन होंगे जिन्हें तीन मुख्य विषयों - लोग, ग्रह और उन्नति - के आधार पर तैयार किया गया है। इसके अलावा एक्सपो में 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप शामिल होंगे, जिनमें से कई वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और जनसंख्या-स्तरीय समाधान कर रहे हैं।

ये स्टार्टअप ऐसे उपयुक्त समाधानों का प्रदर्शन करेंगे, जो पहले से ही वास्तविक दुनिया में उपयोग में हैं। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित 25 लाख से अधिक आगंतुकों के भाग लेने की उम्मीद है।

## स्टेट ब्रीफ

### उक्रांद युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का दौरा आज से

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रान्ति दल के युवा प्रकोष्ठ के केन्द्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी का आज से कुमाऊं दौरा प्रस्तावित है। इसमें 18 फरवरी को उनका कार्यकर्ता मिलन समारोह उत्तराखंड पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हल्द्वानी में आयोजित किया जाएगा। इस आशय कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की डीडी पंत पार्क में सुबह 11 बजे से बैठक होगी। सूचना जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान व युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हरीश मेवाड़ी ने दी है।

### सिंचाई कॉलोनी में चोरी का आरोपी दबोचा

**हरिद्वार :** सिंचाई विभाग कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई चोरी में आरोपी को जेवरात के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार छह फरवरी को दिन के समय अज्ञात चोर ने सिंचाई विभाग कॉलोनी स्थित एक मकान में घुसकर अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे। इस संबंध में पीड़ित डोडी चौहान की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने शुभम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल की और उसके कब्जे से मांग टीका, चेन, पेंडल और नथ समेत कई जेवरात बरामद किए गए।

### गैंगस्टर विक्रम शर्मा के हत्यारोपी चिन्हित

**देहरादून :** पुलिस ने सिल्वर सिटी मॉल में बीती 13 फरवरी को दिनदहाड़े गैंगस्टर विक्रम शर्मा की हत्या मामले में आरोपियों की पहचान हो चुकी है। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने यह दावा करते हुए कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ और दून पुलिस को लगाया गया है, जो अन्य राज्यों मंव पहुंच कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि विक्रम शर्मा का शिष्य अखिलेश सिंह ने सुपारी देकर हत्या करवाई है। इस मामले में जमशेदपुर एसएसपी पीयूष पांडे से संपर्क कर सहयोग मांगा है। दून पुलिस विक्रम शर्मा हत्याकांड के मामले में उसके कुछ नजदीकियों से पूछताछ कर रही है।

### केदारघाटी क्षेत्र के जंगलों में लगी आग

**रुद्रप्रयाग :** देवभूमि में तापमान बढ़ते ही वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गई हैं। रुद्रप्रयाग जिले की केदारघाटी क्षेत्र में स्थित केदारनाथ वन्यजीव अभ्यारण के जंगल इन दिनों भीषण आग लग गई। वनाग्नि से लाखों रुपये की वन संपदा स्वाहा हो रही है, वहीं क्षेत्र में निवास करने वाले वन्य जीव-जन्तुओं के जीवन पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

# प्रदेश में चलेगा व्यापक सत्यापन अभियान

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ के निर्देश पर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए सघन सत्यापन प्रारंभ किया गया है। यह विशेष अभियान प्रदेश के सभी जनपदों में सर्किल, थाना एवं चौकी स्तर पर संचालित किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट्स, आश्रम, धर्मशालाएं, किराये के मकान, फ्लैट, पीजी, होम-स्टे, होटल एवं गेस्ट हाउस में निवासरत व्यक्तियों का सत्यापन किया जाएगा। प्रॉपर्टी डीलर, रियल एस्टेट एजेंट एवं ब्रोकर का सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा तथा उनके माध्यम से कराए गए किरायेदारी अनुबंधों की जांच की जाएगी। बिना पुलिस सत्यापन किरायेदारी कराने अथवा संदिग्ध व्यक्तियों को आश्रय देने पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीजीपी के निर्देश पर होम डिलीवरी सेवाओं, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े डिलीवरी एजेंटों, सिक्योरिटी एजेंसी स्टाफ, कैब संचालकों तथा इंडस्ट्रियल एरिया में ठेकेदारों का विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। अमेज़न, ज़ोमैटो और ब्लिंकिट सहित विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं से संबद्ध कार्मिकों की पहचान एवं सत्यापन प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी।

### भाजपा का आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीट पर 'चेहरा' तय करने के लिए गोपनीय सर्वे शुरू

# राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की टीमें पहुंचीं

एक्सक्लूसिव

**अंकुर शर्मा, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** बेशक अभी विधानसभा चुनाव-2027 में लगभग एक वर्ष का समय है लेकिन भाजपा ने अभी से रणभेरी बजा दी है। सत्ता के संग्राम में योद्धाओं के चुनाव के लिए गोपनीय सर्वे शुरू हो गए हैं। भाजपा व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने गोपनीय सर्वे शुरू करदिया है। इसमें भाजपा, विपक्ष के साथ ही जनता की नब्ज टटोली जा रही है।

भाजपा सरकार लगातार दो बार से 2017, 2022 में विधानसभा चुनाव जीतकर सत्ता में आई है। अब हैट्रिक लगाने को बेताब भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है इसलिए अभी से कमर कस ली है। सूत्रों की मानें तो भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की टीमें जिले में पहुंच गई हैं जिन्होंने गोपनीय सर्वे शुरू कर दिया है। दरअसल, नैनीताल जिले में छह विस सीटें हैं, इनमें एकमात्र हल्द्वानी कांग्रेस और बाकी पांच सीटें भाजपा के पास हैं। इस बार कयास लगाए जा रहे हैं कई सीटों पर अंदरुनी कलह, चुनावी रंजिश व गुटबाजी भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती है इसलिए अभी से सर्वे किए जा रहे हैं। इन सर्वों में अंतर्कलह व गुटबाजी से होने वाले नुकसान, जाति गत समीकरण, चर्चित चेहरा, जनता की पसंद, विपक्ष आदि सभी पहलूओं को ध्यान में रखकर सर्वे किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय संगठन महामंत्री की टीमों ने गोपनीय सर्वे शुरू कर दिया है। इधर, सूत्रों का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संगठन ने भी सभी विस सीटों से एक मजबूत प्रत्याशी की तलाश में सर्वे शुरू कर दिया है। हालांकि इन सर्वे के शुरू होने के बाद सभी संभावित प्रत्याशियों ने सेटिंग-गेटिंग के फार्मूले पर काम करना शुरू कर दिया है लेकिन सभी चुप्पी साधे हुए हैं। दरअसल, बीएल संतोष की टीम के सदस्य बगैर अपनी पहचान उजागर किए पार्टी दावेदारों की लोकल छवि, लोकप्रियता के साथ उनकी सोशल मीडिया पर भी एक्टिविटी और फॉलोअर्स का आकलन कर रहे हैं। स्थानीय पार्टी नेताओं के बीच भी इनकी पहचान उजागर नहीं है।



### इस वर्ष जल्द हो सकते हैं विधानसभा चुनाव

**हल्द्वानी :** भाजपा सूत्रों की मानें तो विधानसभा चुनाव इस वर्ष ही हो सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2027 में जनवरी-फरवरी में अर्द्धकुंभ होगा। इन आयोजन के बीच में चुनाव कराना एक चुनौती है ऐसे में सरकार कोई रिस्क नहीं लेना चाहेगी इसलिए संभावना जताई जा रही है कि इस वर्ष के अंत तक चुनाव हो सकता है। इसकी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं है।

> भाजपा हर समय चुनावी मोड में रहती है। संगठन प्रत्याशियों के चयन को लेकर गोपनीय सर्वे कराता ही है, ये सर्वे गोपनीय होते हैं इसलिए कब शुरू हुए, टीमें वगैरह की मुझे कोई जानकारी नहीं है। **-प्रताप बिष्ट,** जिलाध्यक्ष, भाजपा नैनीताल

# कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन आज, पुलिस अलर्ट

### सोमवार को लोकभवन का घेराव कार्यक्रम है प्रस्तावित, रूट डायवर्जन रहेगा, 7 स्थानों पर बने बैरियर प्वाइंट

- परेड ग्राउंड से सुबह 11 बजे निकाली जाएगी रैली
- प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पहुंचने की संभावना

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड कांग्रेस का आज सोमवार को राजधानी में लोकभवन घेराव प्रस्तावित है। परेड ग्राउंड से सुबह 11 बजे रैली निकाली जाएगी जिसमें प्रतिभाग करने के लिए प्रदेश भर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जुटने का दावा किया गया है। इसे एक तरह से शक्ति प्रदर्शन भी माना जा रहा है।

वहीं, रैली को देखते हुए रूट डायवर्जन प्लान लागू करते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जहां-जहां से रैली निकलेगी, वहां रूट डायवर्ट किया जाएगा।

शहर में सात स्थानों दिलाराम चौक, ऐनेक्सी तिराहा, कालीदास तिराहा, ओरियंट चौक, पेसिफिक तिराहा, ग्लोब चौक और वाटिका तिराहा पर डायवर्जन/बैरियर प्वाईंट बनाए गए हैं। रैली के दौरान असुविधा से बचने के लिए राजपुर रोड और हाथीबड़कला रोड का सुबह 11 से रैली समाप्ति तक प्रयोग करने से बचने की सलाह दी गई है।



ग्राउंड जीरो पर निरीक्षण करते एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोबाल।

उधर, विभिन्न मुद्दों व मांगों को लेकर जनपद में होते धरना-प्रदर्शनों/ रैलियों के दृष्टिगत एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर प्रदर्शनों/ रैलियों से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों/मार्गो का स्थलीय निरीक्षण किया। एसएसपी ने अधीनस्थ अधिकारियों से धरना-प्रदर्शनों/ रैलियों के दौरान किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों/बैरिकेड व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद एसएसपी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि धरना-प्रदर्शनों/रैलियों के दौरान सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित करने के साथ-साथ इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि पुलिस व्यवस्था से आमजन अथवा स्कूली बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यदि किसी मार्ग पर धरना प्रदर्शन/रैली के कारण आमजन का आवागमन बंद करना पड़े तो समय से इसकी सूचना को प्रचारित/प्रसारित कर दिया जाए।

## जनता से सरोकार नहीं, कांग्रेस की चिंता सिर्फ चुनावी: भाजपा

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** भाजपा ने कांग्रेसी प्रदर्शन को देवभूमि के चहुंमुखी विकास से ध्यान भटकाने और समय पूर्व चुनावी बुखार चढ़ने का नतीजा बताया है। प्रदेश मीडिया महामंत्री कुंदन परिहार ने रविवार को कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि ऐसे राजनैतिक कार्यक्रमों का जनमुद्दों से दूर-दूर तक कोई सरोकार नहीं है, सिवाय कांग्रेस नेताओं की अपनी-अपनी राजनैतिक बेरोजगारी दूर करने के जबकि हमारी सरकार जनकल्याण एवं विकास के लिए एक एक क्षण का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आरोप लगाया कि, प्रदेश में विपक्ष मुद्दाविहीन और विचारहीन हो गया है। वे बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, विकास और जनकल्याण आदि तमाम मुद्दों को लेकर झूठ और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं जबकि जनता राज्य में कल्याणकारी सरकार की अवधारणा को फलीभूत होते देख और महसूस कर रही है। आरोप लगाया कि, कांग्रेस पार्टी के अंदर इस सत्य को स्वीकारने का साहस नहीं है, तभी वह लगातार झूठ, भ्रम और प्रपंच की राजनीति में जुटी है। साल 2014 के बाद से एक के बाद एक लगातार पराजय से हताश व निराश कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बौखलाई हुई है। उनके नेता जमीनी हकीकत और जनमुद्दों से पूरी तरह कटे और आपस में बंटे हुए हैं। यही वजह है कि जन समस्याओं को लेकर सड़क और सदन दोनों जगह सोने वाली कांग्रेस पार्टी, चुनाव की आहट से जग गई है। उनके नेताओं को राष्ट्र समाज निर्माण या जनसरोकारों से कोई मतलब नहीं रहता है। बस अंतर इतना है कि चुनाव के लिए जीने मरने वाली कांग्रेस पर चुनावी बुखार समय से पहले चढ़ने लगा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि, हम स्वीकार करते हैं कि उन्हें यूसीसी, धर्मांतरण कानून, दंगारोधी कानून जैसे हमारे निर्णय पसंद नहीं आए होंगे।

# 104 प्रत्याशी, 14500 अधिवक्ता करेंगे मतदान

**विधि संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनाव आगामी 17 फरवरी को होंगे। चुनाव के लिए राज्य के सभी जिला एवं सिविल न्यायालयों की बार एसोसिएशन सभागारों को मतदान केंद्र बनाया गया है। बार काउंसिल के 23 पदों के लिए 104 प्रत्याशी मैदान में हैं जबकि चुनाव में करीब 14500 अधिवक्ता मतदान करेंगे।

इस चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए शासन ने विभिन्न स्थानों पर तैनात एसडीएम और तहसीलदारों को मुख्य मतदान अधिकारी के रूप में सेवाएं देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बार काउंसिल चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पूर्व न्यायाधीश रामऔतार सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार, मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए जिलाधिकारी अपने सम्बन्धित जिलों के मतदान केंद्रों पर मतदान अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे। चुनाव से पूर्व मतदान सूची और अन्य आवश्यक सामग्री जिला मुख्यालयों को भेज दी गयी है। मतदान सम्पन्न होने के तुरंत बाद सभी सीलबंद मतपत्र और महत्वपूर्ण दस्तावेज विशेष वाहन से नैनीताल क्लब ,नैनीताल भेजे जाएंगे ताकि 20 फरवरी से मतगणना का कार्य प्रारंभ किया जा सके। मतदाताओं की पहचान करने के लिए परिषद ने स्पष्ट किया है कि राज्य विधिक परिषद से जारी पहचान पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र, सीओपी प्रमाण पत्र या बार काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा जारी एआईबीई के प्रमाण में से किसी एक को दिखाना अनिवार्य होगा। मतदान प्रक्रिया के दौरान अगर कोई अधिवक्ता मतदान करने में अक्षम है तो वह मतदान अधिकारी की अनुमति लेकर अपना वोट डाल सकेगा।

### 200 अधिवक्ताओं के लिए पृथक मतदान केंद्र

मतदान केंद्रों की व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक 200 अधिवक्ताओं के लिए एक पृथक मतदान केंद्र और कम से कम एक चुनाव प्रकोष्ठ (वोटिंग कम्पार्टमेंट) अनिवार्य होगा। मतदान की गोपनीयता बनाये रखने के लिए इन प्रकोष्ठों को तीनों तरफ से कवर किया जाएगा। मतदान केंद्र के भीतर पर्याप्त रोशनी, लेखन सामग्री व टेबल की उचित व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

# पीएम मोदी की कार्यशैली से प्रेरणा लें युवा: कोश्यारी



फिट इंडिया कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी।

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** परेड ग्राउंड में रविवार को ''फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल'' के 61वें संस्करण का आयोजन किया गया। उत्तराखंड की धुंधली पहाड़ियों, सर्दियों की सुनहरी धूप और साल वृक्षों से घिरे वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में फिटनेस, सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरण जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, युवा एवं खेल मंत्रालय समेत अन्य सहयोगियों द्वारा किया गया। आयोजन में 1000 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया, जिनमें स्कूली छात्र, युवा, पेशेवर, वरिष्ठ नागरिक तथा फिटनेस प्रेमी शामिल रहे। पूरा परेड ग्राउंड ऊर्जा, संगीत और प्रेरणा से भर गया और दून घाटी एक जीवंत फिटनेस उत्सव में परिवर्तित हो गई। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे व्यक्ति खिलाड़ी हो या नहीं, उसमें खेल भावना अवश्य होनी चाहिए। यही भावना जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाती है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से सीख लें, जिन्होंने फिटनेस और अनुशासन को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया है।

### 25 लाख नागरिक इस पहल से जुड़ चुके

''फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल'' पहल की शुरुआत दिसंबर 2024 में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा की गई थी, जो एक जनआंदोलन बन चुकी है। देशभर में अब तक 2.5 लाख से अधिक स्थानों पर लगभग 25 लाख नागरिक इस पहल से जुड़ चुके हैं। यह अभियान #FightObesity और #PollutionKaSolution जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करते हुए नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए प्रेरित करता है। जबकि फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत 29 अगस्त 2019 को देशवासियों को दैनिक जीवन में फिटनेस अपनाने के उद्देश्य से की गई थी। इसका लक्ष्य व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से नागरिकों को अधिक सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में बॉक्सिंग हेवीवेट खिलाड़ी नूपुर श्योराण, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी गोलकीपर एवं कोच योगिता बाली, ओलंपियन रेस वॉकर मनीष सिंह रावत, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित बास्केटबॉल खिलाड़ी विशेष भृगुवंशी तथा तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवॉर्ड से सम्मानित पर्वतारोही ताशी मलिक शामिल रहे।

## हॉकी व वॉलीबॉल टीम के लिए होंगे चयन ट्रायल

**हल्द्वानी:** हॉकी उत्तराखंड के महासचिव नरेंद्र सिंह बाफिला ने बताया कि 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर (महिला व पुरुष) राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की टीम का चयन 1 मार्च को होगा। यह ट्रायल गौलापार स्थित मानस खंड खेल परिसर के एस्ट्रो टर्फ मैदान में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। महिला वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता रांची (झारखंड) और पुरुष वर्ग की राजगीर (बिहार) में 1 से 12 अप्रैल तक आयोजित होगी। इसके लिए आयु सीमा 01-01-2010 निर्धारित है। खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में पंजीकरण अनिवार्य है। ट्रायल हेतु हाईस्कूल अंक तालिका, आधार कार्ड व दो फोटो साथ लाने होंगे। वहीं, डीएसओ के अनुसार राज्य स्तरीय पुरुष यूथ वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए नैनीताल जनपद की टीम का ट्रायल 17 फरवरी को होगा।

# भ्रष्टाचार मुक्त कार्यशैली अपनाएं वन अधिकारी

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने वन सेवा में नैतिक मूल्यों एवं पारदर्शिता के महत्व को रेखांकित करते हुए अधिकारियों से भ्रष्टाचार से दूर रहने का आह्वान किया है। कहा कि एक अधिकारी की प्रतिष्ठा वर्षों में बनती है और एक गलत निर्णय से क्षण भर में समाप्त हो सकती है। उन्होंने अधिकारियों से प्रशासनिक दक्षता, नैतिक साहस और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

रविवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में आयोजित संजय सिंह स्मृति व्याख्यान समारोह में राज्यपाल सिंह ने वर्ष 2025 बैच के वन सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों और वन कर्मियों के कल्याण और उनके परिवारों की शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, बीमा एवं कौशल प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में वन सेवा के समक्ष अवैध खनन, अतिक्रमण, वनाग्नि तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व जैसी गंभीर चुनौतियां हैं।



वन अकादमी में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

इन चुनौतियों का समाधान तकनीक, नवाचार और संवेदनशील दृष्टिकोण के माध्यम से संभव है। राज्यपाल ने वन सेवा के अधिकारी स्व. संजय सिंह के साहस, शौर्य, निष्ठा एवं समर्पण को स्मरण करते हुए कहा कि उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले अधिकारी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और उनके आदर्श वन सेवा के प्रत्येक अधिकारी को प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्व. संजय सिंह के परिजनों घनश्याम नारायण सिंह एवं कांति के साथ ही वर्ष 2025 बैच में प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में वन अकादमी की निदेशक भारती, पीसीसीएफ हॉफ रंजन कुमार मिश्रा एवं वन अकादमी के अधिकारी मौजूद रहे।

### यह वन सेवा का मूल दायित्व

राज्यपाल ने कहा कि वनों का संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत प्रबंधन जनभागीदारी के बिना संभव नहीं है। वन क्षेत्रों में निवास करने वाले स्थानीय समुदायों को साथ लेकर चलना वन सेवा का मूल दायित्व है। कहा कि वन अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए। वन अधिकारी वन्यजीवों और प्रकृति को अपने परिवार का अभिन्न अंग मानकर कार्य करें।

## कनखल में जलाभिषेक के लिए लगी लंबी कतारें

**हरिद्वार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तीर्थनगरी हरिद्वार में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। विशेष रूप से भगवान शिव की ससुराल मानी जाने वाली कनखल में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए घंटों कतारों में खड़े दिखाई दिए। महाशिवरात्रि को भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसी आस्था के साथ हजारों भक्त दक्षेश्वर प्रजापति महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में जल, बेलपत्र, धतूरा और फूल अर्पित कर मनोकामना पूर्ण होने की कामना कर रहे हैं। मान्यता है कि कनखल स्थित इस प्राचीन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है और सभी कष्ट दूर होते हैं। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

**रंग पर्व**

### सांस्कृतिक नगरी में मौसम के साथ बदलते हैं होली के रंग, तीन माह तक पांच राग में होता है होली का गायन

# होली के गीतों से गूंज रही पहाड़ों की रातें, छलड़ी तक रंग भरेंगे राग

**कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा की राते इन दिनों होली के गीतों से गूंज रही हैं। राग से रंग तक पहुंचने के लिए इस शहर की होली को करीब तीन महीने लगते हैं। यही वक्त कुमाउनी होली को देशभर की होलियों से अलग रंग में पिरोता है। डेढ़ सौ साल पहले बैठकी और खड़ी होली के रूप में शुरू हुए इस राग-फाग ने कई पीढ़िया देखीं लेकिन इसका महत्व बढ़ता ही गया।

दरअसल, कुमाऊं में होली गायन की परंपरा 165 वर्ष पूर्व अल्मोड़ा से शुरू हुई थी। अल्मोड़ा में पौष मास से फागुन तक तीन माह में पांच अलग-अलग चरणों में बैठकी और खड़ी होली का गायन होता है। पहला चरण आध्यात्मिक होली का है, जो पौष मास के प्रथम रविवार से बसंत पंचमी तक चलने वाली इस होली में निर्वाण पद गाए जाते हैं।

दूसरा चरण बसंत पंचमी से महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व तक का है। इसमें प्रकृति आधारित गीत गाए जाते हैं। इसे श्रृंगारिक होली कहते हैं। तीसरा चरण महाशिवरात्रि से होलिका दहन तक चलता है। इसमें रंग भरे राग में हंसी-ठिठोली के गीत गाए जाते हैं। इसके साथ ही खड़ी होली के रंग भी बरसने लगते हैं।



अल्मोड़ा श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का क्लब में होली गायन करते रंगकर्मी।

आखिरी राग है विदाई राजग, ये राग छलड़ी में होली का समापन पर गाया जाता है। वहीं, यहां तीन विधाओं में होली गायन होती है। जिसमें पहली बैठकी दूसरी खड़ी और तीसरी महिलाओं की होली है। इनमें सभी रागों की होली शामिल होती है। बैठकी होली में शास्त्रीय संगीत पर आधारित रागों का गायन होता है। तीसरी होली महिलाओं पर आधारित है। इस दौरान महिलाएं हंसी-मजाक के रंगों के साथ नृत्य में सराबोर रहती हैं।

### उस्ताद अमानत हुसैन ने की थी होली की शुरुआत

वरिष्ठ रंगकर्मी राजेंद्र प्रसाद तिवारी बताते हैं कि अल्मोड़ा में वर्ष 1860 में बैठकी होली की शुरुआत उस्ताद अमानत हुसैन नामक एक कलाकार ने की थी। सभी समुदाय के लोग बढ़ चढ़कर होली गायन में भागीदारी करते थे। अल्मोड़ा में श्री भंडार हुक्का क्लब, त्रिपुरा सुंदरी और रानीधारा में होली गायन की शुरुआत हुई थी।

### इन रागों का भी है खास महत्व

तीन महीने चलने वाले होलियों के रंग के अलावा और भी कई राग कुमाउनी होली में हैं। पीलू, भैरवी, श्याम कल्याण, काफी, परज, जंगला काफी, खमाज, जोगिया, देश विहाग व जै-जैवंती आदि शास्त्रीय रागों पर विविध वाद्य यंत्रों के साथ यहां होली गायी जाती है।

### बनारस और मथुरा की होली से समानता

वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल सनवाल ने बताया कि अल्मोड़ा की होली पूरे कुमाऊं में अलग स्थान रखती है। हालांकि इस तरह की होली अन्य अंचलों में भी होती है, लेकिन यहां अलग-अलग मास और रागों पर गाई जाने वाली होली का विशेष महत्व है। कहना है कि अल्मोड़ा की होली में बनारस और मथुरा की होली के राग रंग झलकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### राज्य आंदोलनकारी समिति की इकाई भंग

**हल्द्वानी :** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने जिला नैनीताल व महानगर की इकाई को भंग कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश संरक्षक की ओर से गलत निर्णय लेने के चलते ऐसा किया गया। समिति के किसी भी सदस्य का अब समिति से कोई लेना-देना नहीं है। समिति के सभी पदाधिकारी की बैठक कर आगे की रणनीति को लेकर विचार विमर्श कर कोई निर्णय लिया जाएगा।

### बागेश्वर के युवक की जहर खाने से हुई मौत

**हल्द्वानी :** जहर खाने से 44 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, बागेश्वर के ग्राम सिया पोस्ट जिरौली निवासी मनोज कुमार को 14 फरवरी की शाम साढ़े चार बजे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। उसी शाम करीब सवा 6 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संदिग्ध परिस्थितियों में बागेश्वर से उसे रेफर किया गया था। हल्द्वानी कोतवाल विजय सिंह मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा दिया गया है।

### रानीखेत एक्सप्रेस से यात्री का बैग चोरी

**हल्द्वानी :** ट्रेन में दिल्ली से काठगोदाम आ रहा यात्री सो गया और जब नींद खुली तो उसका ट्रॉली बैग चोरी हो चुका था। जीआरपी थाना काठगोदाम ने मामले मुकदमा दर्ज कर लिया है। शास्त्रीनगर मेरठ निवासी असीम गिरीश सक्सेना ने जीआरपी को दी तहरीर में लिखा कि 13 फरवरी को वह दिल्ली से वह रानीखेत एक्सप्रेस में काठगोदाम जाने के लिए सवार हुए थे। वह सो गए और जब काठगोदाम में उनकी आंख खुली तो ट्रॉली बैग गायब था। आरपीएफ ने कैमरे खंगाले तो एक व्यक्ति ट्रॉली बैग ले जाता दिखा।

### पीएचडी व एनईटी की प्रवेश प्रक्रिया 17 से

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विवि में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) आधारित पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू हो रही है। कल (मंगलवार) से मार्च के दूसरे सप्ताह तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। काउंसलिंग की तिथियां विषय विशेषज्ञों की उपलब्धता के अनुसार निर्धारित की जाएंगी। एनईटी स्कोरधारी (नेट विद जेआरएफ, नेट विद एलएस, नेट फॉर पीएचडी एडमिशन) मास्टर डिग्री वाले अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पात्र होंगे। यूजीसी के निर्देशानुसार ही परीक्षा होगी।

### बहेड़ी के एक ही गांव के तीन चोर कबाड़ी संग बनभूलपुरा पुलिस के हत्थे चढ़े, खनन वाहनों से चुराई थीं आधा दर्जन बैट्री

# अग्निवीर भर्ती में असफल हुआ तो दोस्तों संग बनाई चोरों की गैंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अग्निवीर बनकर सेना की वर्दी पहनने का ख्वाहिश थी, लेकिन असफल रहा। मौका हाथ से निकला तो उसने चोरों की गैंग बना ली। उत्तर प्रदेश से वारदात को अंजाम देने गैंग हल्द्वानी आ गई। एक-एक कर दर्जनभर से ज्यादा डंपरों से बैट्री कार में भरकर ले गए। हालांकि गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने गैंग के तीन गुर्गों को एक कबाड़ी सहित सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

गौला नदी खड़े डंपरों को चोरों ने अपना निशाना बनाया। उत्तर प्रदेश जिले के बहेड़ी बरेली से आए गैंग ने रात की आड़ लेकर एक-एक छह डंपरों की बैट्री खोल ली। उन्हें स्विफ्ट डिजायर कार में लादा और फरार हो गए। अगली सुबह ड्राइवरों ने सेल्फ मारते रहे और जब डंपर स्टार्ट नहीं हुआ तो पता लगा बैट्री गायब चोरी हो चुकी है। एक के बाद लगभग 19 वाहनों से बैट्री चोरी की बात सामने आई हड़कंप मच गया।



चोर गैंग का खुलासा करते सीओ सिटी अमित कुमार सैनी। ● अमृत विचार

बैट्री चोरी की शिकायत लेकर आधा दर्जन लोग बनभूलपुरा कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने लाइन नंबर 13 आजादनगर बनभूलपुरा निवासी जुहैब आलम पुत्र शमशाद हुसैन की तहरीर की पर 12 फरवरी को मुकदमा दर्ज किया और तलाश शुरू की। रविवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में चोर गैंग का खुलासा करते हुए सीओ सिटी अमित कुमार सैनी ने बताया कि मामले की जांच एसआई मनोज यादव के हाथ थी। 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज और अन्य संसाधनों की बदौलत पुलिस को चोरों की लोकेशन मिल गई। 14 फरवरी को पुलिस ने बैट्री चोर तीन चोर विनोद कुमार पुत्र अमर सिंह, रंजीत सिंह पुत्र ख्याली राम और रंजीत सिंह पुत्र राम भरोसे को कबाड़ी जलील अहमद पुत्र अली शेर को गौला बाईपास रोड से धर दबोचा। तीन चोर ग्राम पिण्डारी अशोक, थाना बहेड़ी, जिला बरेली और कबाड़ी अब्बास नगर थाना बहेड़ी, स्थाई पताः ग्राम नगलिया कलां, थाना शेरगढ़, जिला बरेली के रहने वाले हैं। 6 बैट्री के साथ पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त किया है।

कोतवाल बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल ने बताया कि आरोपी विनोद कुमार ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा पास की थी। वर्ष 2023 में वेरीफिकेशन के लिए सेना ने बहेड़ी थाने से विनोद का सत्यापन करने को कहा तो पता लगा कि उस पर चोरी का मुकदमा है। वो भर्ती नहीं हो सका और फिर गांव के अन्य दो दोस्तों के साथ चोरी में जुट गया। तीनों पर चोरी की मुकदमे हैं। पुलिस टीम में एसएसआई गगनदीप सिंह, एसआई मनोज यादव आदि रहे।

### 19 चोरी और 6 मिली, बाकी भी तहरीर दें

**हल्द्वानी :** पुलिस ने चोरों के पास से छह बैट्री बरामद की है, जबकि सामने आया था कि चोरी गई बैट्री की संख्या 19 है। चोरों ने भी पुलिस को बताया कि वे गौला नदी के पास खड़े ट्रकों से कई बार बैट्री चोरी कर चुके हैं। जहां चोरी करते कुछ बैट्री आस-पास छिपाकर भी रखते और मौका देखकर उठा ले जाते। चोरी की बैट्री वे कबाड़ी जलील अहमद को बेचते थे। कई बैट्री तो कबाड़ी जलील अहमद आगे बेच भी चुका है। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी का कहना है कि जिनकी भी बैट्री चोरी हुई है, वे तहरीर दें, पुलिस कार्रवाई करेगी। इसके अलावा कबाड़ी जलील का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

### अपराधी बदले, उम्र वही 20-25 साल

**हल्द्वानी :** लिव-पार्टनर्स शुभम और लक्ष्मी को मौत के घात उतार डालने वाले गौरव नेगी उर्फ अक्कू ठाकुर, सौरभ भट्ट उर्फ भटिया, दीपू शर्मा उर्फ ध्रुव और दीपेश लटवाल उर्फ राज सलाखों के पीछे हैं। क्रमवार इनकी उम्र 25, 20, 20 और 25 वर्ष है। अब बनभूलपुरा पुलिस ने चोर पकड़े हैं। दोनों अपराध बेशक अलग है, लेकिन जो चोर पकड़े गए उनमें विनोद कुमार 25, रंजीत सिंह 24 व रंजीत सिंह 26 साल का है।

### चोरी के लिए खरीदी कार

**हल्द्वानी :** पकड़ा गया विनोद लोगों को बताता था कि वो सेना की तैयारी कर रहा। रंजीत चोरगलिया स्थित नंधौर नदी से उप खनिज का डंपर से ढुलान करता है। इसी से डंपर की बैट्री चोरी का आइडिया मिला था। जबकि रंजीत किराए की वैन चलाता था। चोरी के लिए विनोद ने एक लाख रुपए में स्विफ्ट खरीदी लेकिन अपने नाम ट्रांसफर नहीं कराई।

# कालाढूंगी में मामूली विवाद पर दो पक्षों में हुई फायरिंग, दो लोग घायल

### पुलिस फरार चल रहे तीन हमलावरों की धर-पकड़ के लिए जगह-जगह दे रही दबिश

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में बदमाशों में अब पुलिस का खौफ नहीं रहा है। हल्द्वानी और देहरादून के बाद कालाढूंगी-बैलपड़ाव क्षेत्र में दो पक्षों के विवाद के दौरान फायरिंग हुई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल विवाद किस बात को लेकर हुआ, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस फरार चल रहे तीन आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दबिश दे रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात कालाढूंगी-रामनगर हाईवे, बैलपोखरा बैलपड़ाव के पास दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पर गोली चला दी। इस दौरान गोली लगने से लवप्रीत सिंह निवासी बच्चीनगर, बैलपड़ाव और बबलू कुमार निवासी छोई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद साथी उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

परिजन लवप्रीत को हल्द्वानी के निजी अस्पताल और बबलू कुमार को राममूर्ति बरेली ले गए हैं। घटना की सूचना पर 112 में तैनात बैलपड़ाव चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह नेगी घटनास्थल पहुंचे, लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला। पुलिस ने खाली खोखे और जिंदा कारतूस बरामद किए।

रविवार को सीओ सुमित पांडे, कोतवाल अरुण सैनी और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टि में मामला गाली-गलौज से उत्पन्न विवाद का प्रतीत होता है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमों को यूपी में भी तैनात किया गया है।


फायरिंग का सांकेतिक एआई फोटो। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी में बढ़ता क्राइम

कालाढूंगी और कोटाबाग की शांत वादियों में इससे पहले भी कई फायरिंग के मामले सामने आ चुके हैं। बीते दिसंबर में ग्राम पतलिया पर खड़ी कार पर बदमाशों ने फायरिंग की थी। जमीनी विवादों में कई बार फायरिंग की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोगों में सुरक्षा की चिंता बढ़ी है। लोगों ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### फायरिंग की बढ़ती घटनाओं से दहशत

कोटाबाग क्षेत्र में लगातार हो रही फायरिंग की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बीती रात हुई फायरिंग के बाद ग्रामीणों में दहशत है और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से आए लोग होटल व रिसॉर्ट संचालित कर रहे हैं, जिनसे जुड़े कई विवाद सामने आ रहे हैं। बीते महीनों में कोटाबाग, पतलिया, नयागांव और बैलपोखरा-बैलपड़ाव में हुई फायरिंग की घटनाओं से क्षेत्र में भय है। भाकियू जिलाध्यक्ष भगवान सिंह रौतेला ने पुलिस गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## रामनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**रामनगर :** नगर के व्यस्त मार्ग रानीखेत रोड पर एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन तेज रफ्तार में था और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल भेजा। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और वाहन चालक की पहचान के प्रयास जारी हैं। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। उन्होंने रानीखेत रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग पर रोक लगाने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मृतका की पहचान होने के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# दिल्ली के एम्स में जाकर सीखेंगे ट्रॉमा मैनेजमेंट

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, नर्सेज व अन्य स्टाफ बेसिक लाइफ सपोर्ट और ट्रॉमा मैनेजमेंट एम्स दिल्ली में जाकर सीखेंगे। इसके लिए प्रस्ताव बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। यह सुझाव एसटीएच के एमएस डॉ. अरुण जोशी ने एम्स दिल्ली से आई टीम को दिया था। प्रस्ताव पर मौखिक तौर पर मुहर लगी है।

अभी हाल ही में एम्स दिल्ली की टीम ने मेडिकल कॉलेज में आकर तीन दिवस ट्रेनर्स और ट्रेनर कार्यक्रम के तहत यहां के डॉक्टरों को बेसिक लाइफ सपोर्ट और ट्रॉमा मैनेजमेंट के बारे में सीखाया था। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने इमरजेंसी मेडिसिन विभाग, जेपीएनएटीसी, एम्स नई दिल्ली की टीम को सुझाव दिया कि यदि यहां के डॉक्टर, नर्सेज व अन्य स्टाफ एम्स दिल्ली में जाकर यह प्रशिक्षण लें तो यह काफी प्रभावी साबित होगा। इमरजेंसी मेडिसिन विभाग, जेपीएनएटीसी, एम्स नई दिल्ली की टीम ने इस सुझाव पर मौखिक मुहर लगा दी है। साथ ही प्रस्ताव बनाकर दिल्ली भेजने के लिए कहा है। अब मेडिकल कॉलेज की ओर से प्रस्ताव बनाकर दिल्ली भेजने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत जो टीम दिल्ली में प्रशिक्षण लेकर आएगी वह हल्द्वानी में आकर अन्य लोगों को यह प्रशिक्षण देगी।

### ट्रॉमा के मिलेंगे टिप्स

सीपीआर देना, विशेष परिस्थितियों में आपात प्रबंधन एवं ट्रॉमा के प्रभावी उपचार, काटने व डंक मारने की घटनाएं, जलने की स्थिति, डूबने की स्थिति, करंट लगना, हाइपोथर्मिया, हीट स्ट्रोक, ट्रॉमा में एबीसी एप्रोच, वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सुरक्षित निकालने की तकनीक, सी-स्पाइन नियंत्रण, रक्तस्राव नियंत्रण आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### मरीजों को ये मिलेंगे लाभ

- गंभीर मरीजों की मृत्यु दर कम होगी।
- रेफर करने की स्थिति कम बनेगी।
- गंभीर मरीजों को एसटीएच में ही मिलेगा समुचित उपचार।
- स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोत्तरी होगी।



"गंभीर मरीजों को आपात चिकित्सा देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। इसके लिए समय-समय पर डॉक्टर व अन्य स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। एम्स दिल्ली की टीम से यहां के डॉक्टरों को वहीं पर प्रशिक्षण देने के लिए निवेदन किया गया है। अभी तक सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।
**-डॉ. अरुण जोशी**, एमएस, एसटीएच

# छोटा कैलाश मार्ग पर 73 चालान

संवाददाता, हल्द्वानी,

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छोटा कैलाश मार्ग पर प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एआरटीओ (प्रवर्तन) जितेंद्र सिंगवान ने किया।

अभियान में कुल 4 प्रवर्तन दल तैनात किए गए थे, जिन्होंने विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 73 चालान, 4 वाहन सीज और ड्रिंक एंड ड्राइव में 2 चालान किए गए। शिवरात्रि के दौरान हजारों की संख्या में बाइक क्षेत्र में पहुंची थी। प्रवर्तन अभियान के दौरान भार वाहनों में यात्रियों को नहीं आने दिया गया। एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र सिंगवान ने बताया कि पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से अमृतपुर गेट से ही वाहनों को वापस भेजा गया और श्रद्धालुओं के लिए 20 से 25 टैक्सी/ मैक्सी वाहन शटल सेवा में लगाए गए। अभियान के अंतर्गत भार वाहनों में अवैध रूप से यात्रियों को ढोना, यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग, ऑटोरिक्शा में क्षमता से अधिक सवारी बैठाना और नशे की हालत में वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई। अभियान में टीटीओ नंदन आर्य, पवन कुमार, अनुभा आर्य, परिवहन उपरीक्षक रामचंद्र पंवार, गिरीश कांडपाल, नंदन सिंह शामिल रहे। आरटीओ अरविंद पांडे ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए भीमताल और काठगोदाम टैक्सी यूनियन के माध्यम से शटल सेवा चलाई गई।


प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान परिवहन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# चरणबद्ध तरीके से होगा आरटीओ दफ्तर का निर्माण

संवाददाता, हल्द्वानी

- लंबे समय से लटका हुआ है नए भवन का प्रस्ताव
- टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही शुरू होगा निर्माण कार्य

**अमृत विचार :** आरटीओ कार्यालय के नए भवन का निर्माण शीघ्र शुरू होने जा रहा है। वर्तमान भवन को ध्वस्त कर उसी स्थान पर चरणबद्ध तरीके से नया भवन बनाया जाएगा।

पहले फेज में परिसर के एक हिस्से में भवन निर्माण किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद कार्यालय को नए हिस्से में शिफ्ट किया जाएगा, ताकि विभागीय कामकाज प्रभावित न हो। आरटीओ डॉ. गुरदेव सिंह ने बताया कि योजना के लिए बजट पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही भवन निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। पूर्व में योजना थी कि भवन निर्माण तक कार्यालय किराए के भवन में संचालित होगा, लेकिन अब निर्णय लिया गया है कि नया आरटीओ कार्यालय वर्तमान परिसर में ही बनाया जाएगा। इससे कर्मचारियों तथा लोगों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पहले गौलापार में ड्राइविंग स्कूल के साथ आरटीओ कार्यालय बनाने की योजना थी, जो बाद में भूमि विवाद के कारण अटक गई।

# किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लड़की की गुमशुदगी के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर उसे बिजनौर से सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में आरोपी युवक सुहैल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गरमपानी निवासी किशोरी के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया।

कोतवाल प्रकाश सिंह मेहरा ने बताया कि एफआईआर के बाद पुलिस की दो टीमें तुरंत रवाना की गईं और आरोपी को दिल्ली-बिजनौर बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कोतवाली पहुंचे भाजपा पदाधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई पर पुलिस टीम को सम्मानित किया। महिला मोर्चा की निवर्तमान महामंत्री भावना मेहरा ने बाहरी राज्यों से आए संदिग्ध लोगों की जांच की मांग की। वहीं विधायक सरिता आर्या ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उचित कदम उठाने को कहा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट भाजपा नेता प्रकाश आर्या, शिवांशु जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कंचन साह, उपाध्यक्ष शुभम कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष आदित्य वोरा, आशुतोष चंदोला, सलड़ी व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह, वैभव आनंद, अशोक कुमार, मनोज कनवाल रहे।


कोतवाली में पुलिस टीम को सम्मानित करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# टुकटुक की टक्कर से हुई थी मौत, चालक पर केस

- शुक्रवार शाम पशु चिकित्सालय के सामने हुई थी घटना
- महिला चालक चला रहा थी उक्त टुकटुक, पत्नी ने लिखाया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार टुकटुक चालक ने शुक्रवार शाम सड़क पार कर रहे महिला दरोगा के पति को टक्कर मार दी थी। हादसे में दरोगा के पति की मौत हो गई। मामले में महिला दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने टुकटुक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

चंद्रावती कालोनी पीलीकोठी निवासी मीना पांडे हल्द्वानी में एलआईयू में दरोगा के पद पर तैनात हैं। मीना के मुताबिक, 13 फरवरी की शाम उनके पति नरेश चंद्र तिवारी (59 वर्ष) कालाढूंगी रोड स्थित पशु चिकित्सालय के सामने सड़क पार कर रहे थे। तभी मुखानी की ओर से बेहद तेजी से आए टुकटुक ने नरेश को अपनी चपेट में ले लिया। आनन-फानन उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मामले में एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला चालक नजर आ रही है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि टुकटुक संख्या यूके 04 ई आर 4194 के चालक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### लापरवाही

### काठगोदाम ब्यूरा, चांदनी चौक गरवाल के जंगल से सटे क्षेत्रों में बना रहता है गुलदार का भय

# शहर से गांव तक अंधेरा : खराब स्ट्रीट व सोलर लाइटें बनीं मुसीबत

- दमुवाढूंगा सहित शहर के कई अन्य क्षेत्रों की लाइटें खराब

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में लगातार स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायतें मिल रही हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर सोलर लाइटें या तो लगाई ही नहीं गई हैं या लंबे समय से खराब पड़ी हैं।

वार्ड 34 काठगोदाम के ब्यूरा क्षेत्र में कई स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। जंगल से सटे इलाके में गुलदार का खतरा हमेशा बना रहता है। पूर्व में कई बार गुलदार आबादी क्षेत्र में घुस चुका है, जिससे लोगों में दहशत है। क्षेत्र की सड़कें भी लंबे समय से बदहाली झेल रही हैं। इसी तरह रामपुर रोड पंचायत घर क्षेत्र से लगे चांदनी चौक गरवाल गांव में भी लाइटों की व्यवस्था नहीं होने से गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों को अंधेरे में आवाजाही करनी पड़ रही है। गांव में पूर्व में भी आबादी क्षेत्र में गुलदार घुस चुका है। सोलर लाइट नहीं लगी होने से स्थानीय लोगों में भय बना हुआ है।

साथ ही राजपुरा, दमुवाढूंगा सहित कई अन्य क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें खराब होने से जनता की परेशानी बढ़ चुकी है। शहर में निगम के विभिन्न वार्डों में आए दिन स्ट्रीट लाइटें खराब होती हैं। बीते 11 दिनों के आंकड़ों के अनुसार शहर में प्रतिदिन औसतन 30 स्ट्रीट लाइट खराब हो रही हैं। नए वार्डों में लाइटों के खराब होने की अधिक शिकायतें आ रही हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर व शिकायत पोर्टल की जानकारी के अभाव में कई लोग शिकायत भी नहीं कर पाते हैं। इस तरह शहर में स्ट्रीट लाइटें खराब होने का सिलसिला जारी है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि खराब स्ट्रीट लाइटों की शिकायत और समाधान के लिए टोल फ्री नंबर, शिकायत पोर्टल और हेल्प डेस्क बनाई गई है। साथ ही शिकायत के आधार पर खराब स्ट्रीट लाइटों को टीम भेजकर ठीक किया जाता है।


रामपुर रोड स्थित हरिपुर जमनसिंह में रात के वक्त सड़क का नजारा। ● अमृत विचार

### वार्डों में नाइट पेट्रोलिंग के लिए बनाई गई हैं टीमें

नगर निगम की ओर से शहर के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइटों की निगरानी के लिए नाइट पेट्रोलिंग टीम बनाई गई है। कुल 8 टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक टीम में दो लोग शामिल हैं। टीम को हर वार्ड में जाकर खराब स्ट्रीट लाइटों की शिकायत व जानकारी जुटानी होती है। कई वार्डों में पेट्रोलिंग नहीं होने से खराब स्ट्रीट लाइटें समय पर सही नहीं हो पा रही हैं। स्ट्रीट लाइटों की शिकायतें नए वार्डों में अधिक मिल रही हैं।

### 3 से 13 फरवरी तक खराब स्ट्रीट लाइट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 फरवरी | 62 | 7 फरवरी | 29 | 11 फरवरी | 30 |
| 4 फरवरी | 42 | 8 फरवरी | 26 | 12 फरवरी | 25 |
| 5 फरवरी | 27 | 9 फरवरी | 26 | 13 फरवरी | 32 |
| 6 फरवरी | 48 | 10 फरवरी | 18 | कुल | 365 |

## सिटी ब्रीफ

### रविवार को वीकेंड पर गुलजार रहा नैनीताल

**नैनीताल :** रविवार को वीकेंड के अवसर पर सरोवर नगरी नैनीताल पर्यटकों की आमद से गुलजार रही। बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे और यहां के सुहावने मौसम तथा प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। दिनभर शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर रौनक बनी रही। पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का भरपूर लुत्फ उठाया। झील में चलती रंग-बिरंगी नौकाएं और मालरोड पर पर्यटकों की चहल-पहल से शहर में पर्यटन सीजन जैसा माहौल देखने को मिला। इसके अलावा, पर्यटक हिमालय दर्शन, केव गार्डन, उच्च हिमालयी चिड़ियाघर समेत आसपास के अन्य दर्शनीय स्थलों का भी दीदार करने पहुंचे।

### विश्वविद्यालय में बायोमेट्रिक व्यवस्था पर फिर टकराव

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा व्यवस्था को सख्ती से लागू किए जाने के बाद प्राध्यापकों ने विरोध शुरू कर दिया है। कुमाऊं विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने इसे विश्वविद्यालय की स्वायत्तता के खिलाफ बताया है। उनका आरोप है कि यह व्यवस्था अकादमिक स्वतंत्रता को सीमित करती है और अनावश्यक दबाव बनाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं, कुलसचिव डॉ. एम.एस. मंद्रवाल ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था शासन के आदेश पर अनिवार्य रूप से लागू की जा रही है।

# ग्राम पंचायतों के साथ ही बिंदुखत्ता के विकास पर सरकार गंभीर: महाराज

## बिंदुखत्ता संघर्ष समिति ने पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि उनकी सरकार ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने और स्थानीय प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गंभीर कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में सरकार लगातार विचार कर रही है कि ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव सीधे जनता द्वारा कराए जाएं, ताकि भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ सके।

इस अवसर पर बिंदुखत्ता राजस्व गांव संघर्ष समिति के सदस्यों ने बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर बिंदुखत्ता क्षेत्र को राजस्व गांव का दर्जा दिलाने की मांग की। सतपाल महाराज ने स्पष्ट किया कि राजस्व गांव का दर्जा प्राप्त करना कोई आसान प्रक्रिया नहीं है, लेकिन सरकार इस दिशा में सक्रिय प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बिंदुखत्ता को शीघ्र ही राजस्व गांव का दर्जा देने के लिए निर्वनीकरण (डी-फॉरेस्टेशन) की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है। मंत्री ने यह जानकारी श्री हंस योग प्रेम आश्रम में आयोजित सद्भावना सम्मेलन के दौरान प्रवचन शुरू करने से पूर्व दी। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने भी घोषणा की कि वे बिंदुखत्ता को डी-फॉरेस्टेशन के माध्यम से राजस्व गांव का दर्जा दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। कांग्रेस और अन्य सामाजिक संगठनों ने भी इस अवसर पर मंत्री को ज्ञापन सौंपकर बिंदुखत्ता राजस्व गांव की अधिसूचना जल्द जारी करने की मांग दोहराई। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय विकास, सिंचाई सुविधा और बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया। पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सरकार केवल अधिसूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राम पंचायतों और बिंदुखत्ता क्षेत्र में समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं और संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि स्थानीय लोगों की भागीदारी से ही विकास योजनाओं में सफलता संभव है, और उनका प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ निर्णय ले रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की सरकारी पहल को स्थानीय लोग सकारात्मक रूप से देख रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा मिलने के साथ-साथ यहां के विकास कार्यों में भी तेजी आएगी।



लालकुआं में पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज से वार्ता करते बिंदुखत्ता संघर्ष समिति के लोग। ● अमृत विचार

# विराट सद्भावना सम्मेलन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- श्री हंस प्रेम योग आश्रम, संजय नगर द्वितीय बिंदुखत्ता में आयोजन
- अमृता माता ने शिव और शक्ति का महत्व समझाया

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** सनातन धर्म का मूल तत्व मानव धर्म है, जिसमें सर्व मंगल की भावना समाहित है। यही मानव धर्म आज की नितांत आवश्यकता है, जिसे सद्भावना सम्मेलन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है ताकि विश्व बंधुत्व और शांति का अमर संदेश, जो हमारे देश के महान ऋषि-मुनियों ने दिया, पुनः पल्लवित और पोषित किया जा सके।

यह उद्गार श्री हंस प्रेम योग आश्रम, संजय नगर द्वितीय बिंदुखत्ता में आयोजित विराट सद्भावना सम्मेलन को संबोधित करते हुए सदगुरुदेव सतपाल जी महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देशों में उल्लासपूर्वक मनाया जाता है। यह पर्व सामाजिक समरसता और सौहार्द का संदेश देता है। सदगुरुदेव ने कहा कि आज अध्यात्म और भौतिक विकास दोनों का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने विंटर डेस्टिनेशन पर्यटन की पहल का जिक्र करते हुए बताया कि इससे पहाड़ों की ओर सैलानियों का आगमन बढ़ा है। उन्होंने भगवान शिव के हलाहल विष पीने की कथा के माध्यम से आध्यात्मिक अनुशासन और सेवा भाव का संदेश दिया। उन्होंने तीन प्रकार के भक्तों का उदाहरण भी दिया, एक जो सुनकर व्यर्थ व्यतीत कर देते हैं, दूसरा जो दूसरों को बताते हैं, और तीसरा जो ज्ञान को अपने अंतर्मन में धारण कर जीवन में उतार लेते हैं।

इस दौरान अमृता माताजी ने शिव और शक्ति के महत्व को समझाते हुए सभी से सनमार्गी बनने का आह्वान किया। महात्मा सत्यबोधानंद जी और हरि संतोषानंद जी ने सद्भावना सम्मेलन की आवश्यकता और महिमा पर विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इसके पूर्व ब्रह्म बेला से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आश्रम स्थित बिंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और रुद्राभिषेक सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से शिव और शक्ति की आराधना की। कार्यक्रम में महात्मा सुबोधानंद महाराज, विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, मंच संचालक संतोष दुबे, सेवादल के ओमप्रकाश और देव सिंह राणा सहित बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।



बिंदुखत्ता में आयोजित विराट सद्भावना सम्मेलन में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# उड़ान भरते परिंदे बने आकर्षण

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** मध्य एशिया से लंबी यात्रा कर भारत आने वाले रूडी शेल्डक, जिन्हें स्थानीय लोग सुर्खाब कहते हैं, इन दिनों कोसी नदी और कोसी बैराज क्षेत्र में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। खासकर शाम के समय, जब सूर्य अस्त होता है, कोसी बैराज और कोसी कैफे के आसपास का नज़ारा मनमोहक हो जाता है।

दिन ढलते ही सैकड़ों के झुंड में ये मेहमान परिंदे अपने सुरक्षित स्थानों की ओर उड़ान भरते हैं। उनके पंखों की फड़फड़ाहट और सामूहिक आवाज़ पूरे वातावरण को जीवंत कर देती है। बता दें कि सुर्खाब दिन में कोसी नदी में खेलते और मंडराते देखे जा सकते हैं, लेकिन शाम होते ही ये अपने ऊंचे पेड़ों या भवनों की छतों पर रात्रि विश्राम के लिए लौट जाते हैं।



दिन ढलते ही अपने आशियाने को लौटता मेहमान परिंदों का झुंड। ● अमृत विचार

कौतूहल का विषय बने इन परिंदों की तस्वीरें कैमरे में कैद करना अब आम बात हो गई है। स्थानीय लोग बताते हैं कि सुर्खाब की संध्या उड़ान न केवल प्रकृति प्रेमियों को सुकून देती है, बल्कि यह क्षेत्र के लिए एक प्राकृतिक पर्यटन आकर्षण भी बनती जा रही है। सूर्यास्त की सुनहरी रोशनी में जब ये रंगीन मेहमान आसमान में सामूहिक रूप से उड़ते हैं, तो नजारा ऐसा बनता है कि हर पर्यटक और पक्षी प्रेमी उसे बस देखते ही रह जाए।

# ओखलकांडा की समस्याओं को लेकर जनआंदोलन आज

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** विकासखंड ओखलकांडा की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने आज पीएमजीएसवाई कार्यालय काठगोदाम में जनआंदोलन का ऐलान किया है। क्षेत्र के निवासी प्रकाश मटियाली और पूरन रूबाली ने बताया कि स्युड़ा, कौंता, पटरानी, ककोड़, चगुनिया, पिंथली, हरीशताल, ल्वाड़, डोबा और गौनियारो गांवों के वे लोग जो वर्तमान में हल्द्वानी में निवास कर रहे हैं, उनसे भी आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

उन्होंने बताया कि सोमवार, 16 फरवरी को सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) कार्यालय, काठगोदाम में एकत्र होकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई जाएगी। आरोप है कि 18 दिसंबर 2025 को पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता के दौरे के बाद भी ठोस कार्य नहीं हुआ। पिछले एक महीने से केवल एक जेसीबी मशीन द्वारा सड़क की सफाई की जा रही है, जिसे ग्रामीण महज खानापूर्ति बता रहे हैं। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में सुरक्षा दीवारों का निर्माण, स्कवर (क्रॉस ड्रेनेज) और नालियों का निर्माण, लोहाखामताल कुंड फील्ड की सफाई, कुंड में जा रहे मलबे की रोकथाम के लिए स्थायी व्यवस्था, सड़क का पुनः डामरीकरण तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय शामिल हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# तटबंध के जीर्णोद्धार में आई तेजी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कोसी बैराज में इन दिनों निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बता दें कि 2022 में आई भीषण बाढ़ के दौरान कोसी बैराज के पास सिंचाई चौकी के नीचे बने तटबंध बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। तेज बहाव के कारण तटबंध के कई ब्लॉक नदी में बह गए थे और कुछ हिस्से पूरी तरह टूट गए थे, जिससे सिंचाई विभाग की संपत्तियों पर खतरा मंडराने लगा।

अब इस क्षतिग्रस्त तटबंध के जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा तटबंध को मजबूत करने के लिए नए सिरे से पत्थर के ब्लॉक लगाए जा रहे हैं और संरचना को तकनीकी मानकों के अनुसार सुदृढ़ किया जा रहा है। कार्य स्थल पर मशीनों और श्रमिकों की मदद से तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है, ताकि समय रहते इसे पूरा किया जा सके। सहायक अभियंता राजीव खनुलिया ने बताया कि विभाग की प्राथमिकता है कि आगामी बरसात से पहले तटबंध का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में कोसी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है, जिससे तेज बहाव तटबंध और आसपास स्थित सिंचाई भवन व बैराज के लिए खतरा पैदा कर सकता है। ऐसे में समय से पहले मरम्मत कार्य पूरा करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भविष्य में बाढ़ जैसी स्थिति आने पर तटबंध मजबूती से टिक सके और किसी प्रकार का नुकसान न हो। विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। लोगों ने उम्मीद जताई कि बरसात से पहले कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।



कोसी बैराज पर किया जा रहा तटबंध के जीर्णोद्धार का कार्य। ● अमृत विचार

# कांग्रेस नेता ने जेजेएम योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

- सरकार से की भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग
- पुरानी पेयजल लाइनों और स्रोतों के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने मीडिया में बयान जारी कर जेजेएम योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लगातार ज्ञापन, धरने और घेराव के बावजूद योजना में हुए भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि करोड़ों की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं।



मनोज शर्मा।

मनोज शर्मा ने आगे कहा कि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बार प्रचंड गर्मी पड़ने की संभावना है, जिससे पेयजल संकट गहराने की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचारियों ने पुरानी पेयजल लाइनों और स्रोतों के साथ छेड़छाड़ की है। इसके साथ ही, नई जल जीवन मिशन योजनाओं में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, जिसे किसी से छुपाया नहीं जा सकता।

उन्होंने सरकार से मांग की कि पेयजल योजनाओं में लिप्त भ्रष्टाचारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को समय पर शुद्ध और पर्याप्त पेयजल मिल सके।

# नैनीताल में हिमपात व बारिश की संभावना नहीं

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में आने वाले दिनों में बर्फबारी और वर्षा की उम्मीद लगभग नहीं है। फरवरी अंत तक तापमान बढ़ने लगेगा। अधिकांश समय धूप रहेगी, लेकिन बीच-बीच में धुंध छाने की संभावना बनी रहेगी। मंगलवार से राज्य में हिमालय की ऊंची चोटियों में हल्की वर्षा और हिमपात की संभावना है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश में वर्षा और हिमपात के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं हैं। इस कारण आने वाले दिनों में भी मौसम शुष्क रहने की संभावना है। राष्ट्रीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल में मौसम आमतौर पर साफ रहेगा। धूप के कारण दिन का तापमान बढ़ने लगेगा।



फरवरी अंत तक दिन का तापमान धीरे-धीरे 20 से 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। रात का तापमान भी बढ़कर लगभग 11 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वायुमंडलीय परिस्थितियां अनुकूल न होने के कारण दिन में धूप के बीच धुंध छाने की संभावना बनी रहेगी। इधर, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), देहरादून के निदेशक डॉ. सी.एस. तोमर के अनुसार, मंगलवार और बुधवार को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में मौसम में बदलाव आ सकता है। तीन हजार फीट से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में छिटपुट हल्की वर्षा और बर्फबारी हो सकती है।

### नैनीताल में धूप और बादलों के बीच छाई रही धुंध

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में रविवार को मौसम का असर मिला-जुला देखने को मिला। सुबह तेज धूप थी, लेकिन दोपहर में बादलों के साथ धुंध ने वातावरण को ढक लिया। दिन का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नगर में सुबह की चटक धूप से मौसम में गर्माहट महसूस हो रही थी, लेकिन अपराह्न 12 बजे बादलों ने डेरा डालना शुरू किया और धुंध ने वातावरण में अपनी पकड़ बना ली। हवाएं भी सर्द हो गईं, जिससे ठंड का एहसास बढ़ गया। सांय चार बजे धुंध छंट गई और मौसम साफ हो गया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 19 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहा। धुंध छाने के कारण वातावरण में नमी बढ़ गई, जो अधिकतम 80 और न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।

# डेढ़ माह बाद भी निगम में ही खड़े हैं 15 नये कूड़ा वाहन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था मजबूत करने के लिए करीब 15 नए वाहन मिल चुके हैं, लेकिन डेढ़ माह से अधिक समय बीतने के बाद भी इनका संचालन शुरू नहीं हो सका है। टेंडर प्रक्रिया में देरी और पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति न होने से नए वार्डों में कूड़ा रोजाना नहीं उठ रहा है।

निगम की योजना पिछले वित्तीय वर्ष से ही नए क्षेत्रों में वाहन उपलब्ध कराने की थी, लेकिन पहले वाहन मिलने में देरी हुई। अब वाहन मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। जिस कारण कूड़ा वाहन निगम परिसर में खड़े-खड़े धूल फांक रहे हैं। कूड़ा वाहनों के संचालन के लिए पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति आवश्यक है। इधर, वार्डों में पुराने वाहन लगातार खराब होने से भी कूड़ा उठान प्रभावित होता है। समस्या के समाधान के लिए शासन से 55 नए वाहनों की मंजूरी मिली थी, जिसमें पहले चरण के तहत 25 नए वाहन मिलने थे। इनमें से 15 नए वाहन निगम को मिल चुके हैं, जिससे उम्मीद जगी है कि शीघ्र ही घर-घर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था सुधरेगी। वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने गाड़ियों के संचालन के लिए रूट मैपिंग तैयार की है। उन्होंने बताया कि बड़े वार्डों में दो गाड़ियां चलाई जाएंगी। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर वाहनों का संचालन शुरू किया जाएगा।

**आयोजन** | विदाई समारोह में 11वीं के छात्र-छात्राओं ने पेश किए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

# लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के बच्चों को दी गई विदाई

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल, भीमताल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ विदाई दी गई। विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के विद्यार्थियों का स्वागत टीका और चंदन लगाकर किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके बाद 11वीं के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात मॉडर्न डांस और समूह गीत के माध्यम से माहौल और भी रंगीन बना। बारहवीं के विद्यार्थियों ने भी एक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि हर्षित कुमार ने सितार के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही हर्षित की स्वयं लिखी हुई गजल अलविदा साथियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों अक्षय भाकुनी, दिव्या सिंह भैसोड़ा, श्रुतिकीर्ति वर्मा, पल्लवी सिंह चौहान और श्रेया अधिकारी ने कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम और उपहार के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षकों और प्रधानाचार्य के प्रति भी कृतज्ञता जताई। शिक्षक वर्ग की ओर से वरिष्ठ शिक्षिका एवं समन्वयक कंजन जोशी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एसएस नेगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जीवन में सीख लेने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने हर्षित कुमार को उनके उत्कृष्ट सितार प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में हर्षित बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों आयुष जोशी, मान्या मुटनेजा, गुंजन कोहली, रश्मि कांडपाल, अवन्तिका हरबोला, कार्तिक सिंह रावत, अनुज बजेठा, अर्पिता राणा, हंसिका भंडारी और हर्षिता पन्त द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।



लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार। ● अमृत विचार

# डामरीकरण को 4.07 करोड़ स्वीकृत

- विधायक कैड़ा ने रामगढ़ और धारी के गांवों का किया दौरा
- निगराड़-सूड़ मार्ग में डामरीकरण को लेकर दी जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि रामगढ़ ब्लॉक के प्यूड़ा निगराड़ से सूड़ तक मोटर मार्ग का निर्माण राज्य योजना के अंतर्गत हुआ था, लेकिन डामरीकरण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में किसानों को कृषि उत्पाद हल्द्वानी लाने में काफी दिक्कतें होती थीं। ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा से मोटर मार्ग पर सुधारीकरण और डामरीकरण की मांग की थी। विधायक कैड़ा ने उक्त मोटर मार्ग पर डामरीकरण और सुधारीकरण के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (फेज-4) के अंतर्गत प्रस्ताव भेजा था। प्यूड़ा निगराड़ से सूड़ तक मोटर मार्ग पर सुधार और डामरीकरण के लिए 4.07 करोड़ रुपये स्वीकृत हो गए हैं, जिसकी निविदा प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही मोटर मार्ग पर सुधारीकरण और डामरीकरण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके बाद विधायक कैड़ा ने रामगढ़ और धारी ब्लॉक के गांवों का दौरा किया, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।



क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनसभा का संबोधित करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### अरुणोदय संस्था ने किया शिवार्चन

**हल्द्वानी :** अरुणोदय संस्था व अरुणोदय न्यास की ओर से अरुणोदय आनंदी देवी रावत धर्मशाला में रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सामूहिक शिवार्चन एवं पूजन किया गया। आचार्य रमेश चन्द्र पांडे ने बड़े ही मनोयोग एवं संगीतमय प्रस्तुति के साथ शिव पूजन सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान लतेश मोहन एवं उनकी धर्मपत्नी वंदना के साथ राजकुमार केसरवानी एवं रेनू केसरवानी, कैलाश तिवारी एवं सुषमा तिवारी, मनोज पांडे एवं दिव्या पांडे बतौर यजमान शिवार्चन में शामिल हुए। इस दौरान जीवन चन्द्र जोशी, बिपिन चन्द्र पांडे, जीडी सती, एमबी जोशी, देवेन्द्र खाती, डॉ. दीपा कांडपाल, डॉ. लता कांडपाल, पूरन सिंह जीना, रोहित केसरवानी, नीलम कांडपाल, कमला जोशी आदि रहे।


महाशिवरात्रि के अवसर पर बेलबाबा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार


महाशिवरात्रि पर पर प्रसिद्ध छोटा कैलाश मंदिर के दर्शनों को जाते श्रद्धालुओं की भीड़।

# महाशिवरात्रि पर बम-बम भोले के उद्घोष से गूंजे शिवालय

## सिद्धेश्वर में महाआरती तो पिपलेश्वर में भक्तों ने लगाई परिक्रमा, बेलबाबा, कालीचौड़, चारधाम मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** देवों के देव महादेव और माता पार्वती के पावन विवाह के उत्सव 'महाशिवरात्रि' पर आज शहर पूरी तरह शिवमय नजर आया। सुबह चार बजे से ही शहर के छोटे-बड़े सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। हाथ में गंगाजल, दूध, बेलपत्र और धतूरा लिए भक्त अपने आराध्य के अभिषेक के लिए कतारों में डटे रहे। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच शाम तक लाखों भक्तों ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि का पर्व हल्द्वानी में अटूट श्रद्धा के साथ मनाया गया। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसी उल्लास में श्रद्धालुओं ने दिन भर व्रत रखकर शिव आराधना की। मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक का दौर चलता रहा, वहीं घरों और मंदिरों में भजन-कीर्तन व रात्रि जागरण के विशेष आयोजन किए गए। काठगोदाम स्थित पौराणिक कालीचौड़ मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। यहां महिलाओं और युवाओं की भारी भागीदारी देखी गई। वहीं बरेली रोड स्थित प्रसिद्ध बेल बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था दिखी।

शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पित करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें सड़क तक पहुंच गईं। मंदिर परिसर भगवान के भजनों से सराबोर रहा। इधर शहर के सबसे प्राचीन मंदिरों में शुमार सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे। यहां की महाआरती और विशेष रुद्राभिषेक मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। मंदिर समिति की ओर से आयोजित विशाल भंडारे में देर रात तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर, शीतला देवी मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों का तांता रहा।


शिवरात्रि पर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

वहीं मुखानी स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही पीपल वृक्ष के समीप स्थित इस शिवालय में भक्तों ने जलाभिषेक के साथ परिक्रमा की। वहीं चारधाम मंदिर में ढेरों सुबह से की भक्तों का तांता लगता रहा। इधर गौलापार से लेकर आरटीओ रोड और कालाढूंगी रोड के सभी प्रमुख मंदिरों में दिन भर दर्शनों का सिलसिला जारी रहा। कई स्थानों पर 'शिव बारात' निकाली गई और जगह-जगह ठंडाई व फलहार के स्टॉल लगाए गए। पूरा शहर 'हर-हर महादेव' और 'ओम नमः शिवाय' के जयकारों से गुंजायमान रहा।


मुखानी चौराहे के पास प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार।

### महाशिवरात्रि पर नैनीताल में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नैनीताल :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सरोवर नगरी नैनीताल में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मां नैना देवी मंदिर, हनुमानगढ़ मंदिर, गंगनाथ मंदिर और पाषाण देवी मंदिर समेत शहर के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। ब्रह्ममुहूर्त से शुरू हुए जलाभिषेक और रुद्राभिषेक में भक्तों ने दूध, दही, शहद, बेलपत्र और गंगाजल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन हुआ। मां नैना देवी मंदिर में स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों ने भी दर्शन किए, जबकि हनुमानगढ़ मंदिर में विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गंगनाथ और पाषाण देवी मंदिरों में भी दिनभर भीड़ रही। भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों और प्रशासन ने सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। पुलिसकर्मी तैनात रहे और श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित ढंग से दर्शन कराए गए। शाम की विशेष आरती के साथ महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# छोटा कैलाश मंदिर में उमड़े हजारों श्रद्धालु


छोटा कैलाश में पूजा अर्चना करते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** कुमाऊं के प्रसिद्ध मेलों में शुमार छोटा कैलाश (आदि कैलाश) में शिवरात्रि पर आयोजित शिवरात्रि मेले में इस बार डेढ़ लाख से लेकर 2 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने से पूरी छोटा कैलाश पहाड़ी भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठी। श्रद्धालुओं के मुताबिक शनिवार की रात से ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया था। रात्रि में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए और भजन-कीर्तन कर भगवान शिव की आराधना की।

इस मौके पर बरेली, पीलीभीत, हल्द्वानी, लखनऊ और आसपास की ग्राम सभा जंगलिया गांव समेत अन्य गांव के लोगों के द्वारा लगाए गए भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु, विद्यार्थी आदि लोगों ने भी पहुंचकर मेले में उपस्थिति दर्ज कराई। दोपहर बाद कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत भी भाटेलिया पहुंचे और उसके बाद 3 किमी पैदल यात्रा तय कर छोटा कैलाश में भगवान शिव के दर्शनकर प्रार्थना की। दोपहर बाद कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत भाटेलिया पहुंचे और वहां से लगभग तीन किलोमीटर पैदल यात्रा कर छोटा कैलाश मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। इधर शाम तक लगभग 2 लाख श्रद्धालुओं के मंदिर में पहुंचने की जानकारी है। इस दौरान मंदिर समिति आदि कैलाश विकास समिति के पदाधिकारी समेत पुलिस, स्वास्थ्य व जिला पंचायत के कर्मी व जनप्रतिनिधि मेले की व्यवस्था में जुटे रहे।

### श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

**कालाढूंगी :** महाशिवरात्रि पर्व कालाढूंगी, कोटाबाग, चकलुवा और बैलपड़ाव क्षेत्र में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। रविवार सुबह से ही श्रद्धालु शिवालयों और मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना में जुट गए। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भक्तों ने विधि से शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, भांग, धतूरा और फल अर्पित किए। महाशिवरात्रि से पूर्व ही मंदिरों को फूल-मालाओं और विद्युत सजावट से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर परिवार और देश की समृद्धि की कामना की। शाम को विशेष पकवान बनाकर भगवान शिव को भोग लगाया गया। क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिरों, मोटेश्वर महादेव, सिद्ध स्थल जटा रौला, घन्याली देवी और हनुमान मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।


कालाढूंगी के रोकड़िया बाबा मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करतीं महिलाएं।

### महाशिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन किया

**भीमताल :** महाशिवरात्रि पर ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के निवासियों के प्रयास से भंडारे का आयोजन घुघुसा नामक स्थल पर आयोजित हुआ। भंडारा स्थल पर गांव की महिला शक्ति द्वारा रंगोली पिछोड़े ओढ़ कर भजन कीर्तन किए जिसमें महिला शक्ति द्वारा भारी संख्या में भागीदारी की। इस अवसर पर अमूल दूध, फलाहर तथा लालकुआं दुग्ध संघ द्वारा छांछ का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने सभी भक्तों तथा ग्राम वासियों का सहयोग के लिए आभार जताया।


नैनीताल में महाशिवरात्रि पर नयना देवी मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब। ● अमृत विचार


रामनगर के गुलरसिद्ध मंदिर में पहुंचे हजारों शिवभक्तों की भीड़।

### गूलरसिद्ध महादेव मंदिर में हर-हर महादेव की गूंज

**रामनगर :** महाशिवरात्रि पर नगर के सभी शिवालयों में सुबह सूर्योदय से पहले ही ऊं नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे। घंटों और शंखों की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शहर से करीब दो किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित प्राचीन गूलरसिद्ध महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. निशांत पपनै ने बताया कि तड़के से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ सुमित पांडे, कोतवाल सुशील कुमार, यातायात निरीक्षक वेद प्रकाश भट्ट और एसएसआई दीपक बिष्ट व्यवस्था संभालते नजर आए। वहीं ढिकुली स्थित पांडवकालीन गरल कंठेश्वर महादेव मंदिर सहित नगर के बालाजी, गरिवेश्वर, सिद्धेश्वर, नागा बाबा, लट्ठा महादेव और भवानीगंज के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने दूध, बेलपत्र और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।


मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ और तैनात पुलिस कर्मी।

### मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, जलाभिषेक किया

**धानाचूली :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुक्तेश्वर क्षेत्र शिवमय हो उठा। मुक्तेश्वर महादेव मंदिर सहित धानाचूली, परबड़ा, सुनकिया, सोमवारी और पदमपुरी के शिवालयों में दिनभर "बम-बम भोले" के जयकारे गूंजते रहे। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगाजल लेकर जलाभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। सैकड़ों भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। प्रवेश और निकास मार्ग अलग-अलग रखे गए, जिससे भीड़ नियंत्रित रही। मुक्तेश्वर पुलिस ने यातायात और पार्किंग की समुचित व्यवस्था की। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और भंडारों के बीच शाम तक पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

# शिवरात्रि पर बैठकी होली का आगाज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जहां शिवालयों में जलाभिषेक की धूम रही, वहीं शहर में होली गायन का भी शुभारंभ हुआ। धौलीनाग खन्तोली जन सेवा समिति ने आरटीओ रोड स्थित दिव्य रत्न कॉलोनी (भंडारी फार्म) में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ होली गायन शुरू किया गया।

समिति के सदस्यों ने ललित पंत और नवीन पंत के निवास स्थान पर एकत्रित होकर बैठकी होली का गायन किया। समिति के संस्थापक सचिव किशोर कुमार पंत एडवोकेट ने बताया कि बागेश्वर जिले के ग्राम खन्तोली के लगभग 150 परिवार हल्द्वानी में निवास करते हैं। अपनी पुरानी प्रथाओं और संस्कृति को जीवित रखने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से समिति विगत कई वर्षों से महाशिवरात्रि के दिन से ही होली का शुभारंभ करती आ रही है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष घनश्याम पंत, सचिव राजेश पंत, विनोद पंत, नीरज पंत, गोकुलानन्द पंत, ललित पंत, शिवप्रसाद पंत सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और बच्चे मौजूद रहे। दिव्य रत्न कॉलोनी के निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर इस सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लिया।

होली गायन के पहले दिन रागों पर आधारित होलियां गाई गईं। इन होलियों में खास तौर पर ब्रज की परंपरा और कुमाऊंनी संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। समिति के सदस्यों ने बताया कि होली गायन का यह क्रम होलिका दहन तक जारी रहेगा।


आरटीओ रोड स्थित दिव्य रत्न कॉलोनी में बैठकी होली के दौरान होल्यार। ● अमृत विचार

**आस्था का सैलाब** शनिवार शाम से ही छोटा कैलाश पहुंचने लगे थे भक्त, शीतला माता और रानीबाग पहुंचने वाले भक्तों से नैनीताल रोड पर लगा जाम

# भक्तों के सैलाब के आगे धरे रह गए प्रशासन के इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि से पहले ही अनुमान था कि शिवालयों व अन्य मंदिरों में भक्तों का तांता लग जाएगा और हुआ भी ऐसा ही। पुलिस ने इस अंदेशे को लेकर इंतजाम भी किए थे, लेकिन जब भक्तों का सैलाब सड़क पर उमड़ा तो सारे इंतजाम लड़खड़ा गए। रानीबाग में सुबह से ही जाम लग गया था। जबकि छोटा कैलाश में इंतजाम शनिवार शाम से ही लड़खड़ाने लगे थे।

रविवार को शीतला माता मंदिर और रानीबाग स्थित शनि मंदिर में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। शीतला माता मंदिर की ओर पार्किंग व्यवस्था ठीक न होने से लोगों ने अपने वाहन सड़क पर ही पार्क कर दिए। इससे पहले यातायात सुस्त हुआ और फिर जाम लग गया। यहां पूरे दिन पुलिस की मौजूदगी में व्यवस्था बनती-बिगड़ती रही। जबकि छोटा कैलाश मेले के लिए इस बार पुलिस को दो दिन का रूट डायवर्जन प्लान जारी किया था, तमाम पार्किंग भी चिह्नित की थी, लेकिन जब भक्त निकले तो सड़क और पार्किंग कम पड़ गई। भक्त तो शनिवार शाम से ही मंदिर पहुंचने लगे थे। रविवार पौ फटने से पहले हल्द्वानी-भीमताल रोड से छोटा कैलाश जाने वाला और भटेलिया-लामजाला मार्ग भक्तों से चोक हो गया। व्यवस्था के लिए पुलिस ने 3 इंस्पेक्टर, 18 एसआई/एएसआई, 61 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल और 25 महिला कांस्टेबल तैनात किए। भीड़ नियंत्रण और आपात स्थितियों से निपटने के लिए 2 प्लाटून पीएसी, एसडीआरएफ की 2 टीमें, फायर ब्रिगेड की 2 टीमें, सीपीयू और क्रेन की भी तैनाती थी। एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्र ने बताया कि भीड़ के चलते सड़कों पर दबाव था, लेकिन पुलिस की तैनाती के चलते जाम नहीं लगा।


महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण नैनीताल रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### इंडक्शन और गैस के चूल्हे पर कढ़ाई में बना सकते हैं खाना, मुम्बई, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान से आ रही डिमांड

# सरस आजीविका मेले में खूब बिक रही चंपावत की इंडक्शन कढ़ाई

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड का चंपावत जनपद अपने पारंपरिक लोहे के बर्तनों के लिए देश-विदेश में जाना जाता है। कारीगर इस लोहे के बर्तन को हथौड़े से पीट-पीटकर तैयार करते हैं। शत-प्रतिशत शुद्ध होने के कारण इनकी मांग भी अधिक है। लोग इंडक्शन कढ़ाई की अधिक मांग कर रहे हैं। इसकी मांग मुम्बई, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान से आ रही है। कारण कढ़ाई में इंडक्शन चूल्हे और सामान्य गैस के चूल्हे में खाना तैयार कर सकते हैं।

उत्तराखंड के चंपावत जनपद के लोग पारंपरिक लोहे के बर्तन


सरस मेले में लगे स्टॉल से लोहे के उत्पाद खरीदते लोग।

बनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। वहीं सरकार ने भी गांवों में महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत स्वयं सहायता समूह बनाये हैं। इससे कई लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। इसके अलावा समूह से जुड़ी महिलाएं अपने उत्पादों को मेले और अन्य माध्यमों से बेचते हैं।

सरस आजीविका मेला में स्टाल लगा रही पंचबलिया स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत बाजरीकोट चंपावत की अध्यक्ष बसंती देवी ने बताया कि उनके समूह में दो कारीगर समेत आठ लोग शामिल हैं। कारीगर हथौड़े से पीट-पीटकर इंडक्शन कढ़ाई, लोहे की कढ़ाई करछी, फ्राई पैन, दराती और तवा तैयार करते हैं। कहीं मेला आदि लगने पर दो महीने तक इन बर्तनों को तैयार करते हैं और फिर बिक्री के लिए ले जाते हैं। इसमें सबसे अधिक मांग इंडक्शन कढ़ाई की आ रही है। हस्तनिर्मित होने के कारण इन बर्तनों को पीढ़ियों तक इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### उत्पाद बनाने के लिए नहीं मिल रहे कारीगर

**रुद्रपुर :** पंचबलिया स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष ने बताया कि यह बर्तन शत-प्रतिशत शुद्ध होते हैं और अत्यधिक मजबूत होने के साथ ही वर्षों तक चलते हैं। मेले में लोहे की इंडक्शन कढ़ाई 350 रुपये किलोग्राम में बेची जा रही है, जबकि अन्य उत्पाद 300 रुपये किलोग्राम के हिसाब से बेचे जा रहे हैं। उन्होंने वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या कारीगरों की आ रही है। कारीगर नहीं मिल रहे हैं जो मिल रहे हैं वह 20 हजार रुपया महीना और खाने व रहने की मांग करते हैं। जबकि पहले कारीगर 10 से 12 हजार रुपया महीने में आसानी से मिल जाते थे।

### ये हैं लोहे की कढ़ाई की विशेषताएं

- कढ़ाई पूरी तरह से हस्तनिर्मित होती है। लोहे की चादर को पारंपरिक तरीकों से हथौड़े से पीट-पीटकर आकार दिया जाता है, जिससे इनकी मजबूती बनी रहती है।
- ये शुद्ध लोहे से बनी होती है न कि सस्ती मिक्स धातुओं से। जंग मुक्त रहती है।
- आधुनिक घरों में इंडक्शन के उपयोग को देखते हुए अब इन्हें इंडक्शन फ्रेंडली बनाया गया है। साथ ही पारंपरिक चूल्हे पर भी इसका उपयोग किया जा सकता है।

# यतिन ने ड्रैगन फ्रूट की खेती की जानकारी दी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सरस मेले में वैज्ञानिक और कृषक संवाद कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों ने जनपद के किसानों के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान जनपद के ड्रैगन फ्रूट की खेती में महारत रखने वाले किसान यतिन सिंगल ने अपने अनुभव किसानों को बताए।

रविवार को गांधी पार्क में आयोजित सरस मेले में उद्यान विभाग के अधिकारियों ने ड्रैगन फ्रूट की फसल से होने वाले लाभ और उसकी वर्तमान में उपयोगिता स्वास्थ्य संबंधी लाभ एवं विपणन के संबंध में विस्तृत रूप से कृषकों को जानकारी दी। पंतनगर कृषि


जानकारी देते प्रगतिशील किसान।

विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. धीरज ने विभिन्न औद्योनिकी फसलों एवं गन्ने की खेती में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से होने वाले लाभ और विभाग की ओर से दी जा रही राज सहायता इत्यादि के संबंध में जानकारी दी।

इस दौरान किसानों ने अपने जिज्ञासाओं के संबंध में कई प्रश्न पूछे गए। जिनकी वैज्ञानिकों ने मौके पर जानकारी दी।

## सिटी ब्रीफ

### खुरपिया फॉर्म में युवक का संदिग्ध अवस्था में लटका मिला शव

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खुरपिया फॉर्म में एक 27 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान अजीत कुमार पुत्र रामसहाय के रूप में हुई है, जो किच्छा न्यायालय में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। घटना के समय अजीत के माता-पिता हरिद्वार कांवड़ लेने गए हुए थे और घर पर केवल वृद्ध दादी मौजूद थीं। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर जब पड़ोसियों की मदद से कमरा खोला गया, तो अजीत का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जन-जन की सरकार कैंप आज

**जसपुर :** जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार शिविर 16 फरवरी को नगर पंचायत महुआडाबरा में लगेगा। कैंप में नगर देहात क्षेत्र की समस्याएं सुनी जायेंगी। लघु सिंचाई के ईई सुशील कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय के बराबर बारात घर में कैंप लगेगा। कैंप में डीएम, सीडीओ समस्या सुनेंगे। बताया कि विभिन्न विभागों के अफसर अपनी स्टॉल समेत रहेंगे।

# दिल्लु-मलकीत मौत प्रकरण: सैंपल रिपोर्ट में सही पाई शराब

### आबकारी विभाग ने जांच को भेजे थे सैंपल, चार शराब ब्रांड को प्रयोगशाला ने दी क्लीन चिट, आबकारी आयुक्त ने शराब की बिक्री की स्वीकृति भी दी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** विदेशी शराब पीने से दिल्लु-मलकीत मौत प्रकरण ने जहां आबकारी विभाग को हिला कर रख दिया था, लेकिन अब देहरादून प्रयोगशाला की रिपोर्ट सामने आने के बाद आबकारी विभाग को बड़ी राहत दी है। कारण जिस विदेशी शराब को जहरीली या फिर नकली शराब बिक्री से जोड़ा जा रहा था। अब उसी चार ब्रांड शराब की सैंपल जांच रिपोर्ट सही पाई गई है। प्रयोगशाला द्वारा क्लीन चिट देने के बाद प्रदेश में शराब की बिक्री की स्वीकृति भी आबकारी आयुक्त ने दे दी है।

5 फरवरी की रात्रि को खटीमा कंजाबाग के रहने वाले 52 वर्षीय दिल्लु राणा और मलकीत राणा अपने दोस्त प्रवेश मौर्या के साथ शराब पार्टी कर रहे थे। इस बीच शराब पीने के बाद दिल्लु व मलकीत की हालत बिगड़ी और उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई, जबकि प्रवेश मौर्या की हालत काफी बिगड़ चुकी थी। चर्चा यह थी कि जिस 8 पीएम ब्लैक विदेशी अधिकृत शराब को खटीमा के रहने वाले दोस्तों ने पी थी। वह शराब खटीमा के सरकारी ठेके से खरीदी गई थी।

### जिले से इकट्ठा हुए थे 292 सैंपल

**रुद्रपुर :** जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र बिष्ट ने बताया कि खटीमा प्रकरण के बाद आबकारी आयुक्त के आदेश पर जिले भर की 73 विदेशी मदिरा दुकानों से 292 सैंपल उठाए गए थे। सभी सैंपल देहरादून स्थित सरकारी प्रयोगशाला में भेजे गए थे। चूंकि मामला बेहद गंभीर था तो आबकारी की टीम ने दिल्लु-मलकीत मौत प्रकरण में संजीदगी के साथ अपनी तफ्तीश की। जिसमें खासतौर पर 8 पीएम ब्लैक पर प्रतिबंध लगाते हुए सैंपल जांच के लिए भेजे थे। जांच रिपोर्ट में मिलावट या फिर नकली होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

जहरीली शराब प्रकरण के मुद्दे ने प्रदेश में हड़कंप मचा दिया। फौरन आबकारी आयुक्त ने प्रदेश के अधीनस्थों को आदेशित किया कि प्रदेश की सभी दुकानों से 8 पीएम ब्लैक सिंपल व ब्लैक बैच शराब के अलावा सोलमेट व्हिस्की, मैकडॉवल्स ब्रांड की सैंपलिंग की जाए। आयुक्त का फरमान जारी होते ही सैंपल एकत्रित किए गए और 8 पीएम ब्लैक की बिक्री पर रोक लगाते हुए सभी सैंपल को देहरादून स्थित प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए। जब जांच रिपोर्ट सामने आई तो आबकारी विभाग ने राहत की सांस ली। प्रयोगशाला ने सभी ब्रांड की शराब को क्लीन चिट देते हुए टिप्पणी की कि शराब में किसी भी प्रकार की कोई मिलावट नहीं है और शराब पूर्णतया मानकों के अनुरूप ही निर्मित है। जिसके सेवन से किसी की मौत नहीं हो सकती है। जांच रिपोर्ट आते ही प्रतिबंधित की गई शराब ब्रांड को एक बार फिर बिक्री करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

### आबकारी आयुक्त बनीं थीं एसआईटी प्रभारी

**रुद्रपुर :** खटीमा के दिल्लु व मलकीत की नकली शराब पीने से मौत होने की चर्चा होते ही जहां आबकारी आयुक्त अनुराधा पाल ने एसआईटी बनाई थी और खुद ही प्रकरण की मॉनिटरिंग कर रही थी। इसके अलावा जांच कमेटी में उप आबकारी आयुक्त राजीव चौहान के अलावा संयुक्त आबकारी आयुक्त रमेश चौहान, टेक्निकल अधिकारी शिवेंद्र चौहान को शामिल किया था। वहीं ऊधमसिंह नगर के आबकारी अधिकारी महेंद्र बिष्ट मौत प्रकरण की जांच का जिम्मा दिया था। यही कारण है कि रविवार को उप आबकारी आयुक्त ने रिपोर्ट के अलावा विभागीय जानकारी भी ली।

# अब प्लास्टिक की बोतल की जांच रिपोर्ट खोलेगी राज

संवाददाता, रुद्रपुर/खटीमा

- खटीमा पुलिस की एसआईटी कर रही है जांच
- प्लास्टिक की बोतल जांच को भेजी गई है

**अमृत विचारः** खटीमा के कंजाबाग के रहने वाले दिल्लु-मलकीत मौत प्रकरण में जहां आबकारी विभाग को बड़ी राहत मिली है। वहीं अब दो मौतों के राज से पर्दा उठाने के लिए खटीमा पुलिस की एसआईटी प्लास्टिक बोतल जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रही है। कारण घटना के वक्त घटनास्थल पर पड़ी प्लास्टिक की बोतल से तेज कैमिकलयुक्त गंध आ रही थी। पुलिस का मानना है कि शायद गलतफहमी के कारण केमिकल युक्त बोतल में शराब डालकर पीने से दो मौत हुई है।

बताते चलें कि 5 फरवरी की रात्रि को खटीमा पुलिस को खबर मिली थी कि जहरीली अधिकृत विदेशी शराब पीने से दिल्लु व मलकीत की मौत हुई है, जबकि प्रवेश मौर्य की हालत नाजुक बनी हुई है।

उस वक्त खटीमा पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया तो मौके से दो 8 पीएम ब्लैक के क्वाटर और नजदीक पड़ी प्लास्टिक की बोतल भी बरामद हुई थी। बोतल में कैमिकलयुक्त तेज गंध आ रही थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया और जांच का आदेश दिया था।

अब एसआईटी यह जानने का प्रयास कर रही थी कि कैमिकलयुक्त शराब थी या फिर शराब में पानी समझकर केमिकल मिलाकर पीया था। प्रकरण में यह तो साफ है कि जिस प्रकार शराब में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं पाई गई तो दिल्लु व मलकीत की मौत केमिकल पीने से हुई होगी। जिसकी पुष्टि तभी हो पाएगी जब एसआईटी को कैमिकलयुक्त बोतल की जांच रिपोर्ट सामने आएगी। कारण घटना के वक्त पुलिस ने बोतल को जांच के लिए भेज दिया था।


दिल्लु। (फाइल)


मलकीत। (फाइल)

5 फरवरी को दिल्लु व मलकीत मौत प्रकरण में एसआईटी अपनी जांच कर रही है। घटनास्थल से बरामद विदेशी शराब की खाली बोतल और केमिकल युक्त प्लास्टिक बोतल को जांच के लिए भेजा गया है। चश्मदीदों से हुई पूछताछ में मामला हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन जांच रिपोर्ट आने के बाद वास्तविक पुष्टि होगी। इसके लिए शीघ्र ही जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के प्रयास जारी है।
**-भूपेंद्र सिंह धोनी**, सीओ, खटीमा

### तो क्या पेस्टीसाइड दुकान की थी बोतल

**रुद्रपुर :** जहरीली शराब पीने की चर्चा को लेकर यह भी माना जा रहा है कि जिस सरकारी ठेके से तीनों दोस्तों ने शराब खरीदी थी। उस वक्त उसी ब्रांड का एक क्वाटर पीने के बाद दोस्त ने दूसरे स्थान पर जाकर दूसरा क्वाटर खोला था। चर्चा यह है कि जिस स्थान पर दोस्त शराब पार्टी कर रहे थे। उसके नजदीक पेस्टिसाइड दवाओं की दुकान भी है। आशंका है कि दोस्तों ने सफेदनुमा प्लास्टिक की बोतल में पानी होने की गलतफहमी के कारण केमिकल डालकर शराब पी ली होगी। संबंधित दुकान फर्म स्वामी से एसआईटी पूछताछ कर चुकी है।

### एसआईटी में शामिल हैं कई तेज तर्रार दरोगा

**रुद्रपुर :** 5 फरवरी को घटित घटना के बाद फौरन सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी, निरीक्षक थाना झनकईया देवेंद्र गौरव, दरोगा किशोर पंत, दरोगा होशियार सिंह के अलावा मुख्य आरक्षी संजय कुमार, सिपाही नवीन खोलिया, आरक्षी मोहम्मद इशाक को एसआईटी में शामिल किया गया है। एसआईटी की प्रारंभिक तफ्तीश में यह भी पाया कि मृतक दिल्लु व मलकीत के मुंह से केमिकल की गंध आ रही थी, जबकि प्रवेश द्वारा शराब पीने से इंकार कर दिया था। जिस कारण शायद उसकी जान बच गई।

# महिला के हड़पे लाखों के जेवरात, किया हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

- थाना ट्रांजिट कैंप इलाके का है मामला, अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक महिला किराएदार से अपनापन दिखाते हुए लाखों के जेवरात हड़पने का मामला सामने आया है। महिला ने जब अपने गहने मांगे तो मां-बेटी ने मिलकर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संजय नगर खेड़ा की रहने वाली सरोज सिंह ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती है। उसी मकान में सुनीता, भगीरथ, शोभा, दीपांकर, सपना भी किराएदार है। कई सालों से रहने के कारण आपसी व्यवहार भी ठीक ठाक हो गया। अगस्त 2023 में सुनीता व शोभा ने अपनी रिश्तेदारी में जाने की बात कहते हुए सोने के कुंडल, सोने की अंगूठी, चांदी की पायल मांगी थी। उसने विश्वास पर नवंबर 2023 को गहने दे दिए। कई दिन बीत जाने के बाद भी जब गहने मांगे तो आनाकानी करने लगी। बताया कि 26 जनवरी 2024 की शाम को नामजद अभियुक्त आये और अभद्रता करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। खुली चोट आने के कारण वह लहूलुहान हो गई और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले की तहरीर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि में मनाई त्रिमूर्ति जयंती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इंदिरा कॉलोनी गली नंबर एक में राजयोगा भवन पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शिव जयंती की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि सच्ची जागृति तभी आएगी जब हम अपने विकारों को त्यागकर परमपिता परमात्मा शिव को समर्पित करेंगे।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र रुद्रपुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी सूर्यमुखी दीदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार श्रद्धालु शिवलिंग पर बेलपत्र, बेर, भांग, धतूरा और जल अर्पित करते हैं। उसी प्रकार यदि मनुष्य अपनी बुराइयों जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, द्वेष और नफरत को शिव पिता परमात्मा पर अर्पित कर दे तो मानव जीवन का वास्तविक कल्याण संभव है।


पूर्व विधायक ठुकराल को सम्मानित करतीं विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सूर्यमुखी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि एक दिन का जागरण पर्याप्त नहीं, बल्कि जीवन में निरंतर जागरूकता और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना आवश्यक है। इस अवसर पर निर्मल, आशा सिंह, नीलिमा शर्मा, एकता ग्रोवर, नीरू चावला, बिमला, कमला, विमलेश, मिथिलेश सिंह, कंचन जोशी, उमा, सीमा, रंजू, चंदा, शिखा, अनीता, छाया, हरबंस भाई, योगेंद्र, रूम भाई, राजेश ग्रोवर, संदीप चावला, पवन, संजय आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के धरने को कांग्रेस नेता ने बताया 'नौटंकी'

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव भूपेंद्र पपनेजा "बंटी" ने सिरौली कला को अलग नगर पालिका बनाने के समर्थन में भाजपा के 16 फरवरी के प्रस्तावित धरने को मात्र एक ''नौटंकी'' करार दिया है।


भूपेंद्र पपनेजा बंटी।

पपनेजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पूर्व में जनता की इच्छा के विरुद्ध सिरौली कला के चार वार्डों को किच्छा नगर पालिका में शामिल किया था, लेकिन वहां कांग्रेस की जीत से बौखलाकर अब इसे अलग करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

युवा नेता ने कहा कि भाजपा की हठधर्मिता और चुनावी अवरोधों के कारण पिछले कई वर्षों से नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी खाली है, जिससे क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप पड़ा है। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि विकास ही उद्देश्य है, तो देवरिया, बंडिया और आजाद नगर जैसे क्षेत्रों को भी नगर पालिका का दर्जा क्यों नहीं दिया जा रहा? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एक वर्ग विशेष को भू-स्वामित्व का भय दिखाकर गुमराह कर रही है, जबकि जनता अब उनकी सच्चाई पहचान चुकी है।

आयोजन

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई कुविवि अंतर महाविद्यालय सेपक टाकरा प्रतियोगिता

# रेगु इवेंट में एसबीएस महाविद्यालय रुद्रपुर रहा अव्वल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय सेपक टाकरा पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन यूनिटी लॉ कॉलेज रुद्रपुर की ओर से श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर के शिवालिक हाल में कराया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.नागेंद्र शर्मा और यूनिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंदन राठौर ने किया।

रविवार को प्रतियोगिता के दौरान कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.संतोष कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय के राजकीय


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम, साथ में कुविवि के क्रीड़ा अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी और डीएसबी परिसर नैनीताल की पुरुष वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के रेगु इवेंट में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर प्रथम और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी दूसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता के डबल्स इवेंट में डीएसबी परिसर नैनीताल प्रथम और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में ओवर ऑल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर विजेता और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी उपविजेता रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सावन मेहरोत्रा, प्रगति दुम्का, श्वेता भाकुनी ने निभाई। बाद में कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार और डॉ. नागेंद्र शर्मा ने विजेता-उप विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ.संतोष कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान टीम का चयन कर लिया गया है। टीम आगामी अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने असम विश्वविद्यालय असम जाएगी।

# पांच प्रशिक्षकों ने योगासन जज परीक्षा उत्तीर्ण की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में योगासन भारत की ओर से 6वां राष्ट्रीय योगासन निर्णायक प्रशिक्षण कार्यक्रम (लेवल कोर्स) आयोजित हुआ। यह आयोजन 8 से 12 फरवरी तक आयोजित हुआ। इसमें उत्तराखंड के पांच प्रशिक्षकों ने योगासन जज परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश का मान बढ़ाया।

रविवार को कार्यक्रम से लौटने के बाद योग प्रशिक्षक मंजू राणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने योगासन खेल के वैश्विक मानकों, स्कोरिंग पैटर्न और प्रतियोगिता संचालन से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक, तकनीकी नियमों एवं निर्णायक की


योगासन जज परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

बारीकियों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान देश को 157 नए प्रशिक्षित और प्रमाणित तकनीकी जज प्राप्त हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने लेवल -2 जज, देहरादून की राधा देवी, हरिद्वार की गायत्री, अल्मोड़ा के अमितेश और श्वेता पुनेठा ने लेवल-1 योग जज परीक्षा उत्तीर्ण की। उनकी इस सफलता पर उत्तराखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रणजीत सिंह, योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य, योग ऋषि स्वामी रामदेव, जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती सहित कई लोगों ने बधाई दी।

**ब्रीफ न्यूज**

### झारखंडी शिव मंदिर में पहुंचे 250 कांवड़िए

**बरहैनी :** ग्राम पंचायत बरहैनी स्थित प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। छह दशकों से आयोजित हो रहे इस ऐतिहासिक मेले में जनजाति समाज ने विशेष उत्साह दिखाया, जहां कई परिवारों ने बच्चों के मुंडन संस्कार भी संपन्न कराए। हरिद्वार से पैदल यात्रा कर लौटे करीब 250 कांवड़ियों ने पवित्र गंगाजल से शिवलिंग का विधिवत जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर कमेटी द्वारा बैरिकेडिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष मान सिंह, सचिव हरीश सिंह दानू और मेला प्रबंधक वीरेंद्र बिष्ट आदि व्यवस्थाएं संभालने में जुटे रहे।

### बंटी ठक्कर ने कठिन दौर की यादें कीं साझा

**बाजपुर :** 'ऊं शिव कांवड़ दल' के महंत राजेंद्र कुमार उर्फ बंटी ठक्कर पिछले 40 वर्षों से निरंतर हरिद्वार की पैदल कांवड़ यात्रा कर रहे हैं। मध्यम परिवार से ताल्लुक रखने वाले ठक्कर ने वर्ष 1987 में पहली बार कांवड़ उठाई थी। उन्होंने बताया कि 90 के दशक में यात्रा आज जैसी सुगम नहीं थी तब कांवड़ियों को खाने-पीने और ओढ़ने का सामान कंधे पर लादकर चलना पड़ता था। खो नदी में रास्ता भटकने से लेकर चिड़ियापुर के जंगलों में हाथियों और जहरीले जीवों के बीच जान बचाने तक, उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया। वह अब तक 27 डाक कांवड़ यात्राएं और 4 बार साइकिल से गंगाजल लाने का सफर भी तय कर चुके हैं।

### यातायात पुलिस ने की कांवड़ियों की सेवा

**काशीपुर :** यातायात पुलिस का वर्तमान में 36वां यातायात माह चल रहा है। यातायात माह के दौरान पुलिस की ओर से कांवड़ियों की सेवा भी की गई। पुलिस ने कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। जो न केवल यात्रा को सुगम बना रहे हैं, बल्कि श्रद्धालुओं के दिलों में आस्था का नया विश्वास भी जगा रहे हैं। कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले सभी थानों और चौकियों में कांवड़ की सुविधा के लिए व्यवस्था की थी। एमपी चौराहा, बाजपुर रोड सहित अन्य स्थानों पर कांवड़ियों को फल वितरित भी किए गए।



रुद्रपुर के शिवशक्ति मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



काशीपुर के मोटेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। ● अमृत विचार

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे मंदिर

## श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर की भगवान शिव की पूजा अर्चना, सुबह से मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की कतार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जनपद में महाशिवरात्रि पर मंदिरों में सुबह से भोले बाबा के जयकारे लगने शुरू हो गये थे। भोले बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गयी थी। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। शहरों के अलावा ऐसा ही कुछ नजारा ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में भी देखने को मिला।

रविवार को सुबह से शहर के मुख्य बाजार स्थित श्री लक्ष्मी नारायण पांच मंदिर, आवास विकास स्थित शिवशक्ति मंदिर, अटरिया मंदिर, इंदिरा कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर, सिंह कॉलोनी स्थित श्री कल्याणेश्वर महादेव, प्राचीन शिव मंदिर, रम्पुरा कटोरी देवी मंदिर, मलिक कॉलोनी स्थित पंचमुखी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुबह से महादेव के दर्शन को श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गयी थी।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने भोले बाबा की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया और परिवार की खुशहाली की कामना की। दोपहर बाद मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर बताया कि पांच मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गये थे। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान शिव के जयकारे गूंजते रहे।



पांच मंदिर में जलाभिषेक करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### विधायक अरोरा ने पांच मंदिर में किया जलाभिषेक

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विधायक शिव अरोरा ने पांच मंदिर में जलाभिषेक कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा भगवान महादेव पूरे संसार की आत्मा है जिनकी कृपा से हम सांसारिक जीवन को व्यतीत कर समाज हित में सेवा कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, ओमप्रकाश अरोरा, शिवम जग्गा मौजूद रहे।



जसपुर के रामेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मंदिरों में 'ऊं नमः शिवाय' के मंत्रोच्चार गूंजते रहे

**जसपुर :** क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर भक्तों ने मंदिरों में शिवलिंग का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। आज सुबह से ही मंदिरों में 'ऊं नम : शिवाय' और 'हर हर महादेव' के मंत्रोच्चार गूंजते रहे। नगर के ठाकुर मंदिर स्थित रामेश्वर महादेव के पहले शिवरात्रि पर्व पर भक्तों की लंबी कतारें लग गईं, घंटों तक लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिर कारसेवकों ने श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं बनाईं। वहीं बड़ा शिव मंदिर, धर्मशाला मंदिर, काली माता मंदिर आदि मंदिरों पर भी शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद और घी से अभिषेक किया। इसके बाद धतूरा, बेलपत्र, भांग और फूल अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बाबा भगवत दास, मुकुल, नीरज, सरवन, गुरजीत, सौरभ, नितिन आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

संवाददाता, काशीपुर

● **श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर किया भोलेनाथ का जलाभिषेक**

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर यहां चैती मेला मैदान स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर समेत क्षेत्र के तमाम शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हुए घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर धार्मिक आयोजनों समेत विशाल भंडारे भी चलाए जा रहे है।

हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर वापस गंतव्य की ओर लौटने वाले कांवड़ियों का जत्था हजारों की तादाद में बीते शनिवार की शाम चैती मेला मैदान में जमा हो गया। इस दौरान भगवा वस्त्र में बम-बम भोले हर हर भोले के गगनभेदी उद्घोष से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। रात्रि 12 बजे के बाद मोटेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करने को लेकर कांवड़ियों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान घंटे घड़ियाल की धुन के बीच हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने एक के बाद एक भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करना शुरू किया। इस दौरान चैती परिसर में मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। क्षेत्र के दर्जनों शिवालयों में तड़के से ही घंटे घड़ियाल की गूंज के बीच शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया।



सितारगंज में झाड़खंडेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक को कतार में लगे शिवभक्त।

### झाड़खंडेश्वर शिव मंदिर में तीन दिवसीय मेला शुरू

**सितारगंज :** महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक झाड़खंडेश्वर शिव मंदिर भक्ति के रंग में सराबोर रहा। शनिवार देर रात से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया, जहां सुबह 4 बजे से ही 500 मीटर लंबी कतारें देखी गईं। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आए कांवरियों ने शिवलिंग पर प्रथम जलाभिषेक किया। इस अवसर पर झाड़ी गांव में तीन दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने पारंपरिक भांग के पकौड़े का लुत्फ उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पुलिस और पीएसी बल तैनात किया है। क्षेत्र के अन्य शिवालयों जैसे बाबा तारकेश्वर धाम और सनातन धर्म मंदिर में भी दिनभर जयकारों की गूंज रही।

### शक्तिफार्म में शिवालयों पर सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**शक्तिफार्म :** महाशिवरात्रि पर बाराकोली वन क्षेत्र स्थित झाड़खंडेश्वर महादेव (झाड़ी मंदिर) में तड़के से ही श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुटी। हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों के जत्थों ने सर्वप्रथम जलाभिषेक कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया। सुरेंद्रनगर, देवनगर, बैकुंठपुर और गुरुग्राम के मंदिरों में भी उत्सव का माहौल रहा, जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक नारायण पाल ने भी झाड़ी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। घने जंगल के मध्य स्थित होने के कारण पुलिस सुरक्षा व श्रद्धालुओं की सहायता हेतु मुस्तैद रही।

### श्रद्धालुओं को गंगाजल वितरित किया

**बाजपुर :** 251 लीटर गंगाजल से भरे विशालकाय कलश को रथ में रखकर हरिद्वार से पैदल बाजपुर पहुंचे ऊं शिव कांवड़ दल ने प्राचीन शिव मंदिर हल्द्वानी बस अड्डा में आम श्रद्धालुओं को गंगाजल वितरित किया। उद्देश्य यही था कि जो श्रद्धालु किसी कारणवश हरिद्वार कांवड़ यात्रा पर नहीं जा पाए और उनके मन में गंगाजल से ही शिवलिंग पर जलाभिषेक करने की अभिलाषा रही वह पूरी हो। मंदिर में गंगाजल प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की खासी भीड़ जुट गई और श्रद्धालुओं ने हरिद्वार से उनके लिए पहुंचे गंगाजल प्राप्त कर खुद को धन्य महसूस किया। इस मौके पर महंत बंटी ठक्कर, ध्रुव चानना, संदीप गुप्ता उर्फ विक्की, सन्नी चानन, बिट्टू बत्रा, सिद्धार्थ गर्ग उर्फ सिद्धू, प्रतीक ग्रोवर, नवनीत गोयल, बिट्टू बत्रा, दिनेश सैनी, देवांश गर्ग, अर्पित, अभिषेक गुप्ता, सार्थक गुप्ता, मंजीत प्रजापति, रोहित कुमार, प्रियांशु गुप्ता सहित अनेक शिवभक्त मौजूद रहे।



किच्छा में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### किच्छा में भक्ति भाव के साथ मनाया गया पर्व

**किच्छा :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा भाव एवं आस्था के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शिव भक्तों ने विधि विधान से भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की और घर में सुख समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार की सुबह तड़के से ही नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतार लगना शुरू हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर, काली मंदिर, शनि मंदिर, श्री शिरडी साईं मंदिर, पुरानी गल्ला मंडी स्थित शिव मंदिर, श्री कृष्ण बलदेव मंदिर, माता कृष्णा देवी मंदिर में महिलाओं एवं युवतियों व शिवभक्तों ने भोलेनाथ के शिवलिंग पर दूध, दही, शहद, धतूरा, भांग, फल, बेलपत्र आदि चढ़ाकर श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करते हुए अपनी मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के सभी मंदिरों को सुंदर तरीके से सजाया गया था तथा पूरा दिन भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। सुबह से पूजा अर्चना का शुरू हुआ दौर शाम तक जारी रहा।

# शिव मंदिर रामबाग में श्रद्धालुओं की लंबी कतार

● **मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया, शिवलिंग पर जलाभिषेक किया**

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** प्राचीन शिव मंदिर रामबाग एवं क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में कांवड़ियों और शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया गया। प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने प्रातः चार बजे मंत्रोच्चारण के बीच शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

इस दौरान शिव मंदिर खटोला, हरिपुरा, चरनपुर, चक्कीमोड़, ललपुरी, दलीपनगर, कूल्हा, तिलपुरी, लालपुरी व धीमरी ब्लॉक के मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, धतूरा व फल आदि चढ़ाए। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया था। मौके पर नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, जिपंस प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू, कमेटी संरक्षक राकेश सिंह, प्रबंधक नित्यानंद मंडल, जनजाति आयोग सदस्य बाबू सिंह तोमर, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, आप नेता सुभाष व्यापारी, भाजपा नेता अमित नारंग, कांग्रेस नेत्री ममता हालदार, खटोला पूर्व प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, किशोर मल्लिक, सोमल सिंह, भूप सिंह, शिवपद मल्लिक, सागर सिंह, विभूति सरकार, दुर्गा देवी, अभिनव सिंह, गगन सिंह, विकास राय, अशोक कालड़ा, मुकेश सिंह, किशोर सिंह, विजय ढाली, करम सिंह, प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में जलाभिषेक करने को कतार में खड़े सैकड़ों श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**आस्था**

**मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में आयोजित भव्य वार्षिक मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया, मंदिर को भव्य रूप देने की घोषणा की**

# चकरपुर के वनखंडी महादेव मंदिर में सीएम धामी ने किया जलाभिषेक

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चकरपुर स्थित ऐतिहासिक वनखंडी महादेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में आयोजित भव्य वार्षिक मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया, जो आगामी 28 फरवरी तक चलेगा।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वनखंडी महादेव मंदिर क्षेत्र की अटूट आस्था का केंद्र है। उन्होंने घोषणा की कि सरकार जल्द ही एक विशेष कार्ययोजना तैयार कर इस मंदिर परिसर को और अधिक भव्य और विशिष्ट स्वरूप प्रदान करेगी। इस मेले की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और एसएसपी अजय गणपति आदि उपस्थित रहे। मंदिरों पर रविवार सुबह से भीड़ लगी रही।



चकरपुर के वनखंडी महादेव मंदिर परिसर में मेले का शुभारंभ करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### एलायंस क्लब ने मंदिरों में वितरित किया गंगाजल

**खटीमा :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर एलायंस क्लब के सदस्यों ने क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में पहुंचकर श्रद्धालुओं को निशुल्क गंगाजल वितरण किया गया। प्रोग्राम चेयरमेन राकेश कुमार ने कहा कि महादेव की उपासना करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं और एलायंस क्लब खटीमा ने भोलेनाथ को गंगाजल अर्पित करने की धार्मिक परंपरा को और भी सुगम और सुलभ बनाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, डॉ महेंद्र प्रताप पांडे, कुलदीप राणा, नवनीत अरोरा, राहुल शर्मा, मनोज कन्याल, राकेश रॉक्सी, विश्वजीत पाल, पंकज टम्टा, न्यूविन अग्रवाल, पवन भट्ट और प्रेमप्रकाश जोशी ने की।

### सामूहिक विवाह में 41 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नौगवां ठग्गू स्थित श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने यहां परिणय सूत्र में बंधे 41 नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद गृहस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर के सौंदर्यीकरण और विकास हेतु एक करोड़ रुपये की धनराशि देने की बड़ी घोषणा की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समानता और सादगी का प्रतीक हैं, जो फिजूलखर्ची को रोकने में सहायक होते हैं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा और समानता के लिए समान नागरिक संहिता के महत्व को भी रेखांकित किया।



बाजपुर के प्राचीन शिव मंदिर में नंदी महाराज पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

### घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

**बाजपुर :** क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। लोगों ने शिवालयों में पहुंच कर महामृत्युंजय मंत्र के जाप के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान शिवालयों में ऊं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् उर्वारूकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मा मृतात्... की गूंज रही। शिवभक्तों ने व्रत रखकर घर-परिवार व क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के मंदिरों में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के चार बजे से भोले के भक्तों की लंबी कतारें मंदिरों में लग गईं। कांवड़ियों द्वारा हरिद्वार से लाए गए गंगाजल से श्रद्धपूर्वक शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। साथ ही मत्था टेककर घर-परिवार में सुख-समृद्धि व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। शिवभक्तों ने अपने-अपने धर्म-गुरुओं व धर्माचार्यों के मतानुसार धार्मिक क्रिया-कलापों को किया।

## सिटी ब्रीफ

### हादसे में एक घायल

**काशीपुर :** सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। नारायण नगर की 108 एंबुलेंस ने 45 वर्षीय व्यक्ति को बाजपुर रोड आईटीआई के पास से सड़क हादसे में घायल को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। एंबुलेंस कर्मियों ने बताया कि व्यक्ति शराब के नशे में था। वह सड़क किनारे पड़ा हुआ था।

### प्रेमी संग फरार हुई विवाहिता

**बाजपुर :** नगरीय सीमा से सटे एक गांव में विवाहिता द्वारा छह माह की मासूम बच्ची को साथ लेकर प्रेमी के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति, जो एक फार्म हाउस में चालक है, ने कोतवाली में पत्नी की गुमशुदगी की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार, 14 फरवरी की सुबह महिला अपने पति को खाना देकर मायके जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वहां नहीं पहुंची। खोजबीन करने पर पता चला कि गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी।

### लकड़ी के 17 अवैध गिल्टें बरामद किए

**खटीमा :** 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 गिल्ट बरामद किए हैं। कार्यवाहक कमांडेंट दीपक सिंह जायड़ा के निर्देशन में समवाय मेलाघाट और वन विभाग की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान पेड़ों के अवैध कटान को पकड़ा। गश्ती दल को देख संदिग्ध व्यक्ति मौके से भागने की फिराक में थे, जो लकड़ी के वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। तलाशी के दौरान लगभग 14.258 घन मीटर लकड़ी जब्त की गई, जिसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद वन क्षेत्राधिकारी खटीमा को सौंप दिया गया है। इस अभियान में निरीक्षक सुशील कुमार, उप निरीक्षक पुरुषोत्तम भट्ट समेत अन्य जवान शामिल रहे।

### ठोठूपुरा स्थित बरार फार्म में तीन अजगर पकड़े

**बाजपुर :** ग्राम ठोठूपुरा स्थित बरार फार्म के पास लगातार तीन अजगर सांप निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। शनिवार को दो और रविवार को एक अजगर दिखने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन्य जीव प्रेमी मुख्तार अली तत्काल मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद तीनों अजगरों का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के पश्चात तीनों अजगरों को पास के घने जंगल में छोड़ दिया गया। मुख्तार अली ने ग्रामीणों से अपील की है कि वन्य जीव दिखने पर उन्हें मारें नहीं, बल्कि तुरंत विशेषज्ञ या वन विभाग को सूचित करें। समय रहते हुई इस कार्रवाई से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### 24 फरवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**बाजपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में आगामी 24 फरवरी को बाजपुर में एक भव्य 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। हिंदू जनजागरण समिति के तत्वावधान में होने वाला यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से स्थानीय चीनी मिल मैदान में संपन्न होगा। सम्मेलन की सफलता के लिए आयोजक व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटे हैं। तैयारियों की कमान कुसुम सैनी, दिव्या गोयल, उत्तम सैनी और हर्षित गोयल सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता संभाले हुए हैं।

### युवती ने खाया जहर

**काशीपुर :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मानपुर निवासी नीलम की जहरीले पदार्थ से हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद इमरान एवं पुत्रवधू शाईस्ता बी को मेरे साथ आए दिन मारपीट करने के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे बीवी बच्चों के साथ दोनों का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा।
-मो. यासीन पुत्र हाफिज मोहम्मद ऐवज निवासी- इस्लामनगर खटीमा, ऊधमसिंह नगर

# गुरुवाणी का गायन कर संगत को निहाल किया

## गुरुद्वारा साहिब खालसा छावनी शिवपुरी में हुआ गुरुमत समागम

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सर्वश्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहीदी को समर्पित गुरुमत समागम का आयोजन गुरुद्वारा साहिब खालसा छावनी शिवपुरी में श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ किया गया। समागम में बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर मत्था टेका और गुरु महिमा का गुणगान किया।

रविवार को आयोजित समागम में सुर सिंह अमृतसर (पंजाब) से बाबा अवतार सिंह के सुपुत्र बाबा चरनजीत सिंह की अगुवाई में पहुंचे हजूरी एवं रागी जत्थों ने गुरुवाणी का मधुर गायन कर संगत को निहाल किया। अमृतसर पंजाब से पहुंचे कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने गुरु तेग बहादुर के बलिदान, धर्म रक्षा और मानवता के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने अत्याचार के विरुद्ध खड़े होकर धर्म और आस्था की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन आज भी समाज को सत्य, साहस और सेवा का मार्ग दिखाता है। समागम में गुरुमति संगीत विद्यालय सितारगंज के विद्यार्थियों के रागी व ढाडी जत्थों ने कथा और कीर्तन के माध्यम से गुरु महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। समागम के पश्चात होला महल्ला कार्यक्रम के अंतर्गत पंजाब से आए योद्धाओं ने घुड़दौड़ में हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान पंथ प्रचारकों एवं सेवादारों को सिरोपाओ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर गुरुद्वारा साहिब में गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें संगत ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा शिवपुरी के अध्यक्ष कृपाल सिंह, मुख्य सेवादार रजविंदर सिंह, हेड ग्रंथी ज्ञानी अंग्रेज सिंह, प्रताप सिंह संधू, चरनजीत सिंह, करन सिंह, तेजपाल सिंह, जगजीत सिंह, सेवक सिंह, हरदेव सिंह, तेजेंद्र सिंह, मताब सिंह, नत्था सिंह, बलविंदर सिंह, गुरदयाल सिंह आदि संगत मौजूद रही।



कीर्तन करता गुरुमति संगीत विद्यालय सितारगंज के विद्यार्थियों का रागी जत्था।

### बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज हुआ

**काशीपुर:** बीते माह अलीगंज रोड स्थित प्रकाश काउन्टी के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी सवार मां-बेटी को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मुरादाबाद के मोहल्ला कटरा बंशीधर सैनियो वाली गली निवासी मनोहर सिंह सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जनवरी की शाम करीब 5:30 बजे उनकी पुत्री लता सैनी और नातिन सृष्टि सैनी अपनी स्कूटी से काशीपुर से अलीगंज रोड स्थित अपने घर जा रही थीं। जैसे ही वे प्रकाश काउन्टी पैगा गेट के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लता सैनी के पैर के लिगामेंट टूट गए और सृष्टि की बाएं पैर में फ्रैक्चर के साथ शरीर पर कई घातक चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया गया।

# डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन ने जीत दर्ज की

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के मैदान में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से ईंधन बचत कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में अधिकारियों की टीम ऑफिसर इलेवन और वितरकों की टीम डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन ने अंतिम गेंदों तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की।

मैच से पूर्व मैदान परिसर में मैच का शुभारंभ करते हुए इंडियन ऑयल के वरिष्ठ एरिया प्रबंधक मुकेश सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं वितरकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ईंधन संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है और इंडियन ऑयल खेल, संवाद और सहभागिता के माध्यम से इस संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास कर रहा है।

इसके पश्चात वरिष्ठ एरिया प्रबंधक मुकेश सिंह, वरिष्ठ अधिकारी पी.वी. सिंह एवं विद्यालय प्रबंधक चौधरी संसार सिंह द्वारा फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया गया। टॉस विद्यालय प्रबंधक चौधरी संसार सिंह ने कराया, जिसमें डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन के कप्तान शरद गुप्ता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑफिसर इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में 187 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सुरजीत सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक रन बनाए और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन ने शुरू से ही आक्रामक तेवर दिखाए। टीम के खिलाड़ियों ने संयम और सूझबूझ के साथ खेलते हुए मुकाबले को अंतिम ओवर तक पहुंचाया। अंततः एक गेंद शेष रहते हुए डिस्ट्रीब्यूटर इलेवन ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए दाऊद अली को 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधक चौधरी संसार सिंह द्वारा विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीवतेश सिंह, अमित किशोर, विकास खत्री, अनीस अहमद, फुजैल, वसीम अहमद, विकल्प गुप्ता, प्रबल गुप्ता, हिमांशु जैन समेत अन्य इंडियन ऑयल के अधिकारी एवं वितरक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी प्रदान करते चौधरी संसार सिंह।

- ईंधन बचत कार्यक्रम के तहत ग्राम शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के मैदान में हुआ क्रिकेट मैच


सितारगंज में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का स्वागत करते मुस्लिम समाज के लोग।

### भाजपा सरकार में तरक्की कर रहे मुसलमान

**सितारगंज :** उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती समून ने कहा कि भाजपा सरकार में मुसलमान आज सबसे ज्यादा तरक्की कर रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार हर व्यक्ति को समान मानते हुए निस्वार्थ भाव से योजनाओं का लाभ दे रही है। मुस्लिम समाज इस सरकार में सभी योजनाओं का लाभ ले रहा है और आगे बढ़ रहा है। रविवार को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक कासिम अमजद अली के आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती समून ने इसमें शिकस्त की। वहां उनका फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रांत प्रमुख सैयद दानिश, जिला सह संयोजक जाहिद अजहरी, सभासद चंदन श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, सैयद आरिफ अली, मनीष नेगी, मो. फैजान, अनीश रजा, अरशद अली, शमशुल हसन, रहमत अली, पंकज चौहान, सोनू शर्मा, रेहान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### दुकानों के किराए में की गई वृद्धि

**काशीपुर :** मंडी समिति परिसर में स्थित आढ़तियों की दुकानों के किराए में वृद्धि की गई है। हर पांच साल के भीतर दुकानों के किराए में 20 फीसदी की वृद्धि की जाती है।

समिति में अनाज, फल, सब्जी के आढ़तियों की 60 से 70 दुकानें हैं। प्रत्येक दुकान की हर पांच साल में किराया वृद्धि की जाती है। मंडी समिति के सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि मंडी समिति के अंदर दुकानदारों के किराए में वृद्धि की गई है। यह किराया वृद्धि उन दुकानदारों की गई है, जिनकी दुकान पर पांच साल पहले किराया वृद्धि हुई थी। मंडी समिति पांच साल में किराए में 20 फीसदी की वृद्धि करती है। मंडी में दुकानों का किराया एक हजार रुपये से लेकर 35 सौ रुपये तक है। बताया कि मंडी की आय को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# 'उतिष्ठा' समिट में स्टार्टअप ने दिखाई ताकत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** भारतीय प्रबंध संस्थान में उतिष्ठा नामक एनुअल एंटरप्रेन्योरशिप समिट का मेयर दीपक बाली ने फीता काटकर शुभारंभ किया। समिट में चालीस स्टार्ट अप और कंपनियों ने अपने स्टॉल प्रदर्शित किए। मेयर ने आईआईएम के निदेशक प्रो. नीरज द्विवेदी के साथ हर स्टॉल में जाकर उनके प्रोडक्ट की जानकारी ली। साथ ही उनकी मार्केटिंग के लिए किए जा रहे प्रयासों को सराहा।

रविवार को आईआईएम कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को आईआईएम से फंडिंग हासिल करने वाले तीन स्टार्टअप ने भी अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। इसके बाद कक्षा एक से छह तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, डांस कॉम्पिटिशन, साइंस फेयर का आयोजन किया गया। इसके अलावा ड्राइंग और क्ले मॉडलिंग भी आयोजित हुई। शाम को आए परिणाम में समूह नृत्य जूनियर डिवीजन में कर्म शिक्षा प्राइमरी स्कूल की हिमाता बहुगुणा ने प्रथम, एक ओंकार ग्लोबल एकेडमी केजूनियन डांस ग्रुप ने दूसरा और श्री गुरुनानक स्कूल की अलफा टीम विजयी रही। वहीं सीनियर वर्ग में एक ओंकार ग्लोबल एकेडमी की दी किंग्स टीम प्रथम, साईं पब्लिक स्कूल की फेमाना टीम ने दूसरा और हेरिटेज पब्लिक स्कूल की उत्तराखंड महोत्सव टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस में लिटिल स्कॉलर्स की दिव्यांशी, ऋषिकुल की आरवा चौधरी और रूट्स पब्लिक स्कूल की समृद्धि पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

ड्राइंग कम्पटीशन में टचवुड स्कूल के अयान सैफी प्रथम रहे, जबकि दूसरे स्थान पर जेनेसिस स्कूल की आकांक्षा सिंह और लिटिल स्कॉलर्स की श्रेयांशी, तीसरे स्थान पर जीआईएस के तनिष्क और ब्राइट स्टार्ट एकेडमी संयुक्त विजेता रहे। फैंसी ड्रेस में साईं पब्लिक स्कूल के निकेश जूनियर वर्ग में और साईं पब्लिक स्कूल के ही अर्णव वर्मा ने पहला स्थान हासिल किया। इस मौके पर आईआईएम के निदेशक प्रो. नीरज द्विवेदी, प्रो. कुणाल गांगुली, प्रो. केएम बढ़ानी डीन एकेडमिक, प्रो. सफल बत्रा प्रबंध निदेशक फीड सेंटर सहित स्कूल प्रबंधन और अभिभावक मौजूद रहे।



काशीपुर में युवा उद्यमी को चेक देते अतिथि। ● अमृत विचार

- आईआईएम में किया उतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन

# वार्षिकोत्सव में छात्रों को किया सम्मानित

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रूदपुर में "सृजन" वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभावान एवं पुरातन छात्रों को सम्मानित करते हुए प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई है।

'सृजन' वार्षिकोत्सव कार्यक्रम से पूर्व प्रधानाचार्य अशोक वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर पुरातन छात्रों के साथ- साथ विद्यालय के टॉपर्स एवं सभी प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से मौजूद लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम का संचालन इस्तफाक अंसारी, पूजा विजय चंद, जगदीश ततराड़ी, दिवाकर हालदार ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सिडकुल यूनियन के अध्यक्ष केसी सत्यवली, विशिष्ट अतिथि डाइट प्राचार्य डॉ. अजंता बिष्ट, मनोज कुमार विश्वास, दीपमाला बारोई, रतन गोलदार, सुकुमार वैध, संजय बाछाड़, बाल मुकुंद तिवारी, मनीषा अग्रवाल, पुष्पेंद्र कुमार, रीता रानी, विवेक पंवार, हरिशंकर याज्ञिक, प्रकाश चंद्र जोशी, भुवन चंद्र जोशी, सुशील मंडल, रामसेवक प्रजापति आदि मौजूद रहे।


प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

### हिम ज्योति स्कूल के लिए अर्पिता चयनित

**खटीमा:** विकासखंड के दुर्गम गांव पंथागोठ में रहने वाली अर्पिता ने हिम ज्योति स्कूल में चयनित होकर अपने गांव का नाम रोशन किया। अर्पिता वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय पंथागोठ में पांचवीं में अध्ययनरत है। अर्पिता की बड़ी बहन अंकिता ने भी पिछले वर्ष सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण किया। जो वर्तमान में वह राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में छठी में पढ़ती है। अर्पिता की इस उपलब्धि पर शिक्षक नवीन पोखरिया, हरीश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने बधाई दी है।


अर्पिता।

# ऋषि बोध पर्व हर्षोल्लास से मनाया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** आर्य समाज काशीपुर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीर्थ द्रोण सागर स्थित श्रीमद दयानंद आश्रम में ऋषि बोध पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं।

आर्य समाज के उपसचिव व प्रचार सचिव विकल्प गुड़िया ने बताया कि रविवार को आश्रम की भव्य यज्ञशाला में आयोजित इस विशेष हवन में मुख्य यजमान के रूप में अतुल रस्तोगी, विजय कुमार शर्मा एवं अवध अग्रवाल ने सपरिवार प्रतिभाग किया। यज्ञ का संचालन स्वामी वेदानंद सरस्वती एवं टेक चंद्र ने अपनी ओजस्वी वाणी और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया। इस दौरान भजन, गीत और ज्ञानवर्धक उपदेशों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। आर्य समाज के प्रधान अतुल रस्तोगी एवं महिला आर्य समाज की प्रधान शशि प्रभात सिंघल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा स्वामी दयानंद जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए आर्य समाज के विस्तार और समाज सुधार के कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।


काशीपुर में हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# गाली-गलौज का विरोध करने पर तलवारों से हमला

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतनपुरा में रविवार शाम गाली-गलौज के विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्राम रतनपुरा निवासी सुमन पत्नी अशोक शाम करीब साढ़े चार बजे उपले लेकर घर लौट रही थी। आरोप है कि घर के सामने रहने वाले पड़ोसियों ने नशे की हालत में उससे अभद्रता और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सुमन ने इसका विरोध किया, तो विवाद बढ़ गया। बीच-बचाव के लिए आए उसके परिजन रानी, अशोक, रामवीर और 16 वर्षीय लक्की पर आरोपियों ने तीन-चार साथियों के साथ घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में चारों लहूलुहान होकर गिर पड़े। घायलों को तत्काल उप जिला चिकित्सालय बाजपुर ले जाया गया, जहां रानी और अशोक को रेफर कर दिया है।


घायल अशोक।


घायल रामवीर।

# विकसित की एंटी-बैक्टीरियल प्लास्टिक

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** चिकित्सा और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक वैश्विक स्तर की उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एमजीएच जैदी और डॉ. रीता गोयल ने 11 वर्षों के निरंतर शोध और अथक परिश्रम के बाद एक ऐसी जीवाणुरोधी (एंटी बैक्टीरियल) प्लास्टिक तकनीक विकसित की है, जो भविष्य में चिकित्सा उपकरणों और खाद्य पैकेजिंग की परिभाषा बदल देगी। शनिवार को इस तकनीक के व्यावसायिक उपयोग हेतु विश्वविद्यालय और बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इससे बनी सर्जिकल सिरिंज, मेडिकल उपकरण और फूड पैकेजिंग सामग्री खुद-ब-खुद कीटाणुरहित रहेगी। वर्तमान में अस्पतालों और प्रयोगशालाओं में उपकरणों को बार-बार स्टरलाइज (संक्रमण मुक्त) करने की प्रक्रिया जटिल और खर्चीली होती है, जिससे अब निजात मिल सकेगी। डॉ. जैदी ने बताया कि देश की बढ़ती जनसंख्या और अस्पतालों में बढ़ते माइक्रोबियल संक्रमण के खतरों को देखते हुए यह शोध अत्यंत प्रासंगिक है। प्रयोगशालाओं में अक्सर बैक्टीरिया कल्चर के दौरान फंगस या अन्य अनचाहे पाइथोजंस (रोगाणु) विकसित हो जाते हैं, जिससे शोध के परिणाम प्रभावित होते हैं। यह विशेष प्लास्टिक इन अनचाहे रोगाणुओं को पनपने से रोकेगी, जिससे माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स को सटीक परिणाम प्राप्त करने में आसानी होगी।

"एमओयू के दौरान कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने हर्ष व्यक्त करते हुए जीवाणुरोधी प्लास्टिक करने वाले वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी। बताया कि इस प्लास्टिक के निर्माण में जो भी पदार्थ व नैनो पार्टिकल्स प्रया0073 किए गए हैं, वह मानव हितैषी हैं।
-डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, कुलपति, पंतनगर विवि।



### इन कामों में होगा उपयोग

विकसित एंटी बैक्टीरियल प्लास्टिक वहां पर उपयोग में आएगा, जहां पर बैक्टीरिया और फंगस एक साथ ग्रो हो रहे हैं। वहां पर यह बैक्टीरिया को मार देगा और फंगस को ग्रो होने में मदद करेगा। दूसरा इसका घरेलू उत्पादों में उपयोग किया जा सकता है। जैसे टिफिन बॉक्स, कंटेनर, कोटिंग व फूड पैकेजिंग आदि में। इनमें फूड बैक्टीरिया से बहुत अधिक प्रभावित होता है। क्योंकि बैक्टीरिया फूड को कार्बन सोर्स की तरह प्रयोग करता है। इसके अलावा मोबाइल के कवर, जूते के सोल व माइक्रोबायोलॉजी आदि में भी इसका उपयोग किया जा सकता है।



खटीमा के शाहजी पब्लिक स्कूल के विदाई समारोह में बच्चे और शिक्षक।

# शाहजी स्कूल में आठवीं के छात्रों को विदाई दी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** शाह जी पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 के विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. साजिया सिद्दीकी, परवीन सिद्दीकी, काशिफ सिद्दीकी, आकिब सिद्धीकी एवं सैफ अली सिद्दीकी मौजूद रहे।

विद्यालय प्रबंध निदेशक मोहम्मद फैज अली सिद्दीकी व प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में फैजान को मिस्टर फेयरवेल, रहीमा को मिस फेयरवेल और आलामीन को बेस्ट स्टूडेंट का खिताब दिया गया। अंत में सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किए।

## ब्रीफ न्यूज

### एसपी अजय गणपति को पदोन्नति पर दी बधाई

**बनबसा :** पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के उच्च पद प्रमोशन होने के साथ-साथ जिला चंपावत से जिला ऊधमसिंह नगर स्थानांतरण होने पर गौरव सेनानी कल्याण समिति पूर्व सैनिक संगठन के पूर्व सैनिकों ने उनके प्रमोशन पर खुशी जताते हुए मां पूर्णागिरि से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने कहा कि एसपी अजय गणपति बहुत ही अनुशासित, कुशल नेतृत्व, मृदाभाषी पुलिस अधिकारी है उन्होंने अपने कार्यकाल में जिला चंपावत के पूरे क्षेत्र में नशे के खिलाफ सफल अभियान चलाया। जिससे क्षेत्र में नशे पर अंकुश लगा।

### वनाग्नि की रोकथाम को मॉकड्रिल का आयोजन

**रानीखेत :** मॉडल क्रू स्टेशन, ताड़ीखेत में रानीखेत रेंज के अंतर्गत अल्मोड़ा वन प्रभाग द्वारा आगामी 2026 फायर सीजन को ध्यान में रखते हुए फायर वॉचर एवं वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की विधि का प्रदर्शन किया गया तथा उनका व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। इसके साथ ही अन्य आवश्यक उपकरणों की जानकारी भी दी गई। वन क्षेत्राधिकारी तापश मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिससे आपात स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई का अभ्यास किया जा सके। कार्यक्रम का उद्देश्य फायर सीजन के लिए फायर वॉचरों एवं कार्मिकों की तैयारी को मजबूत करना रहा।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय, उमड़े श्रद्धालु

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भक्तों ने विधि विधान से किया पूजन, जागेश्वर धाम और बेतालेश्वर समेत सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलेभर में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं की भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए मंदिरों में लंबी कतारे लगी रही। इस दौरान सभी शिवालय हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे।

नगर के नंदादेवी, मुरली मनोहर, बद्रेश्वर मंदिर, उल्का देवी, त्रिपुरा सुंदरी, रघुनाथ मंदिर, पांडेखोला, एनटीडी शिव मंदिर, पातालदेवी, रत्नेश्वर, वेतालेश्वर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ रही। लोग पूरे श्रद्धा भाव के साथ व्रत धारण कर शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान का जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। नगर से लगे बेतालेश्वर और विश्वनाथ स्थित शिव मंदिर में काफी भीड़ रही। हवालबाग स्थित देवस्थल शिव मंदिर में लगे मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जागेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने मंदिरों में भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। इस मौके पर कई लोगों ने पार्थिव पूजन और अन्य अनुष्ठान कराये।

**शिवालयों में जलाभिषेक के साथ हुए कीर्तनः** महाशिवरात्रि का पावन पर्व पूरे क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक के साथ व्रत धारी श्रद्धालुओं के कीर्तन- भजनो, बम-बम भोले गूंज के बीच हर्षोल्लास से मनाया गया। क्षेत्र के प्रसिद्ध सोमनाथेश्वर मंदिर में प्रात काल से ही जलाभिषेक व पूजा-पाठ करने पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। तहसील के इंद्रेश्वर, घोडखाडेश्वर, महाकालेश्वर, जोगिड़ा महादेव, रत्नेश्वर, बैराठेश्वर, प्रयागेश्वर, रामपुर त्रिवेणी महादेव मंदिर, महाकालेश्वर सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही व्रत धारी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

**द्वाराहाट के शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़ :** महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों का पूरे दिन तांता लगा रहा। विमाण्डेश्वर धाम, मृत्युंजय, चन्देश्वर, बिनसर, बालेश्वर, केदार आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन गाकर भगवान शिव की अराधना की। विमाण्डेश्वर धाम में शिवरात्रि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। मंदिरों में भक्तों ने कतारबद्ध होकर शिव की मूर्ति पर जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवान भी मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में रविवार को बेतालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार



जागेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार।

### हर हर महादेव से गुंजायमान रही गेवाड़घाटी

**बैरती (अल्मोड़ा) :** महाशिवरात्रि का पर्व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। शिव मंदिर कैलेश्वर, नर्मदेश्वर, चित्रेश्वर, महाकालेश्वर एवं बबलेश्वर आदि में सुबह तड़के से ही भक्त कतारबद्ध होकर पूजा अर्चना करते दिखाई दिए। शिव जलाभिषेक के साथ भक्तों ने शिवालयों में पूजा अर्चना की। बम बम भोले के नारों व भजन कीर्तन से समूची गेवाड़घाटी गुंजायमान रही। लोगों ने महाशिवरात्रि का व्रत रखा।

### जागेश्वर धाम में लगा भक्तों का तांता

**अल्मोड़ा :** महाशिवरात्रि पर्व पर प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में सुबह से ही पूजा-अर्चना को श्रद्धालु उमड़ पड़े। लोगों ने मंदिरों में भगवान शंकर का जलाभिषेक कर शिवार्चन कराये। मंदिर में भगवान शंकर के दर्शन को भक्तों की कतार लगी रही। लंबे इंतजार के बाद भक्तों ने शिव का जलाभिषेक किया। कई लोगों ने मंदिर परिसर में पार्थिव पूजन के साथ ही अनुष्ठान भी कराये।

### शिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा सैलाब

**रानीखेत :** नगर क्षेत्र में शिवरात्रि का त्योहार भक्ति भाव से मनाया गया। नगर के विभिन्न शिवालयों में प्रात : काल से ही भक्तजनों की पूजा-अर्चना के लिए लंबी कतार लगी रही। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। चिलियानौला नगर पालिका क्षेत्र में भी विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए भक्तजनों लंबी कतार लगी रही। मंदिर परिसर क्षेत्र में महोत्सव का शुभारंभ हेड़ाखान मंदिर से छोलियारों की टीम के साथ भक्तजन जयकारा लगाते हुए मेला स्थल पर पहुंचे। जहां कुमाऊनी छोलियारों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन मोहा। वहीं संस्कृत विभाग द्वारा जय नंदा अल्मोड़ा की जय नंदा लोक कला केंद्र सांस्कृतिक टीम ने देवी स्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विभिन्न कुमाऊनी, गढ़वाली लोकनृत व गीत प्रस्तुत कर सभी की वाहवाही लूटी। देर सायं काल तक लोग कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते रहे। वहीं नगर के शिव मंदिर, मां झूला देवी मंदिर, कालिका मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तजनों का तांता लगा रहा।



रानीखेत में शिवरात्रि महोत्सव में छोलिया नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

# शिव-पार्वती की झांकी ने मन मोहा

संवाददाता, टनकपुर / लोहाघाट

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर जनपद चम्पावत में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। टनकपुर, बनबसा और चम्पावत के शिवालय मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने जलाभिषेक व पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया।

लोहाघाट में राम सेवा सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में शिव महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान शिव और माता पार्वती की भव्य झांकी निकाली गई। नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने हथरंगिया चौराहे पर झांकी का शुभारंभ किया। झांकी नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए ऋक्षेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। लोगों ने घरों की छतों और बरामदों से पुष्प वर्षा की। पिथौरागढ़ से पहुंचे छोलिया दल के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।झांकी में शिव के रूप में गौरव जोशी और पार्वती के रूप में काव्या आकर्षण का केंद्र रहीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह मेहता ने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। मंदिर समिति अध्यक्ष प्रहलाद सिंह मेहता के नेतृत्व में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नवीन मुरारी, मुकेश साह, भैरव राय, गोविंद बोहरा, सचिन जोशी, गणेश खर्कवाल, अमित शाह, योगेश जोशीआदि रहे

उधर मां वाराही धाम देवीधुरा में भी महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने शिव मंदिर व मां वाराही मंदिर में पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर बाहर से आए व्यापारियों ने फूल, प्रसाद, पूजा सामग्री और खिलौनों की दुकानें लगाईं। ग्राम प्रधान नवीन राणा व अन्य लोगों ने आयोजन में सहयोग किया।



लोहाघाट में निकाली गई शिव-पार्वती की झांकी। ● अमृत विचार

## पॉलीटेक्निक भवन में निर्माण को 41.948 लाख की स्वीकृति

**टनकपुरः** राजकीय पालीटेक्निक, चम्पावत में निर्माणाधीन रिटेनिंगवाल एवं आंतरिक सड़क निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के लिए शासन द्वारा 41.948 लाख रुपये की अंतिम किस्त अवमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसके साथ ही उक्त निर्माण कार्य के लिए कुल 104.87 लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके अंतर्गत प्रथम किस्त के रूप में 62.922 लाख की धनराशि पूर्व में ही अवमुक्त की जा चुकी थी। उक्त धनराशि के अवमुक्त होने से संस्थान परिसर में रिटेनिंगवाल एवं आंतरिक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किए जा सकेंगे। इससे परिसर की आधारभूत संरचना सुदृढ़ होगीतथा छात्र-छात्राओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

# सतराली की होली बागनाथ मंदिर पहुंची

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** जनपद में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया।

जनपद के बाबा बागनाथ मंदिर, नीलेश्वर मंदिर, बैजनाथ स्थित शिव-पार्वती मंदिर, चक्रव्रक्तेश्वर, प्रकटेश्वर मंदिर, पिनाकेश्वर मंदिर, गोपेश्वर आदि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। भक्तों ने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया व पूजा अर्चना की। बाबा बागनाथ मंदिर में भक्तों द्वारा खीर भंडारा का आयोजन भी किया गया। नीलेश्वर मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व खीर भंडारे का आयोजन हुआ।

**हां जी शंभू तुम बिन क्यों न खेले होरी लला...:** शिवरात्रि के अवसर पर ताकुला के सात गांव सतराली की होली बाबा बागनाथ मंदिर पहुंची तथा यहां उन्होंने बाबा बागनाथ मंदिर में अबीर गुलाल चढ़ाया व खड़ी होली गायन किया।

परंपरा के अनुसार सतराली गांव के तहत आने वाले खाड़ी, झारकोट, लोहना, कांडे, थापला, पनेर गांव, कोतवाल गांव के होल्यार बागेश्वर पहुंचे तथा होली की शक्ल में बाबा बागनाथ मंदिर पहुंचे यहां उन्होंने बाबा बागनाथ में अबीर गुलाल चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित निर्धारित स्थान पर पूजा अर्चना की व होली गायन किया। होली का शुभारंभ शिवजी की होली सिद्धि को दाता, विघ्न विनाशन के साथ किया गया। इसके बाद हां जी शंभू तुम बिन क्यों न खेले होरी लला होली गायन किया। इस अवसर पर होल्यार जुगल कांडपाल, मनोज लोहनी, भाष्कर लोहनी, शंकर तेवारी, शिव शंकर लोहनी, सोनू कर्नाटक आदि उपस्थित रहे।



बागनाथ मंदिर में होली गाते सतराली के होल्यार। ● अमृत विचार

# चलती बस में आग से हड़कंप

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** लोहाघाट से पोंटा साहिब जा रही रोडवेज बस में अचानक धुआं उठने और आग की लपटें निकलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि चालक की सतर्कता और सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार रोडवेज बस (यूके-07-4218) जब टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेलखेत के पास पहुंची, तभी इंजन से धुआं उठने लगा और आग की लपटें दिखाई देने लगीं। इससे बस में सवार यात्री घबरा गए और आनन-फानन में नीचे उतर गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक कैलाश चंद्र जोशी ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ ही देर में आग पर नियंत्रण पा लिया गया। इसके बाद कंडक्टर गिरीश धामी ने यात्रियों को गुरुग्राम जा रही दूसरी बस से टनकपुर की ओर रवाना किया। बताया गया कि लोहाघाट डिपो की बसों में इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई है। करीब दो माह पूर्व देहरादून के पास भी बस में आग लग चुकी थी। वहीं 19 जनवरी को काशीपुर जा रही बस के ब्रेक फेल हो गए थे, जिसमें बड़ा हादसा होते-होते बचा था।



गढ़ीगोठ में कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**बनबसा :** गढ़ीगोठ के धनुष पुल स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि से 22 फरवरी तक एक सप्ताह चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा आयोजन का शुभारंभ हुआ। रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर सुबह पूजा पाठ हवन और कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। प्रसिद्ध कथा वाचक हिमांशु भट्ट श्रीमद भागवत कथा सुनाएंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश उप्रेती ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में धनुष पुल स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### साइबर क्राइम और नशे पर होगी प्रभावी कार्रवाई : एसपी

**बागेश्वर :** जनपद के नवागंतुक पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार मेहरा ने रविवार को बाबा बागनाथ मंदिर में दर्शन के बाद कार्यभार ग्रहण किया। इसके पश्चात उन्होंने पुलिस कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर लिया और पत्रकारों से बातचीत की। एसपी ने कहा कि अवैध नशे का कारोबार और साइबर अपराध वर्तमान समय की गंभीर समस्याएं हैं, जिन पर सख्ती से कार्रवाई उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में उनकी कार्यशैली के सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था में सुधार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। ओवरलोडिंग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नशा तस्करी पर प्रभावी रोक लगाना प्राथमिकता: एसएसपी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिले के नव नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर आर घोडके ने रविवार को पुलिस कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया। 2019 बैच के आईपीएस घोड़के इससे पूर्व बागेश्वर के एसपी पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

रविवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद नव नियुक्त एसएसपी ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाई। कहा कि जिले में शांति व्यवस्था को बरकरार रखा जाएगा। वहीं, नशे की तस्करी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएगे। कहा कि नशे की रोकथाम को लेकर पुलिस जिले में विशेष अभियान चलाएगी। इसके अलावा उन्होंने सांस्कृतिक नगरी की यातायात व्यवस्था को दुरस्थ करने की बात कही।

साथ ही कानून एवं ट्रैफिक व्यवस्था, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता बताते हुए जनता के हित में कार्य कर पुलिस को और अधिक बेहतर बनाने की बात कही।

## ज्ञान-विज्ञान

### अल्मोड़ा मानसखंड केंद्र में राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन का हुआ समापन, विभिन्न वैज्ञानिक मुद्दों पर किया गया मंथन

# विज्ञान केंद्रों में सशक्त नेटवर्किंग व्यवस्था होगी विकसित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में 21 वें राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन का समापन हो गया है। जिसमें देशभर के विज्ञान केंद्रों और संग्रहालयों के लिए स्पष्ट, दूरगामी और भविष्य उन्मुख रोडमैप प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में देश के सभी विज्ञान केंद्रों के बीच ज्ञान के आदान प्रदान के लिए सशक्त नेटवर्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

रविवार को सम्मेलन में वक्ताओं ने विज्ञान केंद्रों को पारंपरिक प्रदर्शनों से आगे बढ़कर ऐसे जीवंत और अनुभवात्मक मंचों के रूप में विकसित करने, शोध परियोजनाओं को समाज से जोड़ने, युवाओं को विज्ञान आधारित स्वरोजगार, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार की ओर प्रेरित करने पर भी जोर दिया। तय किया कि देशभर के विज्ञान केंद्रों के बीच एक सशक्त नेटवर्किंग व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके लिए साझा फोरम का गठन होगा। इससे विज्ञान केंद्रों के बीच ज्ञान, अनुभव, संसाधनों और नवाचारी विचारों का प्रभावी आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। विज्ञान संचार को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए 3-डी फिल्मों की एक राष्ट्रीय लाइब्रेरी तैयार की जाएगी। सभी विज्ञान केंद्रों के साथ साझा किया जाएगा। इससे विज्ञान को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। यहां उप महानिदेशक राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद अनुराग कुमार, पूर्व महानिदेशक राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद जीएस रौतेला, निदेशक राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र दिल्ली विजय शंकर शर्मा, निदेशक राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद राजीव नाथ, छत्तीसगढ़ केंद्र के डीजी प्रशांत काविश्वर समेत विभिन्न विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञ मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मौजूद विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

### घोषणा पत्र किया गया जारी

**अल्मोड़ा :** सम्मेलन की एक और ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में विज्ञान संप्रेषकों के लिए 'अल्मोड़ा घोषणा-पत्र' जारी करने की घोषणा की गई, जिसे विज्ञान संचार के क्षेत्र में एक नई दिशा के रूप में देखा जा रहा है। सम्मेलन के समापन अवसर पर मानसखण्ड विज्ञान केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता के मार्गदर्शन एवं सहयोग तथा उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यू-कॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन की विशेष सराहना की गई।

# फुटबॉल क्लब ने जीता पहला मैच

- अल्मोड़ा में नाइन-ए-साइड फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू
- एफसी की टीम ने भिकियासैंण को 4-1 के अंतर से हराया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में जिला स्तरीय नाइन-ए-साइड फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। रविवार को प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल क्लब और भिकियासैंण के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला गया। जिसमें फुटबॉल क्लब ने शानदार जीत दर्ज की।

धैर्य माइन्स एवं मिनरल की ओर से हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला और भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद फुटबॉल क्लब और भिकियासैंण के मध्य मुकाबला खेला गया।

जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल क्लब ने 4-1 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। इस मौके पर यहां भूपेश बिष्ट भय्यू, फुटबॉल क्लब अध्यक्ष हरीश कनवाल, प्रधान राजेंद्र बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, दीपक वर्मा, मनीष कनवाल, मनोज कनवाल, सौरभ वर्मा, दीपक शाही, गणेश शाही समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर अतिथियों के साथ खिलाड़ी।

# अमृत विचार

**सोमवार, 16 फरवरी 2026**




प्रेम बंधनों में नहीं आता। यह पंखों के साथ आता है।
–सत्यजीत रे, फिल्मकार



## दूरदर्शी परियोजनाएं

साउथ ब्लॉक में होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक में जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, वे बुनियादी ढांचे पर केंद्रित दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति का संकेत हैं। रेल, पुल, शहरी परिवहन, पूर्वोत्तर और औद्योगिक निवेश से जुड़े प्रस्तावों का सम्मिलित आकार, जो लगभग चार लाख करोड़ रुपये का है, यदि इन्हें समयबद्ध तरीके से लागू किया गया, तो इसका असर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों पर विशेष रूप से दिखाई देगा। सबसे प्रमुख निर्णयों में रेल और सेतु परियोजनाओं के लिए लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल है। पिछले एक दशक में रेलवे का पूंजीगत व्यय कई गुना बढ़ा है। 2013-14 में जहां यह लगभग 63 हजार करोड़ रुपये था, वहीं हाल के वर्षों में यह तीन लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच चुका है।

यह बताता है कि सरकार लॉजिस्टिक्स लागत घटाने और माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने को प्राथमिकता दे रही है। उत्तर प्रदेश, जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर का केंद्र है और जहां डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के महत्वपूर्ण खंड गुजरते हैं, इन परियोजनाओं से औद्योगिक निवेश और निर्यात क्षमता में बढ़ोतरी की उम्मीद कर सकता है। 2254 करोड़ रुपये की लागत से नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार ग्रेटर नोएडा और आईटी-औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देगा। इससे रियल एस्टेट, स्टार्टअप इकोसिस्टम और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश पहले ही एक्सप्रेसवे और मेट्रो नेटवर्क विस्तार के माध्यम से बुनियादी ढांचे में निवेश का मॉडल प्रस्तुत कर चुका है; यह कदम उस श्रृंखला को आगे बढ़ाएगा। उत्तराखंड के संदर्भ में, रेल और पुल परियोजनाएं सामरिक तथा पर्यटन दोनों दृष्टियों से अहम हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और रेल संपर्क लंबे समय से विकास की कुंजी माने जाते रहे हैं। चारधाम परियोजना और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन जैसी पहलों के साथ यदि नई स्वीकृतियां जुड़ती हैं, तो राज्य की अर्थव्यवस्था, जो पर्यटन और रक्षा प्रतिष्ठानों पर निर्भर है, उसे स्थायित्व मिलेगा। उत्तर प्रदेश को औद्योगिक केंद्र और उत्तराखंड को सामरिक-पर्यटन हब बनाने की दिशा में यह कदम उपयोगी हो सकता है। विश्व बैंक और आरबीआई के आकलन के अनुसार बुनियादी ढांचा निवेश का गुणक प्रभाव 2 से 2.5 तक हो सकता है, अर्थात एक रुपये के निवेश से दो रुपये से अधिक की आर्थिक गतिविधि उत्पन्न होती है।

ये निर्णय केवल राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे आधारित विकास मॉडल की पुनर्पुष्टि हैं। बशर्ते घोषणाएं धरातल पर उतरें। बेशक, व्यावहारिकता का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। पिछली कैबिनेट बैठकों में घोषित कई परियोजनाएं भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी और वित्तीय पुनर्संतुलन के कारण विलंबित हुई हैं। यदि परियोजनाएं समय पर पूरी होती हैं, तो वे अगले दशक की आर्थिक संरचना को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं; अन्यथा वे भी कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाने का जोखिम उठाएंगी, इसलिए साफ है कि इन ऐतिहासिक घोषणाओं की सफलता, इन्हें लागू कराने वाली एजेंसियों की समय सीमा प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और निगरानी तंत्र की सुदृढ़ता ही तय करेगी।

### प्रसंगवश

## बिखरते परिवारों को संजोने की जरूरत

परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है और परिवार नागरिकता की प्रथम पाठशाला भी है। एक बच्चा जब पैदा होता है, तब वह मां की ही गोद में अपनी आंखें खोलता है और मां ही उसकी प्रथम शिक्षिका होती है। मां उसे जो-जो शिक्षा देती जाती है, बच्चा उसी शिक्षा को आत्मसात करता जाता है, इसीलिए ईएम व्हाइट ने कहा, 'परिवार के गुण नागरिकता के गुणो में वैसे ही बदल जाते हैं, जैसे कली खिलकर फूल बन जाती है।' इसी बात को एक विद्वान ने कहा कि बच्चा परिवार का दर्पण होता है, जिसमें उस परिवार के सभी गुण परिलक्षित होते हैं।

उपर्युक्त से प्रतीत होता है कि परिवार हमारे सबके जीवन में कितना आवश्यक एवं महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कहते हैं कि परिवार से ही समाज बनता है और समाज से देश। यानी जब हम समाज की सबसे छोटी इकाई परिवार की परवरिश अच्छे ढंग से करेंगे, तो निश्चित रूप से हम एक सुशिक्षित एवं संस्कारी समाज की ओर अग्रसारित होकर एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं।



रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक

एक बच्चा पहले परिवार से सीखता है, फिर समाज से सीखता है और फिर वह देश का नागरिक बन जाता है। बहुत पहले हमारे समाज में संयुक्त परिवार का प्रचलन था, लेकिन आधुनिक अबो-हवा एवं बढ़ते हुए पश्चात संस्कृति ने हमारे संयुक्त परिवारों का बंटाधार कर दिया है। संयुक्त परिवार धीरे-धीरे टूट कर एकल परिवारों में परिवर्तित हो रहे हैं, जिससे मानव समाज का जीवन दुष्कर एवं नारकीय होता जा रहा है। हर व्यक्ति के जीवन में सूनापन एवं एकाकीपन है। जीवन के रास्ते पर चलते हुए, यदि उसके जीवन में धक्का लग जाए, तो उसे उठाना तो दूर उसे कोई सांत्वना देने वाला नहीं मिलेगा। आखिरकार हम पढ़-लिखकर सभ्य एवं सुशिक्षित होकर किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं, यह एक विचारणीय यक्ष प्रश्न है, जिस पर आजकल के परिवार एवं समाज को सोचना चाहिए। बदलते आधुनिक परिवेश में पारिवारिक मूल्यों का ह्रास दिन प्रतिदिन होता जा रहा है, जिससे पारिवारिक विघटन तेजी से हो रहा है।

वैसे तो पारिवारिक विघटन के अनेकानेक कारण हैं, लेकिन कुछेक कारणों का विश्लेषण यहां पर किया जा सकता है। इसमें सबसे प्रमुख एवं महत्वपूर्ण कारण है, आर्थिक कारण। पिछले जमाने में हमारा समाज मूल्यों पर चलता था। समाज में नैतिक मूल्यों का बोलबाला रहता था। अर्थ गौण था, लेकिन आधुनिक समाज ने अब यह काम ठीक इसके उलट कर दिया है, जो आर्थिक रूप से मजबूत नहीं है। उसका समाज में कोई वजूद नहीं है। अर्थ के कारण ही आज आदमी घर-परिवार एवं समाज को छोड़कर दूरस्थ स्थानों पर नौकरी करने के लिए चला जाता है।

रोजगार के अभाव में आजकल लड़के और लड़कियों की शादी समय पर नहीं हो पा रही है। शादी महंगी होती जा रही है। एक शादी करने में लोगों की कमर टूट जा रही है और बढ़ती महंगाई उसमें आग में घी का काम कर रही है, इसीलिए आर्थिक मूल्य के आगे नैतिक मूल्यों को कमतर आंका जा रहा है। दूसरा प्रमुख कारण है, संस्कार। आजकल मां-बाप दोनों कामकाजी हैं और दोनों के कामकाजी होने के कारण बच्चों की परवरिश अच्छे ढंग से नहीं हो पा रही है। नौकरीशुदा बहुओं ने तो परिवार का आमूल-चूल परिवर्तन कर दिया है। अब यह नई बहुएं परिवार में समायोजन के स्थान पर अपनी नई सरकार चलाती हैं। पति के सब कुछ जानते हुए, मौन के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता नहीं होता है, इसीलिए पारिवारिक मूल्यों को पहचानें एवं उन्हें पुनर्स्थापित करें, तभी पुराना गौरव लौट पाएगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## बांग्लादेश में नया दौर: हिंदुओं के लिए उम्मीद या खतरा?





विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

बांग्लादेश में हाल ही में हुए आम चुनावों ने सबको चौंका दिया है। 12 फरवरी 2026 को हुए इन चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी बहुमत हासिल कर लिया। तारिक रहमान अब नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और उनकी पार्टी ने 209 से ज्यादा सीटें जीतीं हैं, जो दो-तिहाई बहुमत है। जमायते-ए- इस्लामी जैसी पार्टी दूसरे नंबर पर आई है, लेकिन बीएनपी की जीत से लगता है कि लोग बदलाव चाहते हैं।

2024 के छात्र विद्रोह के बाद शेख हसीना की अवामी लीग को बैन कर दिया गया था और ये पहला चुनाव था, जहां लोग आजादी से वोट डाल सके, लेकिन अब सवाल ये है कि क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी? ये सिर्फ एक देश की नहीं, बल्कि इंसानियत की बात है।

सबसे पहले तो बांग्लादेश के इतिहास को समझना जरूरी है। 1971 में जब बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ, तो वो धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में बना था, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं की हालत लगातार खराब होती गई। उस समय हिंदू आबादी 30 फीसद के करीब थी, लेकिन अब घटकर 8-9 फीसद रह गई है। क्यों? क्योंकि बार-बार हमले, लूटपाट, बलात्कार और जमीन हड़पने की घटनाएं हुईं। पाकिस्तान के समय में तो हिंदुओं को दुश्मन संपत्ति एक्ट के तहत उनकी जमीनें छीन ली गईं, और ये सिलसिला आज तक चल रहा है। अवामी लीग के समय में भी हमले होते थे, लेकिन बीएनपी और जमात के साथ मिलकर सरकार बनने पर ये और बढ़ जाते थे।

याद कीजिए 2001 का चुनाव। बीएनपी ने जीत हासिल की थी और उसके बाद पूरे देश में हिंदुओं पर संगठित हमले हुए। हजारों घर जलाए गए, महिलाओं के साथ जुल्म हुए और कई लोग मारे गए। मानवाधिकार संगठनों ने रिपोर्ट की कि ये हमले बीएनपी के समर्थकों और जमायते-ए-इस्तामी के लोगों ने किए थे, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता था। पुलिस ने कुछ नहीं किया और सरकार ने इनकार कर दिया। इसी तरह 1990 और 1992 में भी हिंदू मंदिरों पर हमले हुए थे।

बीएनपी की सरकार (2001-2006) में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का कोई सिस्टम नहीं था। जमात जैसी पार्टियां, जो इस्लामी कट्टरपंथ को बढ़ावा देती हैं, उनके साथ गठबंधन से हालात और बिगड़े। 1971 की मुक्ति संग्राम में जमात ने पाकिस्तान का साथ दिया था और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार किए थे। तो बीएनपी की जीत से पुरानी यादें ताजा हो रही हैं।

अब बात करें हाल की। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार आई, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों पर हमलों की बाढ़ आ गई। भारत सरकार के मुताबिक, 2900 से ज्यादा घटनाएं हुईं, जिसमें हिंदू घरों को जलाया गया, मंदिर तोड़े गए और लोग मारे गए। कई हिंदू भारत भाग आए। चुनाव से पहले ये हमले और बढ़ गए। राजशाही में एक हिंदू टीचर कहते हैं कि वो राजनीति पर भरोसा करने के आखिरी कगार पर हैं। ह्यूमन राइट्स सपोर्ट सोसायटी की रिपोर्ट कहती है कि 17 महीनों में 56 हमले हुए, जिसमें एक मौत और 27 घायल। ये हमले सिर्फ हिंदुओं पर नहीं, बल्कि बौद्ध, ईसाई और आदिवासी समुदायों पर भी हुए।

कई लोग कहते हैं कि ये हमले धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक हैं, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता है, तो बदला लिया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार कहती है कि ज्यादातर घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि साधारण अपराध हैं, लेकिन मानवाधिकार संगठन और हिंदू नेता कहते हैं कि ये सिस्टेमेटिक है और चुनाव के समय में बढ़ रहा है। बीएनपी ने चुनाव में हिंदू उम्मीदवार दिए हैं और जमात ने भी एक हिंदू को टिकट दिया। तारिक रहमान ने कहा है कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा देगी, लेकिन इतिहास देखकर डर लगता है।

अगर जमात के साथ गठबंधन हुआ, तो इस्लामी कानूनों की मांग बढ़ सकती है, जो अल्पसंख्यकों के लिए मुश्किल होगी। अब सवाल ये है कि क्या हालत सुधरेगी? बीएनपी की जीत से कुछ लोग उम्मीद कर रहे हैं। चुनाव में वोटर टर्नआउट 59 फीसद था और लोग लोकतंत्र चाहते हैं। बीएनपी ने अर्थव्यवस्था सुधारने और लोकतंत्र बहाल करने का वादा किया है, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए ये टेस्ट होगा। अगर सरकार ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो हमले जारी रहेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, खासकर भारत को दबाव बनाना चाहिए। भारत ने पहले ही कहा है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जरूरी है। एक्स पर भी लोग बात कर रहे हैं, जैसे एक यूजर ने कहा है कि बीएनपी की जीत से हिंदुओं की सुरक्षा मजबूत होनी चाहिए, लेकिन निगरानी जरूरी है। ये कोई राजनीतिक खेल नहीं है। ये लाखों लोगों की जिंदगी का सवाल है। बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, ईसाई सबको बराबर हक मिलना चाहिए।

अगर बीएनपी सरकार ने पुरानी गलतियां नहीं दोहराईं और जमात जैसे कट्टरपंथियों को काबू में रखा, तो शायद हालत सुधरे, लेकिन अगर नहीं, तो स्थिति और खराब हो सकती है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि नई सरकार सबको साथ लेकर चले, क्योंकि एक देश तभी तरक्की करता है जब सब सुरक्षित महसूस करें। भारत जैसे पड़ोसी देशों को मदद करनी चाहिए, लेकिन बिना दखल दिए। आखिर में, इंसानियत से ऊपर कुछ नहीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

**बांग्लादेश में बीएनपी की जीत बताती है कि लोग बदलाव चाहते हैं। क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी?**

### आमने सामने



यह तुलना निंदनीय है और कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। सपकाल को छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।
–देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

भाजपा पहले टीपू सुल्तान का सम्मान करती थी, लेकिन अब ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए उनके खिलाफ माहौल बना रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा स्वयं टीपू सुल्तान की कब्र पर गए थे और आगंतुक पुस्तिका में प्रशंसा लिखकर गए थे।
–सचिन सावंत
कांग्रेस नेता, महाराष्ट्र



## आईटी शेयरों में गिरावट व निवेशकों पर प्रभाव



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पिछले कुछ महीनों में भारतीय शेयर बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) सेक्टर में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। एक समय बाजार का नेतृत्व करने वाला यह सेक्टर अब दबाव में दिखाई दे रहा है। वर्ष 2026 की शुरुआत से कई प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि आईटी इंडेक्स भी अपने पिछले उच्च स्तर से काफी नीचे आ चुका है। यह स्थिति निवेशकों के लिए चिंता का विषय है और यह समझना आवश्यक हो गया है कि आखिर आईटी शेयरों में गिरावट क्यों आ रही है और आगे निवेश की रणनीति क्या होनी चाहिए।

सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। भारतीय आईटी कंपनियों की आय का लगभग 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका और यूरोप से आता है। इन देशों में कॉरपोरेट खर्च में कमी, आईटी बजट में कटौती और मंदी की आशंका के कारण नए प्रोजेक्ट्स की गति धीमी हुई है। जब विदेशी कंपनियां लागत कम करने लगती हैं, तो सबसे पहले आईटी सेवाओं के नए अनुबंध प्रभावित होते हैं, जिसका सीधा असर भारतीय कंपनियों की आय पर पड़ता है। दूसरा बड़ा कारण ब्याज दरों का प्रभाव है। पिछले दो वर्षों में अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। इससे कंपनियों की पूंजी लागत बढ़ी और तकनीकी निवेश धीमा पड़ा, हालांकि कुछ केंद्रीय बैंकों ने दरों में नरमी के संकेत दिए हैं, लेकिन अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है, जिससे आईटी सेक्टर पर दबाव जारी है।

तीसरा कारण तकनीकी बदलाव है, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का तेजी से विस्तार। एआई ने आईटी उद्योग के पारंपरिक मॉडल को चुनौती दी है। कई कंपनियां अब कम मानव संसाधन में अधिक कार्य कर पा रही हैं, जिससे पारंपरिक आउटसोर्सिंग सेवाओं की मांग पर असर पड़ने की आशंका बढ़ी है। इससे निवेशकों में यह धारणा बनी है कि भविष्य में आईटी कंपनियों की वृद्धि दर पहले जैसी तेज नहीं रह सकती।

चौथा कारण वैल्यूएशन का संतुलन है। पिछले एक दशक में आईटी कंपनियों को स्थिर आय, उच्च मार्जिन और मजबूत नकदी प्रवाह के कारण प्रीमियम वैल्यूएशन मिलता रहा, लेकिन अब निवेशक उच्च वैल्यूएशन को लेकर सतर्क हो गए हैं और मुनाफावसूली बढ़ी है, जिससे शेयरों में गिरावट आई है।

यदि वैश्विक प्रदर्शन की बात करें तो केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में आईटी और टेक्नोलॉजी शेयरों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। अमेरिका के प्रमुख टेक इंडेक्स में भी पिछले महीनों में अस्थिरता रही है, हालांकि सेमीकंडक्टर और क्लाउड आधारित कंपनियां अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन आईटी सेवाओं और सॉफ्टवेयर आउटसोर्सिंग क्षेत्र में वृद्धि दर धीमी हुई है। यूरोप और एशिया के कई टेक शेयर भी दबाव में रहे हैं। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है, क्योंकि विदेशी निवेशकों की भागीदारी भारतीय आईटी शेयरों में काफी अधिक है।

भारतीय निवेशकों पर इसका प्रभाव कई स्तरों पर दिखाई देता है। सबसे पहले, जिन निवेशकों के पोर्टफोलियो में आईटी सेक्टर का अधिक वजन है, उनके कुल निवेश मूल्य में गिरावट आई है। दूसरा, कई इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में आईटी कंपनियों की हिस्सेदारी अधिक होने के कारण उनके रिटर्न पर भी असर पड़ा है। तीसरा, बाजार में अस्थिरता बढ़ने से नए निवेशकों का भरोसा अस्थायी रूप से कमजोर हुआ है।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या यह आईटी शेयरों में निवेश का सही समय है? इसका उत्तर सीधा नहीं है। अल्पकालिक निवेशकों के लिए आईटी सेक्टर अभी भी जोखिमपूर्ण रह सकता है, क्योंकि वैश्विक मांग में सुधार के संकेत स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए यह चरण अवसर भी बन सकता है, क्योंकि भारत की आईटी कंपनियां अभी भी मजबूत बैलेंस शीट, उच्च नकदी भंडार और वैश्विक उपस्थिति रखती हैं। चरणबद्ध निवेश और लंबी अवधि का दृष्टिकोण यहां अधिक सुरक्षित माना जा सकता है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति 'शॉक-प्रूफ पोर्टफोलियो' बनाना है। इसका अर्थ है ऐसा पोर्टफोलियो, जिसमें किसी एक सेक्टर की गिरावट पूरे निवेश को प्रभावित न कर सके। एक संतुलित पोर्टफोलियो में लगभग 30 से 35 प्रतिशत निवेश बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में रखा जा सकता है, क्योंकि यह सेक्टर घरेलू अर्थव्यवस्था की वृद्धि से लाभान्वित होता है। 15 से 20 प्रतिशत निवेश आईटी और डिजिटल कंपनियों में रखा जा सकता है, ताकि भविष्य की तकनीकी वृद्धि का लाभ भी मिलता रहे। इसके अतिरिक्त 15 से 20 प्रतिशत निवेश सोना, चांदी या अन्य कमोडिटी में रखना उपयोगी हो सकता है, क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता के समय ये परिसंपत्तियां सुरक्षा प्रदान करती हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

**अमेरिका और यूरोप में कॉरपोरेट खर्च में कमी, आईटी बजट में कटौती और मंदी की आशंका के कारण नए प्रोजेक्ट्स की गति धीमी हुई है।**

### सोशल फोरम

## आयरलैंड की बहादुर प्रेमिका



1972 में आयरलैंड-ब्रिटिश युद्ध के दौरान ली गई यह तस्वीर एक आयरिश लड़की की है। वह अपने मंगेतर की बंदूक से गोली चला रही है, जो ब्रिटिश आर्मी से युद्ध के दौरान घायल हो गया था। उसका घायल मंगेतर एक कार द्वारा सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिए जाने के कारण बच गया, जबकि प्रेमिका ब्रिटिश सैनिकों से मुठभेड़ के दौरान मारी गई।



अनुपम गुप्ता
ब्लॉगर

जब इंग्लिश सेना के बटालियन कमांडर को यह पता लगा कि वे एक महिला से लड़ रहे थे, तब उन्होंने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे महिला के शव को हांथ न लगाएं और आयरिश लोगों को उसका शव दफ़नाने की अनुमति दे दी। तब उन लोगों ने कमांडर को यह कहते भी सुना कि-

'We defend a queen who doesn't care about us. And this woman cares about her lover and her land.'

'हम एक रानी की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं, जिसे हमारी परवाह नहीं और यह महिला अपने प्रेमी और मातृभूमि की परवाह करती है।'

यह तस्वीर आयरलैंड में महिला दिवस पर सर्वश्रेष्ठ चुनी गई और लिखा गया-

'Don't be afraid to be associated with a strong woman the day may come and she'll be your only army.'

'एक मजबूत महिला को अपनाने से मत डरिए, जब वक़्त आएगा वह तुम्हारा इकलौता हथियार होगी।'

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## बड़े खतरे का संकेत हैं अरावली की दरारें

अरावली पहाड़ियों में उत्खनन से बढ़ रहे खतरे का संकेत पर्यावरण के संरक्षक यूं ही नहीं दे रहे थे! अब इन अनुमानों का सत्य इस पर्वतमाला में पड़ी 12 दरारों से सामने आ गया है। इस कारण अरावली पर्वत श्रृंखलाएं न केवल लगातार कमजोर हुई हैं, बल्कि ये थार रेगिस्तान से पूर्व की ओर खिसकना भी शुरू हो गई हैं। इसके चलते राजस्थान के जयपुर सहित पूर्वी हिस्सों हरियाणा, दिल्ली-राजधानी क्षेत्र और गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों के मरुस्थलीकरण में बदलने का खतरा बढ़ गया है। यह जानकारी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में 1972-75, 1982-84, 1994-96 और विशेष रूप से 2005-2007 के कालखंड में किए गए क्रमिक उपग्रह आधारित अध्ययनों में यह चिंताजनक खुलासा किया गया है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट के अनुसार अरावली पर्वतमाला पर बनी 12 बड़ी दरारों के माध्यम से रेगिस्तानी रेत पूर्व की ओर बढ़ रही है। वर्ष 2005-07 के बाद अरावली की रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकने वाली क्षमता में तीव्रता से गिरावट दर्ज की गई है, क्योंकि इसी दौर में गुड़गांव समेत दिल्ली राजधानी क्षेत्र में शहरीकरण के साथ औद्योगिक-प्रौद्योगिक विस्तार के लिए वनों की कटाई के साथ पत्थर उत्खनन में आई तेजी चरम पर पहुंच गई। नतीजतन पर्वतमाला की 12 प्रमुख दरारें अजमेर की मगरा पहाड़ियों से निकलकर झुंझुनूं के खेतड़ी और माधोगढ़ होते हुए हरियाणा के महेंद्रगढ़ तक फैली हुई है।

इन्हीं कमजोर हिस्सों से लेकर थार रेगिस्तान की रेत पूर्व की ओर फैल रही है। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भी अपने अध्ययन में चेताया था कि आने वाले वर्षों में रेगिस्तान से उठने वाले रेत के तूफान दिल्ली और एनसीआर तक पहुंचकर इनके पर्यावरण को बड़ी मात्रा में बिगाड़ने का काम कर सकते हैं, लेकिन इन सर्वेक्षणों और अध्ययनों को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की राज्य सरकारों समेत केंद्र सरकार भी अनदेखा करते हुए कथित विकास के विनाशकारी उपायों को बढ़ावा देती रहीं।

अरावली पहाड़ियां दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाएं हैं। लगभग 692 किलोमीटर के दायरे में फैली ये पहाड़ियां गुजरात से शुरू होकर राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली तक पसरी हैं। इन पहाड़ियों का मानव समुदाय के लिए प्राकृतिक महत्व है। इस क्षेत्र में रहने वाले जीव-जगत की सांसें इन पर्वतमालाओं से गुजरने वाली शुद्ध हवा पर निर्भर हैं। इन्हीं पहाड़ियों की ओट पश्चिमी रेगिस्तान को फैलने से रोके हुए है, अन्यथा हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की जो उपजाऊ भूमि है, उसे रेगिस्तान में तब्दील होने में समय नहीं लगेगा।

पहाड़ियों की हरियाली नष्ट होने से इस क्षेत्र में शुष्कता का विस्तार हो रहा है और गर्मी बढ़ रही है। नतीजतन जल स्तर आशंका से कहीं ज्यादा नीचे जा रहा है। लोगों में सांस और दमा की बीमारियां बढ़ रही हैं। ये परिणाम नेता, अधिकारी और ठेकेदारों के अकूत लालच की देन हैं। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि ये पर्वत श्रृंखलाएं समान परिस्थितियों में तापमान को डेढ़ से ढाई डिग्री तक नियंत्रित रखने और भू-जल के पुनर्भरण में अहम् भूमिका निभाती है। इनमें प्रति हेक्टेयर 20 लाख लीटर भू-जल पुनर्भरण की अद्वितीय क्षमता है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि हरियाणा की 8.2 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण के दायरे में है, क्योंकि 2019 तक ही अरावली का लगभग 5.77 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र उत्खनन से तबाह हो चुका था। साफ है, जानकारी होने के बावजूद अरावली संकट को कथित विकास के लिए नजरअंदाज किया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार 2026 की शुरुआत के साथ ही नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। ग्राहकों की रुचि अब पारंपरिक ईंधन से हटकर इलेक्ट्रिक विकल्पों की ओर बढ़ रही है। पहले जहां इस क्षेत्र में कुछ ही कंपनियों का दबदबा था, वहीं अब कई नए ब्रांड और मॉडल बाजार में प्रवेश कर चुके हैं। इससे प्रतिस्पर्धा तेज हुई है और ग्राहकों को ज्यादा विकल्प मिल रहे हैं। बढ़ती जागरुकता, ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सोच इस बदलाव को गति दे रही है। कुल मिलाकर EV बाजार अब शुरुआती चरण से निकलकर स्थिर विकास की ओर बढ़ता दिख रहा है।

### बिक्री के आंकड़े और बाजार का विस्तार

हाल के महीनों में इलेक्ट्रिक कारों की मांग में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो यह संकेत देती है कि उपभोक्ता अब नई तकनीक को अपनाने के लिए तैयार हैं। रजिस्ट्रेशन और डिलीवरी के आंकड़े बताते हैं कि शहरों के साथ-साथ छोटे नगरों में भी EV की स्वीकार्यता बढ़ रही है। चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार और नई स्कीमों ने ग्राहकों का भरोसा मजबूत किया है। कीमतों में धीरे-धीरे संतुलन आने से भी मध्यम वर्ग के खरीदार इस सेगमेंट की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह रुझान केवल एक ट्रेंड नहीं, बल्कि ऑटो इंडस्ट्री के भविष्य की दिशा का संकेत माना जा रहा है, जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी धीरे-धीरे मुख्यधारा का हिस्सा बन रही है।



# भारत का EV बाजार बिक्री में उछाल

### नए ब्रांड और प्रतिस्पर्धा का असर

बाजार में नए खिलाड़ियों की एंट्री ने प्रतिस्पर्धा को और दिलचस्प बना दिया है। पहले सीमित विकल्प होने के कारण ग्राहक कुछ चुनिंदा मॉडलों तक ही सीमित रहते थे, लेकिन अब डिजाइन, रेंज और फीचर्स के आधार पर कई विकल्प उपलब्ध हैं। इससे कंपनियों को अपनी तकनीक, बैटरी क्षमता और कीमतों पर ज्यादा ध्यान देना पड़ रहा है। नई कंपनियों के आने से पुरानी कंपनियों को भी अपने पोर्टफोलियो को अपडेट करना पड़ रहा है, जिससे कुल मिलाकर ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं मिल रही हैं। यह प्रतिस्पर्धा बाजार को संतुलित और गतिशील बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



### तकनीक, चार्जिंग और उपयोगिता

EV बाजार की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे तकनीकी सुधार एक बड़ा कारण है। बैटरी रेंज में वृद्धि, तेज चार्जिंग विकल्प और स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स ने इलेक्ट्रिक कारों को अधिक व्यावहारिक बना दिया है। शहरों में चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ने से लंबी दूरी की यात्रा को लेकर ग्राहकों की चिंता कम हुई है। इसके अलावा, मेंटेनेंस लागत अपेक्षाकृत कम होने के कारण भी लोग EV को दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखने लगे हैं। डिजिटल डिस्प्ले, मोबाइल ऐप इंटीग्रेशन और एडवांस सेफ्टी फीचर्स इस सेगमेंट को आधुनिक और उपयोगी बनाते हैं।



### भविष्य की संभावनाएं और उपभोक्ता रुझान

आने वाले समय में EV बाजार के और मजबूत होने की संभावना जताई जा रही है। जैसे-जैसे नई मॉडल लाइन-अप बाजार में आएगी, ग्राहकों की पसंद और भी विविध होगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कुल ऑटो बिक्री में उल्लेखनीय स्तर तक पहुंच सकती है। सरकार की नीतियां, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और तकनीकी विकास इस बदलाव को स्थायी रूप दे सकते हैं। विश्व इलेक्ट्रिक कार बाजार की बात करें तो चीन में पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी की गिरावट आई है। उत्तरी अमेरिका में 33 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। अलबत्ता यूरोप में वृद्धि हुई है।

**मॉय फर्स्ट राइड**

## स्टेयरिंग के पीछे मेरा आत्मविश्वास



जब मैंने पहली बार कार की चाबी हाथ में ली, तो वह सिर्फ एक वाहन की चाबी नहीं थी, बल्कि जिम्मेदारियों का पूरा गुच्छा था। मैं एकल परिवार में रहती हूं और मेरे पति का काम ऐसा है कि उन्हें ज्यादातर समय शहर से बाहर रहना पड़ता है। ऐसे में घर, बच्चे, स्कूल, बाजार और जिंदगी की छोटी-बड़ी जरूरतें- सब कुछ मेरे कंधों पर आ जाता है। पहले यह सब ऑटो, टैक्सी या पड़ोसियों की मदद से चलता था, लेकिन हर बार किसी पर निर्भर रहना मन को कचोटता था।

एक दिन स्कूल से फोन आया- बच्चे की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उस दिन मुझे सबसे ज्यादा अपनी असहायता का एहसास हुआ। उसी शाम मैंने तय कर लिया कि अब कार चलाना सीखना कोई शौक नहीं, जरूरत है। अगले ही हफ्ते ड्राइविंग स्कूल जॉइन किया। पहले दिन स्टेयरिंग पकड़ते हुए हाथ कांप रहे थे। एक्सेलेरेटर और ब्रेक के बीच का संतुलन जैसे जीवन के संतुलन की परीक्षा ले रहा था। इंस्ट्रक्टर की आवाज, पीछे से आते हॉर्न और मन के भीतर का डर सब मिलकर मुझे कई बार रुकने को मजबूर करते रहे, पर हर रुकावट के बाद एक नई हिम्मत भी पैदा होती थी। बच्चों की स्कूल बस पकड़वाने की जल्दी, सब्जी मंडी के भारी थैले और देर रात तक जागते हुए पति की आवाज फोन पर ये सब मुझे आगे बढ़ाते रहे। कुछ दिनों बाद डर धीरे-धीरे आत्मविश्वास में बदलने लगा। पहली बार जब मैं अकेले बच्चों को स्कूल छोड़कर लौटी, तो लगा जैसे मैंने कोई बड़ी जीत हासिल कर ली हो। धीरे-धीरे सड़कें मुझे डराने के बजाय परिचित लगने लगीं। ट्रैफिक सिग्नल, यू-टर्न और तंग गलियां अब चुनौती नहीं रहीं। बच्चों की आंखों में भी गर्व झलकने लगा- "मम्मी अब खुद गाड़ी चलाती हैं।" यह एक छोटा सा वाक्य मेरे लिए बड़ी उपलब्धि बन गया। कार चलाना मेरे लिए सिर्फ एक कौशल नहीं रहा, यह मेरी आजादी का प्रतीक बन गया। अब जरूरत पड़ने पर किसी को फोन नहीं करना पड़ता, किसी एहसान का बोझ नहीं रहता।

बारिश हो या धूप, समय पर अस्पताल पहुंचना हो या अचानक कोई जरूरी काम-स्टेयरिंग के पीछे बैठते ही मुझे अपने फैसलों पर भरोसा होने लगा। आज जब मैं सड़क पर कार चलाती हूं, तो मुझे लगता है कि मैंने सिर्फ गाड़ी नहीं सीखी, मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा है। यह अनुभव मुझे हर दिन याद दिलाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, अगर हौसला हो तो रास्ते खुद बन जाते हैं।

*-नीलम, कानपुर*

## क्यों एडवेंचर बाइक होती है परफेक्ट टूरिंग मशीन!

लंबी दूरी की बाइक यात्राएं सिर्फ मंजिल तक पहुंचना नहीं, बल्कि हर मोड़, हर रास्ते और हर चुनौती को महसूस करने का नाम है। ऐसे सफर में बाइक सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आपका सबसे भरोसेमंद साथी बन जाती है। यही वजह है कि एडवेंचर बाइकों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। ये बाइक उन राइडर्स के लिए बनाई जाती है, जो हाईवे की रफ्तार, खराब सड़कों की चुनौती और ऑफ-रोड रोमांच तीनों को एक साथ जीना चाहते हैं। एडवेंचर बाइक का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है इसकी ऑल-राउंडर नेचर। मजबूत बॉडी, संतुलित चेसिस और एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ ये बाइक लंबी दूरी की राइडिंग के लिए पूरी तरह तैयार रहती है। चाहे कई सौ किलोमीटर का हाईवे रन हो या अचानक आया खराब रास्ता-एडवेंचर बाइक हर स्थिति में भरोसा देती है।

### रिलैक्स राइडिंग पोजिशन

सीधी और रिलैक्स बैठने की पोजिशन एडवेंचर बाइक को टूरिंग के लिए आदर्श बनाती है। चौड़े हैंडलबार, कंफर्टेबल सीट और सही जगह लगे फुट पेग्स शरीर के वजन को संतुलित रखते हैं। इससे कमर, घुटनों और कंधों पर दबाव कम पड़ता है और लंबी राइड्स आसान हो जाती हैं।

### स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स

आधुनिक एडवेंचर बाइकों में ट्रैक्शन कंट्रोल, राइड मोड्स, क्रूज कंट्रोल और नेविगेशन जैसी सुविधाएं आम हो चुकी हैं। ये फीचर्स न सिर्फ राइड को सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि थकान भी कम करते हैं। खासकर लंबी यात्राओं में।

### एडवांस सस्पेंशन

लंबी यात्राओं में सड़क की हालत सबसे बड़ा रोल निभाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए एडवेंचर बाइकों में लंबा ट्रैवल सस्पेंशन दिया जाता है, जो गड्ढों, उबड़-खाबड़ रास्तों और ऑफ-रोड सतह को आसानी से संभाल लेता है। कई बाइकों में इलेक्ट्रॉनिकली एडजस्ट होने वाला सस्पेंशन भी मिलता है, जो लोड और राइडिंग कंडीशन के अनुसार खुद को ढाल लेता है। नतीजा बेहतर स्टेबिलिटी, कम थकान और ज्यादा आत्मविश्वास।

### एयरोडायनामिक डिजाइन

लंबी हाईवे राइड्स में हवा की मार राइडर को जल्दी थका देती है। एडवेंचर बाइकों में दिए गए बड़े फेयरिंग और ऊंची विंडशील्ड हवा को राइडर से दूर मोड़ देते हैं। इससे न सिर्फ शरीर पर दबाव कम पड़ता है, बल्कि लंबी दूरी तय करने के बाद भी राइडर तरोताजा महसूस करता है।

### बड़ा फ्यूल टैंक

एडवेंचर बाइक की पहचान उसका बड़ा फ्यूल टैंक भी है। लंबी दूरी की राइडिंग में बार-बार पेट्रोल पंप ढूंढना परेशानी बन सकता है। ज्यादा फ्यूल कैपेसिटी और बेहतर माइलेज के चलते ये बाइक दूरदराज इलाकों में भी निश्चिंत होकर चलाने का भरोसा देती हैं।




## विदेश में ड्राइव प्लानः IDP को न करें नजरअंदाज

**काम की बात**

इंटरनेशनल ट्रिप की तैयारी करते वक्त हमारी प्राथमिकता अक्सर फ्लाइट टिकट, होटल बुकिंग और वीजा पर ही टिकी रहती है। घूमने की जगहों की लिस्ट बन जाती है, जरूरी गाइडलाइंस भी देख ली जाती हैं, लेकिन अगर योजना विदेशी धरती पर खुद स्टेयरिंग संभालने की हो, तो एक बेहद अहम दस्तावेज अक्सर हमारी ट्रैवल चेकलिस्ट से छूट जाता है। यही दस्तावेज है इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट (IDP)। यह सिर्फ एक औपचारिक कागज नहीं, बल्कि आपकी ड्राइविंग पहचान का अंतर्राष्ट्रीय प्रमाण है, जो यह साबित करता है कि आप भारत में अधिकृत चालक हैं और दुनिया के कई देशों में कानूनी रूप से वाहन चला सकते हैं। आज के समय में इंटरनेशनल सेल्फ-ड्राइव ट्रैवल का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में IDP आपकी यात्रा को न केवल आसान बनाता है, बल्कि किसी भी कानूनी परेशानी से भी बचाता है। *-फीचर डेस्क*

### IDP क्या और क्यों है जरूरी?

इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट आमतौर पर जारी होने की तारीख से एक साल तक वैध रहता है। विदेश में ड्राइव करते समय इसे अपने भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट के साथ रखना अनिवार्य होता है। कई देशों में बिना IDP के न तो कार किराए पर मिलती है और न ही इलीगल तरीके से ड्राइव करने की अनुमति। कुछ जगहों पर भारी जुर्माना या ड्राइविंग पर पूरी तरह प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

अच्छी बात यह है कि अब IDP के लिए आवेदन प्रक्रिया काफी आसान हो गई है। Ministry of Road Transport and Highways के परिवहन (Parivahan) पोर्टल के जरिए आप घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कौन कर सकता है आवेदन?

भारत में IDP के लिए आवेदन करने के लिए कुछ बुनियादी शर्तें पूरी करनी होती हैं। आवेदक का भारतीय नागरिक होना जरूरी है और उसके पास वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस आवेदन की तारीख से कम से कम छह महीने तक वैध होना चाहिए। साथ ही, आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी अनिवार्य है।

### IDP के लिए जरूरी दस्तावेज

आवेदन प्रक्रिया के दौरान कुछ अहम दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है। इनमें भरा हुआ IDP एप्लीकेशन फॉर्म (Form 4A), वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी, पासपोर्ट की कॉपी (पर्सनल डिटेल और वीज़ा पेज), हाल की पासपोर्ट साइज फोटो, वीजा की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी और एड्रेस प्रूफ शामिल हैं। सभी डॉक्यूमेंट्स सही और स्पष्ट होने चाहिए, ताकि आवेदन में कोई देरी न हो।






### फीस और वैधता

IDP बनवाने के लिए 1,000 रुपये की फीस देनी होती है। यह परमिट जारी होने की तारीख से एक साल तक वैध रहता है। यदि भविष्य में दोबारा इसकी जरूरत पड़े, तो नई आवेदन प्रक्रिया के जरिए इसे फिर से बनवाना होता है। भुगतान आप UPI, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग से कर सकते हैं। कुछ मामलों में आधार वेरिफिकेशन या स्थानीय RTO में फिजिकल वेरिफिकेशन की जरूरत भी पड़ सकती है।

### आसान प्रक्रिया है आवेदन की

परिवहन सारथी पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करें, जहां से आपका ड्राइविंग लाइसेंस जारी हुआ है। ड्राइविंग लाइसेंस सेक्शन में जाकर इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद ड्राइविंग लाइसेंस नंबर और जन्मतिथि दर्ज करें, जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें और फीस का भुगतान कर दें।

### विदेश में IDP इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें

विदेश में ड्राइव करते समय हमेशा अपना भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस और IDP साथ रखें। जिस देश में जा रहे हैं, वहां के ट्रैफिक नियमों और रोड साइन की जानकारी पहले से ले लें। अगर कार किराए पर ले रहे हैं, तो रेंटल कंपनी को IDP के बारे में जरूर बताएं। कुछ देशों में विदेशी ड्राइवरों के लिए अलग उम्र सीमा या नियम हो सकते हैं।

**एफपीआई का फरवरी में 29,714 करोड़ रुपये का निवेश**

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में अब तक भारतीय बाजार में 29,714 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में इक्विटी में 19,675 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने 1,078 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 16 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2595, राज श्री 1900, फॉर्चून कि. 2410, रविन्द्रा 2510, फॉर्चून 13 किग्रा 2130, जय जवान 2110, सचिन 2190, सूरज 2110, अवसर 1940, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1960, क्लासिक (किग्रा) 2310, मोर 2305, चक्र टिन 2360, ब्लू 2200, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2550
**किराना :** महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायन 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–25000, सोंठ 37000, (प्रतिकिलो) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किशमिश पीली 350–400, मखाना 950–1100
**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा.5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सुमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200
**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100
**चीनी :** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4000 मसूरी- 1400 बासमती- 8400-9200 परमल- 2000-4200
**दाल दलहन :** काला चना- 2400-3600 साबुत चना दाल- 1000 मूंग साबुत- 5200 राजमा- 9000-12100 दाल उड़द- 7000 साबुत मसूर दाल- 4000 मसूर दाल- 1400 उड़द साबुत- 10200 काबुली चना- 7200-10000 अरहर दाल- 10200 -12000 लोबिया/करमानी- 2200-4000

# एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ देश में घट रही हैं प्रवेश स्तर की नौकरियां

## इक्रियर की रिपोर्ट : 63% कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और डेटा कौशल की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) की स्वीकार्यता बढ़ने से विशेष रूप से प्रवेश स्तर की भर्तियां प्रभावित हुई हैं। ओपनआई के समर्थन से इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनमिक रिलेशंस (इक्रियर) के एक अध्ययन के मुताबिक एआई को अपनाने से पूरे क्षेत्र में नियुक्तियों को लेकर प्राथमिकताएं बदल रही हैं। करीब 63 प्रतिशत कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और एआई या डेटा कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ी है, क्योंकि एआई उनके मुख्य कामकाज के साथ एकीकृत हो गया है।

'एआई एंड जॉब्स: दिस टाइम इज नो डिफरेंट' शीर्षक वाली रिपोर्ट भारत में अब तक के जेन एआई स्वीकार्यता के कंपनी स्तर का आकलन है। यह अध्ययन नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच किया गया। इसमें भारत के 10 शहरों की 650 सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की प्रतिक्रिया शामिल है। इसमें बताया गया है कि कंपनियों ने कहा है कि एआई की वजह से नियुक्तियों में मामूली कमी आई है। मुख्य रूप से प्रवेश स्तर पर ऐसा देखने को मिल रहा है। साथ ही मध्यम और शीर्ष स्तर पर भर्तियों में स्थिरता भी है। रिपोर्ट कहती है कि सॉफ्टवेयर डेवलपर और डेटाबेस प्रशासक जैसे एआई की जरूरत वाले क्षेत्रों में मांग सबसे ज्यादा बढ़ी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई से सबसे ज़्यादा प्रभावित 1,900 से ज्यादा कारोबारी खंडों में उत्पादकता में बढ़ोतरी, गिरावट से काफी ज्यादा है। सर्वे में शामिल आधी से ज्यादा कंपनियों ने कहा कि वे पहले से ही जागरूकता या प्रशिक्षण के जरिए एआई को अपनाने में मदद कर रही हैं। वहीं 38 प्रतिशत अन्य ने कहा कि वे ऐसा करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, इसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण का दायरा अभी सीमित है और सिर्फ कुछ ही कंपनियों का कहना था कि पिछले साल उनके आधे से ज़्यादा श्रमबल ने एआई से जुड़ा प्रशिक्षण हासिल किया है।



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में तैयारी पूरी हो गई हैं।

### एआई का जनकेंद्रित, होना जरूरी : आईटी सचिव

नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट से पहले सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने कहा है कि भारत दुनिया को जो खास संदेश देना चाहता है, वह यह है कि एआई को जनकेंद्रित और समावेशी रहना चाहिए और इसमें एआई संसाधनों तक लोकतांत्रिक तरीके से पहुंच हो। कृष्णन ने कहा, एआई को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक ताकत होना चाहिए, जिसमें भारत और वैश्विक दक्षिण सहित दुनिया के सभी हिस्सों में वृद्धि को बढ़ावा देने की क्षमता हो। एआई संसाधन तक लोकतांत्रिक पहुंच होनी चाहिए और इसे इस तरह से किया जाना चाहिए कि लोग और इंसान इस प्रक्रिया के केंद्र में हों। जैसे-जैसे देश अलग-अलग क्षेत्र में एआई को अपनाने की तैयारी कर रहे हैं, भारत उभरती प्रौद्योगिकी की दुनिया में बराबर वृद्धि के लिए खुद को एक आवाज के तौर पर पेश कर रहा है।

### एआई की मांग से लेनोवो इंडिया का राजस्व 7% बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लेनोवो इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में अपने राजस्व में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो बढ़कर 8,145 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी के अनुसार, भारत में डिजिटलीकरण की गति, एआई को तेजी से अपनाए जाने और मोबाइल, कंप्यूटर/लैपटॉप व अवसंरचना खंडों के मजबूत प्रदर्शन से इस विकास को बल मिला है। लेनोवो इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शैलेंद्र कट्याल ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी एक बार के उछाल के बजाय निरंतर बनी रहने वाली मांग को दर्शाता है। हम भारत में डिजिटलीकरण की व्यापक गति से बेहद उत्साहित हैं। लेनोवो को फोन, कंप्यूटर/लैपटॉप, टैबलेट और अवसंरचना समाधानों के विस्तृत पोर्टफोलियो का लाभ मिल रहा है।

## सोने-चांदी की कीमतों में जारी रहेगी गिरावट



**विश्लेषकों की राय**

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि, सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है।

विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशक अमेरिकी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर खास नजर बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, व्यापारी संभावित ब्याज दरों में कटौती का समय और गति समझने के लिए अमेरिका के श्रम संबंधी आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण और फेड के अधिकारियों के बयानों पर नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि जीडीपी पर आने वाले अमेरिकी आंकड़े और व्यक्तिगत उपभोग व्यय मुद्रास्फीति संख्या और फेडरल रिजर्व के अधिकारी की टिप्पणी पर ध्यान केंद्रित होने से अस्थिरता बनी रहेगी।

## कीमतों में उतार-चढ़ाव के बाद भी जारी रहेगी सोने की खरीदारी

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अजय चावला ने कहा है कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारतीय खरीदारों को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ग्राहक अब कीमतों में गिरावट को अवसर मानकर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, बिलकुल शेयर निवेशकों की तरह। चावला ने कहा कि पहले कई ग्राहक महंगी कीमतों के कारण सोना खरीदने में देरी करते थे, लेकिन अब उन्होंने अपनी रणनीति बदल ली है और कीमत गिरने पर सोना खरीदना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि अनिश्चित समय तक इंतजार करें।

## रेलिगेयर बीमा कारोबार और वित्तीय सेवा को अलग करेगी

**नई दिल्ली।** बर्मन परिवार समर्थित रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने अपने वित्तीय सेवा और बीमा कारोबार को दो अलग-अलग सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने यह कदम शेयरधारकों के लिए परिसंपत्तियों का मूल्य बढ़ाने और अपनी भावी व्यावसायिक कार्ययोजना को और अधिक स्पष्ट एवं केंद्रित करने के उद्देश्य से उठाया है।

वित्तीय सेवा कंपनी ने कहा कि फरवरी, 2025 में बर्मन परिवार द्वारा रेलिगेयर का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के बाद से यह कंपनी की ओर से पहला बड़ा पुनर्गठन है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के पास 'केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड' में अपनी हिस्सेदारी बनी रहेगी, जो मुख्य रूप से बीमा क्षेत्र पर केंद्रित इकाई के रूप में काम करेगी। वहीं, कर्ज देने, ब्रोकिंग, निवेश गतिविधियों और संबंधित सेवाओं से जुड़े वित्तीय सेवा कारोबार को 'रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड' (आरएफएल) को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# शीर्ष 10 में छह कंपनियों का 3,00,706 करोड़ रुपये घटा बाजार पूंजीकरण

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के कारण बीएसई की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,00,706 करोड़ रुपये घट गया, जबकि चार अन्य कंपनियों के एमकैप में 1,68,819 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव के बीच टीसीएस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 90,199 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 70,780 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक में 54,628 करोड़ रुपये की गिरावट रही। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को एमकैप में 41,883 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को 23,972 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 19,245 करोड़ रुपये कम हुआ। सबसे बड़े सार्वजनिक ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में 12 प्रतिशत से अधिक की साप्ताहिक तेजी के कारण उसका एमकैप 1,22,213 करोड़ रुपये बढ़ा।



- घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट का असर

बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,414 करोड़ रुपये और निर्माण कंपनी एलएंडटी का 14,471 करोड़ रुपये बढ़ गया। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 5,720 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,21,476 करोड़ रुपये के साथ पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 13,93,622 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और भारती एयरटेल 11,43,044 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

# प्रतिबंधों के कारण वेदांता ने नायरा को घरेलू कच्चे तेल की आपूर्ति रोकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रूस की रोसनेफ्ट समर्थित रिफाइनरी कंपनी की निर्यात आमदनी पर भी पड़ा असर

रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। इससे उसकी निर्यात आमदनी पर असर पड़ा है।

नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच से 10 प्रतिशत था। इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रति दिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी।

सूत्रों ने बताया कि अनुपालन की संभावित दिक्कतों से बचने के लिए वेदांता की केयर्न ऑयल एंड गैस ने नायरा को कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी। केयर्न ऑयल एंड गैस राजस्थान के बाड़मेर तेल क्षेत्र का परिचालन करती है। केयर्न के एक प्रवक्ता ने कहा, हम विशेष ग्राहक अनुबंध या वाणिज्यिक व्यवस्था पर टिप्पणी नहीं करते हैं।



# अमेरिका-ईयू से व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं राहुल गांधी : शाह

## गृहमंत्री ने कहा- भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्ष के आरोप हास्यास्पद

**गांधीनगर, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौतों को लेकर किसानों को गुमराह करने और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार ने देश के कृषि और दुग्ध उत्पादन क्षेत्रों की पूरी तरह से सुरक्षा की है।

शाह ने व्यापार समझौतों से भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्षी दल के आरोपों को हास्यास्पद बताया। शाह ने कहा, जब कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में खड़े होकर किसानों की सुरक्षा की बात करते हैं तो मुझे हंसी आती है। कांग्रेस का देश को गुमराह करने का एक लंबा इतिहास रहा है और अब वे व्यापार समझौतों को लेकर झूठ फैला रहे हैं। शाह भारत की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की शुरुआत करने के बाद गांधीनगर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने हर समझौते में किसानों के हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, मैं इस देश के किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमेरिका के साथ हुए हर व्यापार समझौते में मोदी ने आपके हितों की पूरी तरह सुरक्षा की है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस की इस आलोचना का उल्लेख करते हुए कि ये समझौते भारत के डेयरी क्षेत्र को नष्ट कर देंगे, शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैला रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन समझौतों पर हस्ताक्षर करके भारत के डेयरी क्षेत्र को खत्म कर दिया है। शाह ने कहा, हमने डेयरी क्षेत्र का विस्तार किया है, इसे कमजोर नहीं किया। सभी समझौतों में डेयरी (क्षेत्र) को पूर्ण संरक्षण दिया गया है।


गांधीनगर में शाह ने सीबीडीसी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शुरुआत की।

### बहस करने के लिए कोई भी मंच चुन लें राहुल

अमित शाह ने गांधी को इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बहस करने की चुनौती दी। शाह ने कहा, राहुल गांधी जी, कोई भी मंच चुन लीजिए। यहां तक कि भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनके कल्याण के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने हाल ही में भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिए जाने की घोषणा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पहले कहा था कि पिछले महीने भारत और ईयू ने प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत पूरी की, जिससे दोनों पक्षों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे।

# अमेरिका से समझौता भारतीय किसानों से विश्वासघात: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर हमला तेज करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई सवाल किए और किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। राहुल ने सरकार पर इस समझौते के जरिए आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह मुद्दा देश के भविष्य से जुड़ा है।

कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि क्या भारत किसी दूसरे देश को अपने कृषि क्षेत्र पर दीर्घकालिक नियंत्रण हासिल करने की अनुमति दे रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा, अमेरिका से व्यापार समझौते के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि ड्राइड डिस्टिल्ड ग्रेन (डीडीजी) के आयात का क्या मतलब है। राहुल ने कहा, क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम (आनुवांशिक रूप से परिवर्तित) अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिल्ड ग्रेन खिलाए जाएंगे। क्या इससे हमारे दुग्ध उत्पाद अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे।



- कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से किए कई सवाल, अमेरिका के आगे आत्मसमर्पण का आरोप लगाया

उन्होंने सवाल किया अगर भारत जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देता है, तो मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा। उन्होंने पूछा, वे कीमतों में गिरावट का एक और झटका कैसे झेल पाएंगे। राहुल ने कहा, जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं तो उसमें क्या-क्या शामिल है। क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोले जाने के दबाव का संकेत है। गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है। क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपना रुख ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा। राहुल ने कहा कि एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खोले जाने से कैसे रोका जाएगा। क्या इसकी रोकथाम होगी या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा।

## केरल में पुरस्कार विजेता किसान ने कर्ज के बोझ के कारण की आत्महत्या

**कन्नूर।** कन्नूर जिले के चेरुपुझा में 62 वर्षीय पुरस्कार विजेता किसान ने बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान चेरुपुझा के इदावरम निवासी अंबट्टू इलियास के रूप में हुई है।

परिवारिक सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कीटनाशक का सेवन किया था और तीन दिन पहले अपने खेत में गंभीर हालत में पाए गए थे। जिले के एक निजी अस्पताल में इलियास का इलाज हो रहा था, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि लाखों रुपये का कर्ज होने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। इलियास लगभग चार दशकों से कन्नूर और पड़ोसी जिले कासरगोड के पहाड़ी क्षेत्रों में पट्टे पर ली गई जमीन पर सब्जियां उगा रहे थे। उन्होंने इस मौसम में भी लगभग 2,500 केले के पौधे लगाए थे, लेकिन उनकी आय उपज के अनुरूप नहीं थी, जिससे वह परेशान थे।

# बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा व मतदान नौ मार्च को: रीजीजू

**तवांग, एजेंसी**

- कहा- विपक्ष ने हंगामा किया तो बिना चर्चा के पारित कराएंगे अहम विधेयक

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा और उसके बाद मतदान नौ मार्च को होगा। रीजीजू ने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक निर्धारित है। उन्होंने कहा सत्र दिलचस्प होगा क्योंकि कई अहम विधेयक को संसद में चर्चा और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा।

रिजीजू ने चेतावनी दी कि अगर विपक्षी दल सत्र के पहले चरण की तरह विरोध को जारी रखते हैं तो अंततः यह उनके लिए ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा, नौ मार्च को लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। नियम के अनुसार इस पर पहले दिन ही चर्चा होती है। चर्चा के बाद मतदान होगा। रीजीजू ने बताया कि सत्र के दूसरे चरण के दौरान सरकार चर्चा के लिए विशिष्ट मंत्रालयों की पहचान करने की योजना बना रही है।

उन्होंने कहा, लोकसभा में हम पांच मंत्रालयों में अनुदान मांगों पर चर्चा करेंगे और राज्यसभा में हम पांच अन्य मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा करेंगे। राज्यसभा में अनुदान की मांगों पर नहीं बल्कि मंत्रालयों पर चर्चा होगी। रिजीजू ने बताया कि सरकार राज्यसभा में चर्चा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी और फिर लोकसभा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण रोचक होगा और कहा, यदि विपक्ष सदन की कार्यवाही में खलल डालता है तो हम बिना किसी चर्चा के उसे पारित करा देंगे। यह उनके लिए करारा झटका होगा।

## महाशिवरात्रि का सार... ईश्वर में विश्वास और स्वयं में विश्राम : श्रीश्री रविशंकर

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मानवता को शांति और संतुलन का संदेश दिया। बेंगलुरु स्थित आश्रम में आयोजित विशेष सत्संग के दौरान उन्होंने जीवन को आनंदमय बनाने के लिए दो मूलभूत सत्यों को अपनाने पर जोर दिया।

**परमात्मा पर अटूट भरोसा :** गुरुदेव ने कहा कि जीवन की आपाधापी के बीच यह विश्वास रखना अनिवार्य है कि ईश्वर हर क्षण हमारे साथ हैं। जब साधक को यह बोध हो जाता है कि उसकी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति ईश्वर द्वारा ही की जाएगी, तब मन के भीतर का संघर्ष और इच्छाओं की दौड़ समाप्त हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईश्वर मेरे अपने हैं, यह दृढ़ श्रद्धा ही मन को सहज शांति प्रदान करती है।

**गहन विश्राम ही शिवरात्रि है :** महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री श्री ने कहा कि इस पर्व का वास्तविक अर्थ मन और आत्मा को 'गहन विश्रांति' (Deep Rest) की अवस्था में ले जाना है। जब व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप में ठहर जाता है, तभी उसे असीम शांति का अनुभव होता है।



- महाशिवरात्रि पर मानवता को दिया शांति-संतुलन का संदेश

**भक्ति और एकत्व का मार्ग :** उन्होंने बताया कि केवल औपचारिक रूप से भजन गाना पर्याप्त नहीं है। जब कीर्तन और सत्संग पूरे हृदय, प्रेम और पूर्ण समर्पण के साथ किए जाते हैं, तब साधक और ईश्वर के बीच की दूरी मिट जाती है। चेतना के इस विलय से ही एकत्व का अनुभव होता है, जो आध्यात्मिक यात्रा का शिखर है।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने ध्यान और भजनों के माध्यम से भक्ति के इस सागर में डुबकी लगाई।

### बिहार : नीट छात्रा की मौत की जांच के लिए पैतृक गांव पहुंची सीबीआई, परिजनों से की पूछताछ

**जहानाबाद।** सीबीआई की एक टीम ने रविवार को बिहार के जहानाबाद में उस नीट अभ्यर्थी के पैतृक गांव का दौरा किया, जिसकी पिछले महीने पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर राज्य में सियासी तूफान खड़ा हो गया है।

सीबीआई के 31 जनवरी को मामले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने और प्राथमिकी दर्ज करने के कुछ दिनों बाद उसके अधिकारियों की एक टीम जहानाबाद में छात्रा के गांव पहुंची। नीट छात्रा छह जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित एक निजी छात्रावास में बेहोश अवस्था में मिली थी। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच दिन कोमा में रहने के बाद उसकी मौत हो गई थी। छात्रा के परिवार ने उसके यौन उत्पीड़न का दावा करते हुए राज्य के अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले के सिलसिले में छात्रावास के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

- मकान की ली तलाशी, छात्रा का कुछ सामान भी कब्जे में लिया

### महाशिवरात्रि पर पहली किन्नर शंकराचार्य बनीं हिमांगी सखी, भोपाल में किया गया पट्टाभिषेक

**भोपाल।** महाशिवरात्रि पर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किन्नर धर्म सम्मेलन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पट्टाभिषेक किया गया।

पुष्कर स्थित पुष्कर पीठ को देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में घोषित किया गया है। कार्यक्रम में किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास की उपस्थिति में यह घोषणा की गई। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए किन्नर समुदाय के प्रतिनिधि, संत-महात्मा और अनुयायी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान मुस्लिम धर्म अपना चुके 60 धर्मांतरित किन्नरों की घर वापसी कराए जाने का दावा भी किया गया। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। परंपरा के अंतर्गत चार जगद्गुरु और पांच महामंडलेश्वरों की भी घोषणा की गई। घोषित जगद्गुरुओं में काजल ठाकुर (भोपाल), तनीषा (राजस्थान), संजना सखी (भोपाल) और संचिता (महाराष्ट्र) शामिल हैं। वहीं महामंडलेश्वरों के रूप में सरिता भार्गव, मंजू, पलपल, रानी ठाकुर और सागर के नाम घोषित किए गए।

- पुष्कर पीठ को घोषित किया गया देश की पहली शंकराचार्य पीठ

# भारत बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था एआई शिखर समिट को उपयुक्त स्थान

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- संरा प्रमुख बोले-कृत्रिम मेधा का पूरी दुनिया को मिले लाभ



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाली एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था है और यह एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान है।

इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) से पूरी दुनिया को लाभ होना चाहिए, न कि यह केवल विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार हो। उन्होंने कहा कि मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और ग्लोबल साउथ के देश भी एआई के लाभ का हिस्सा बनें। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम 16 से 20 फरवरी तक है जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह लोग, धरती और प्रगति के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुतारेस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि एआई केवल सर्वाधिक विकसित देशों का विशेषाधिकार हो।

## पूर्वोत्तर की नई जीवन रेखा

# ट्विन ट्यूब टनल



भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली अंडरवाटर ट्विन-ट्यूब रेल-रोड टनल के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल असम बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। 18,662 करोड़ की लागत वाली यह सुरंग सामरिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। यह टनल केवल इंजीनियरिंग की उपलब्धि नहीं बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता है। आने वाले समय में देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी टनल की सुविधा मिल सकती हैं जो अपनी भौगोलिक बनावट के कारण कनेक्टिविटी की चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

### टनल की रूपरेखा

- कनेक्टिविटी : यह प्रस्तावित ट्विन ट्यूब टनल असम के गोपुर (एनएच-15) और नुमालीगढ़ (एनएच-715) इलाके को जोड़ेगी।
- लंबाई और विस्तार : परियोजना की कुल लंबाई लगभग 33.7 किलोमीटर है। इसमें से मुख्य अंडरवाटर सुरंग की लंबाई 15.79 किलोमीटर होगी।
- तकनीकी मॉडल : टनल का विकास ट्विन-ट्यूब टीबीएम मॉडल पर आधारित होगा। इसमें दो समानांतर सुरंगें होंगी, एक में 4-लेन की सड़क और दूसरी में रेलवे ट्रैक का प्रावधान होगा।
- विकास मॉडल : इसे ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा, जिसका अर्थ है कि डिज़ाइन और निर्माण की पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
- दुनिया में दूसरी : यह दुनिया की दूसरी सुरंग होगी जिसमें सड़क व रेल दोनों होंगे। वर्तमान में ऐसी सुरंग तुर्की में यूराशिया टनल और मारमारे के रूप में संचालित है।

### इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना

- मल्टी-मोडल एकीकरण : यह एक साथ सड़क और रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली भारत की पहली अंडरवाटर सुरंग होगी।
- हाई-स्पीड कनेक्टिविटी : यह असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की दूरी को वर्तमान 240 किमी से घटाकर मात्र 34 किमी कर देगी।
- समय की बचत : वर्तमान में गुवाहाटी से नुमालीगढ़ जाने में लगने वाला 6 घंटे का समय घटकर मात्र 20-30 मिनट रह जाएगा।
- सुरक्षा और आपातकालीन व्यवस्था : सुरंग में हर 500 मीटर पर क्रॉस-पैसेज बनाए जाएंगे ताकि आपात स्थिति में यात्रियों को निकाला जा सके।

### सामरिक-आर्थिक महत्व

- सामरिक मजबूती : चीन के साथ लगती संवेदनशील सीमा के करीब होने के कारण, यह भारतीय सेना के लिए अहम होगी।
- रोजगार सृजन : सरकार के अनुसार, इस परियोजना से लगभग 80 लाख व्यक्ति-दिवस का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा।
- आर्थिक विकास : यह क्षेत्र के 11 आर्थिक केंद्रों, 8 लॉजिस्टिक हब और 2 हवाई अड्डों को जोड़ेगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- एक्ट ईस्ट पॉलिसी : यह एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को मजबूती प्रदान करते हुए दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को गति देगी।

वर्तमान रूट की दूरी 240 किमी है, जिसे तय करने में 6 घंटे लगते हैं। नई टनल बनने के बाद यह दूरी सिमट कर 34 किमी और समय मात्र 20 मिनट रह जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### शांति संबंधी समझौते के लिए यूक्रेन तैयार

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो वास्तविक रूप से शांति लाएगा। यूक्रिनफॉर्म न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, ज़ेलेंस्की ने जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में एक भाषण के दौरान कहा, यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लिए, यूक्रेन के लिए, यूरोप के लिए असली शांति लाएगा। ज़ेलेंस्की ने कहा, इस संकट को सबसे पहले अस्मिता के साथ खत्म किया जा सकता है। कहा कि यूरोप असल में बातचीत के लिए मौजूद नहीं है।

### हिंद महासागर में यूएस ने जहाज को रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सशस्त्र बलों ने रातोंरात हिंद महासागर में राइट-ऑफ-विजिट अभियान के तहत एक पोत को रोककर उसकी तलाशी ली और उस पर सवार हो गए। अमेरिका के युद्ध विभाग ने रविवार को एक्स पर बताया कि एक्विला-2 राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कैरेबियाई क्षेत्र में प्रतिबंधित जहाजों के खिलाफ घोषित क्वारंटीन का उल्लंघन करते हुए परिचालन कर रहा था। विभाग ने बताया कि वे अग्रिम मोर्चे पर मातृभूमि की रक्षा करते हैं। अमेरिकी बलों ने हिन्द-प्रशांत कमान क्षेत्र में वेरोनिका-3 पोत रोका और उसकी तलाशी ली थी।

### पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

**काठमांडू।** नेपाल में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के सभी चारों कपाटों को रात दो बजे से खोल दिया गया। इस वर्ष मंदिर में लगभग आठ लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है जिनमें से 30 प्रतिशत भारतीय हैं।

### नेपाल में चुनाव : 63 सूत्रीय आचार संहिता

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने पांच मार्च को होने वाले चुनावों से पहले 63 सूत्रीय आचार संहिता जारी करते हुए रविवार को राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से कहा कि वे 25,000 नेपाली रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन से ही लें। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार केवल दो मार्च तक ही प्रचार कर सकते हैं। आचार संहिता संबंधी आयोग के नोटिस में उल्लेखित 60 से अधिक बिंदुओं में से प्रमुख बिंदु यह है कि राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवार 25,000 रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन के माध्यम से ही स्वीकार कर सकते हैं।

# भारत से नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है बांग्लादेश : कबीर

## तारिक रहमान के सलाहकार बोले-पारस्परिक लाभ को मिलकर करें काम

- बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करे भारत

**ढाका, एजेंसी**



बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग के सत्ता से हटने के बाद भारत के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित करने की इच्छा जताई है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि दोनों देशों को पारस्परिक लाभ के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए, जिसमें रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ शानदार जीत दर्ज की। कबीर ने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश में बीएनपी को मिले प्रचंड जनादेश के बाद बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना अब भारत की जिम्मेदारी है। कबीर ने कहा कि बदलाव भारत की सोच में आना चाहिए। शेख हसीना और अवामी लीग आज के बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं। जनता ने स्पष्ट रूप से बीएनपी के पक्ष में फैसला दिया है। कबीर ने अगस्त 2024 के जनविद्रोह के बाद भारत जा चुकीं हसीना को आतंकवादी करार देते हुए उन पर 1,500 से अधिक लोगों की मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश की स्थिरता को प्रभावित करने के लिए हसीना या अवामी लीग के अन्य नेताओं को अपनी जमीन इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश की संप्रभुता को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि में सहभागी में न दिखे।

### जमात ने लगाया मतगणना में गड़बड़ी का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11-दलीय गठबंधन के नेताओं ने आम चुनाव की मतगणना प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 32 निर्वाचन क्षेत्रों में फिर से मतगणना की मांग की है। गठबंधन का कहना है कि मतदान प्रक्रिया भले ही अधिकांशतः शांतिपूर्ण रही, लेकिन मतगणना के दौरान गंभीर खामियां सामने आईं। जमात-ए-इस्लामी के सहायक महासचिव हमीदुर रहमान आज़ाद ने गुरुवार को ढाका के आगारगांव स्थित निर्वाचन आयोग मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, शुरुआत अच्छी थी, लेकिन अंत अच्छा नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया, फर्जी वोट डाले गए, काले धन का प्रवाह हुआ और कई स्थानों पर डराने-धमकाने तथा झड़पों की घटनाएं हुईं। इन सबने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आज़ाद ने कहा कि कई स्थानों पर निष्पक्ष मतगणना के लिए आवश्यक माहौल मौजूद नहीं था।

### सभी देशों से चाहते हैं संतुलित संबंध

हुमायूं कबीर ने कहा कि हम संतुलित संबंध चाहते हैं। हम किसी एक देश के साथ विशेष संबंध नहीं रखेंगे और किसी भी समझौते का अनावश्यक खुलासा नहीं करेंगे। अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के साथ सांप्रदायिक हिंसा संबंधी चिंताओं को कबीर ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अगस्त विद्रोह के बाद पांच दिन तक बिना सरकार की अभूतपूर्व स्थिति के दौरान भी किसी ने अल्पसंख्यकों पर हमला नहीं किया। यह यहां की सांप्रदायिक सद्भावना को दर्शाता है। समस्या वैसी नहीं है, जैसी कभी-कभी प्रस्तुत की जाती है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। दिसंबर में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद समुदाय पर कई हमले हुए।

## रुबियो बोले अब रूस से तेल नहीं क्रय करेगा भारत

**म्यूनिख।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बार फिर दोहराया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदने से इनकार किया है। रुबियो ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शनिवार को कहा कि भारत ने स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा, जो कि वैश्विक बाजारों में रूस से ऊर्जा खरीदने पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और कूटनीतिक दबावों के बीच एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की वैश्विक भागीदारी की गहराई और संयुक्त लोकतांत्रिक राष्ट्रों के साथ सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनावों के बीच बड़े उपभोक्ता देशों द्वारा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और बाजारों की खोज तेज हुई है। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि भारत रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने पर सहमत हो गया है। तब से अमेरिका ने कई बार दावा किया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा।

# ईरान-अमेरिका में होगी अब दूसरे दौर की वार्ता

- परमाणु मद्दे को लेकर अब जिनेवा में बैठेंगे दोनों देश

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान और अमेरिका मंगलवार को जिनेवा में अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के दूसरे दौर में प्रवेश करेंगे। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त रवांची ने तेहरान में बीबीसी को दिए साक्षात्कार में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि किसी समझौते तक पहुंचने के लिए अमेरिका को अपनी गंभीरता साबित करनी होगी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका ईमानदारी दिखाता है, तो दोनों पक्षों के बीच पुनः शुरू हुई अप्रत्यक्ष वार्ताएं किसी समझौते तक पहुंच सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच वार्ता का पहला दौर छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। रवांची ने कहा कि ईरान की ओर से 60 प्रतिशत तक समृद्ध यूरेनियम को काफी हद तक निष्क्रिय करने की पेशकश इस बात का प्रमाण है कि देश समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा, यदि वे प्रतिबंधों पर बात करने को तैयार हैं, तो हम इस मुद्दे और अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान का मिसाइल कार्यक्रम गैर-परक्राम्य है और देश अपनी रक्षात्मक क्षमताओं से समझौता स्वीकार नहीं करेगा। रवांची ने ईरान की धरती पर यूरेनियम संवर्धन शून्य करने के सवाल पर कहा कि ईरान के लिए यह विषय अब एजेंडे में नहीं है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में अमेरिका के सैन्य जमावड़े की आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि एक और युद्ध सभी के लिए त्रासदीपूर्ण होगा और आक्रमण शुरू करने वालों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### म्यूनिख में ईरान के खिलाफ प्रदर्शन

**म्यूनिख।** जर्मनी में वैश्विक नेताओं की एक बैठक के बीच शनिवार को यहां लगभग 2,50,000 लोगों ने ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ, जब निर्वासन में रह रहे ईरान के युवराज रेजा पहलवी ने तेहरान पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव का आह्वान किया है। ढोल बजाते और सत्ता परिवर्तन के नारे लगाते हुए म्यूनिख में विशाल रैली पहलवी द्वारा वर्णित ग्लोबल डे ऑफ एक्शन का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ईरानियों का समर्थन करना है। पहलवी ने लॉस एंजिलिस और टोरंटो में भी प्रदर्शनों का आह्वान किया।

## जम्मू-कश्मीर में म्यूल खाता नेटवर्क का किया भंडाफोड़

- आठ हजार से अधिक खातों से लेनदेन पर रोक

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में म्यूल खातों के लगातार बढ़ते नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों को आशंका है कि इन खातों के माध्यम से भेजे गए धन का उपयोग अलगाववादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि तीन वर्षों की अवधि में इस क्षेत्र में संचालित 8,000 से अधिक म्यूल खातों की पहचान की गई है और इनसे लेन-देन रोक दिया गया है, जिससे धन शोधन के एक जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

उन्होंने इन खातों को साइबर अपराध श्रृंखला में सबसे कमजोर, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया, क्योंकि इन खातों के बिना हेरफेर किए गए पैसे का क्रिप्टोकरेंसी में बदलना और इसका पता लगाना असंभव होगा। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य कानून लागू करने वाली एजेंसियों को बैंकों के साथ परामर्श करने के लिए कहा है, ताकि म्यूल खातों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाया जा सके और ऐसी वित्तीय ठगी के बिचौलियों की पहचान की जा सके।

## आईएसएस पहुंचे 4 नए अंतरिक्ष यात्री

**केप कैनावेरल।** स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण समय से पहले धरती पर वापस लाए गए साथियों की जगह लेने के लिए चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए हैं। स्पेसएक्स ने शनिवार को अमेरिकी, फ्रांसीसी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के दल को केप कैनावेरल से रवाना किया और एक दिन बाद ये अंतरिक्ष यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचे। पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से नासा ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वहां से निकासी कराई थी जो 65 वर्षों के मानव अंतरिक्ष उड़ान के इतिहास में पहला मामला था। पिछले साल गर्मियों में स्पेसएक्स ने चार अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया था जिनमें से एक को गंभीर स्वास्थ्य समस्या हुई और उन्हें शीघ्र लौटना पड़ा।

## अनियंत्रित हवाई क्षेत्रों का अध्ययन कर रही सरकार

- महाराष्ट्र विमान हादसे ने आकृष्ट कराया ध्यान

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार गैर-निर्धारित ऑपरेटर और अनियंत्रित हवाई पट्टियों द्वारा किए जा रहे उड़ान संचालन का गहन अध्ययन कर रही है, ताकि यह देखा जा सके कि किन क्षेत्रों में कदम उठाने की आवश्यकता है। गत 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाले लियरजेट 45 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गैर-निर्धारित परिचालकों के उड़ान संचालन नियामक जांच के घेरे में आ गए हैं।

इस दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस महीने की शुरुआत में ही एनएसओपी का एक विशेष सुरक्षा ऑडिट शुरू कर दिया है। नायडू ने बताया कि नागर विमानन मंत्रालय एनएसओपी के साथ-साथ अनियंत्रित हवाई पट्टियों का भी गहन अध्ययन कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएसओपी और अनियंत्रित हवाई पट्टियों के संबंध में जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, उन पहलुओं की जांच की जाएगी।

# महाराष्ट्र में एटीएस ने की 21 ठिकानों पर छापेमारी

**मुंबई, एजेंसी**

- आतंकी संबंधों को लेकर एजेंसी ने की कई जिलों में कार्रवाई

महाराष्ट्र में आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने शनिवार रात से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 21 स्थानों पर छापेमारी की है। उन्हें खुफिया विभाग से सूचना मिली थी कि कुछ युवक आतंकवादी संगठनों के संपर्क में हैं। यह सूचना मिलने के बाद कि युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के प्रयास किए जा रहे हैं, यवतमाल जिले के पुसाद और उमरखेड़ में 14 स्थानों और अहिल्यानगर में सात स्थानों पर छापेमारी की गई।

सूत्रों के अनुसार, एटीएस सुबह से ही तलाशी अभियान चला रही है और पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया है। एटीएस ने अहिल्यानगर के मुकुंदनगर इलाके में आधी रात को छापेमारी की। जांच के अंतर्गत निवासियों से गुप्त रूप से पूछताछ की गई। मुकुंदनगर मुस्लिम बहुल इलाका है। पिछले दो-तीन वर्षों में, अहिल्यानगर कथित रूप से औरंगजेब का महिमामंडन करने और पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने जैसी घटनाओं के कारण चर्चा में रहा है। इससे पहले की रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के प्रयासों का संकेत मिला था। यवतमाल जिले में एटीएस की 20 टीमें तैनात की गई हैं। उमरखेड़ और पुसाद में संदिग्धों से गहन पूछताछ जारी है।

## लापता भारतीय छात्र मृत मिला

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक सप्ताह से भी कम समय पहले लापता हुआ 22 वर्षीय भारतीय स्नातकोत्तर छात्र मृत पाया गया है। भारतीय दूतावास ने यहां यह जानकारी दी। कर्नाटक निवासी और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में पढ़ने वाले छात्र साकेत श्रीनिवासैया सोमवार से लापता थे। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने स्थानीय समयानुसार शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में छात्र के शव की बरामदगी की पुष्टि की। श्रीनिवासैया के प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए वाणिज्य दूतावास ने कहा कि दूतावास परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है जिसमें स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत ले जाने की व्यवस्था करना शामिल है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 17.34 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- श्रवण 20.47 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें। परिवार में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है। फालतू बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

**वृष** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें। उल्टी-दस्त की समस्या हो सकती है। धन के मामले में अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। परिजनों की सेहत की चिंता हो सकती है।

**मिथुन** — आज विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। रूढ़िवादी विचारों से बचें। तकनीक के प्रति आप थोड़े शौकीन रहेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। छोटी दूरी की थकावटी यात्रा हो सकती है।

**कर्क** — आज परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन कर सकते हैं।

**सिंह** — आज बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। व्यवसाय में प्रलोभनों से बचें। अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। भूतकाल की बातों को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे।

**कन्या** — आज कारोबार में वृद्धि होने की संभावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिंतित रहेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेने से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर अत्यंत भावुक हो सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**तुला** — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके मस्तिष्क में नए रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है, लेकिन साथ में समय बिताने से मन हल्का होगा। विदेश में रहने वाले परिजनों की चिंता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी।

**धनु** — आज मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। स्वयं की गलतियों पर पर्दा न डालें। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न रहेगा। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी।

**मकर** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय से आपको लाभ होगा।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं। परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। नए रोजगार की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। संतान की गतिविधियों पर नजर बनाये रखें। मन में नए काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फंसे रहेंगे।

## सुडोकू-63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |



दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप में अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलने के काफी करीब पहुंच गई है। बल्लेबाज पूरी क्षमता से खेलने की कोशिश कर रहे है। गेंदबाज चतुराई से परिस्थितियों को समझने और आत्मविश्वास के साथ अपनी गेंदबाजी में विविधता ला रहे हैं।
–एडेन मार्करम



## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| यूएई-अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| इंग्लैंड-इटली | दोपहर 3 बजे |
| ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### यूएई के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगा अफगानिस्तान

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में सुपर ओवर की हार से आहत अफगानिस्तान सोमवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेगा। दोनों टीम अपने पिछले मुकाबलों में विपरीत परिणामों के साथ इस मुकाबले में उतर रही हैं। यूएई ने कनाडा को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि अफगानिस्तान को अपने पिछले मैच में दो सुपर ओवर तक खींचे जाने के बावजूद दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। इसे टी20 के सबसे शानदार मैचों में से एक बताया जा रहा है। दूसरी ओर अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहद करीबी हार के बाद अपना खाता खोलने के लिए बेताब होगा।

### सुपर आठ में जगह पक्की करने उतरेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** दो बार का चैंपियन इंग्लैंड सोमवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप सी मैच में टी20 विश्व कप में पहली बार खेल रहे फुटबॉल के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इटली को हराकर सुपर आठ में जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगा। इंग्लैंड और इटली के बीच फुटबॉल पिच पर जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता है और दोनों टीमों के बीच कई यादगार मुकाबले खेले गए हैं। इसमें वेम्बले में यूरो 2020 फाइनल में इटली की पेनल्टी शूटआउट में जीत भी शामिल है। हालांकि सोमवार को यह प्रतिद्वंद्विता पहली बार फुटबॉल की जगह क्रिकेट में नजर आएगी और ईडन गार्डन्स इसका गवाह बनेगा। शनिवार को यहां इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच हुए मुकाबले के लिए 35 हजार से अधिक दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड की टीम धीरे-धीरे लय हासिल कर रही है। टीम हालांकि स्कॉटलैंड पर दबाव वाली जीत के बाद इस मैच में उतरेगी।

### स्मिथ को शामिल कर सकता है ऑस्ट्रेलिया

**पल्लीकल (श्रीलंका)।** चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मुकाबले में बिना किसी अगर मगर के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीद जीवित रखने के लिए अनुभवी स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल करने पर विचार कर सकती है। पिछले मैच में जिम्बाब्वे से 23 रन की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया पर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अब उन्हें सुपर आठ में पहुंचने के लिए ओमान और श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल ग्रुप तालिका में दो मैचों में दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में खेल रही 2021 की चैंपियन टीम जिम्बाब्वे से हार गई है।

# अपने ही जाल में फंसा पाकिस्तान स्पिनरों से 18 ओवर कराए

## टी-20 विश्व कप : लक्ष्य का पीछा करने में भी भारतीय गेंदबाजों का नहीं कर पाए सामना

**कोलंबो, एजेंसी**

पाकिस्तान अपने ही जाल में फंस गया। रणनीति के तहत टॉस जीतने के बावजूद गेंदबजी का फैसला किया। 18 ओवर स्पिनरों कराए जिसमें सईम अयूब 25 रन पर तीन विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। शाहीन ने दो ओवर में 31 रन लुटाए और उन्हें एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में 13 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। पंड्या ने पारी का पहला ओवर मेडन फेंका और साहिबजादा फरहान (00) को मिड ऑन पर रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। बुमराह की पहली गेंद पर सईम (06) ने छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर पगबाधा हो गए। इसी ओवर की अंतिम गेंद पर कप्तान सलमान अली आगा (04) भी मिड ऑन पर पंड्या को बेहद आसान कैच दे बैठे। उस्मान ने पंड्या पर छक्के के साथ शुरुआत की और फिर अक्षर पर लगातार दो चौके मारे। अक्षर ने हालांकि इसी ओवर में बाबर आजम (05) को बोल्ड किया। उस्मान ने अक्षर के अगले ओवर में भी दो चौके मारे। पाकिस्तान के रनों का अर्धशतक आठवें ओवर में पूरा हुआ।

उस्मान 31 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर की गेंद पर तिलक वर्मा ने उनका कैच टपका दिया। उन्होंने इस ओवर में भी लगातार दो चौके मारे। अक्षर ने हालांकि उस्मान को जीवनदान का फायदा नहीं उठाने दिया और अगले ओवर में उन्हें इशान किशन के हाथों स्टंप करा दिया। उस्मान ने 34 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का मारा। मोहम्मद नवाज (04) ने इसके बाद कुलदीप यादव की फुलटॉस पर दुबे को कैच थमाया। शादाब भी तिलक की पहली ही गेंद को लॉन्ग ऑफ पर दुबे के हाथों में खेल गए।



जीत का जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

पाकिस्तान को अंतिम पांच ओवर में 82 रन की दकरार थी और चक्रवर्ती ने लगातार गेंदों पर फहीम (10) और अबरार अहमद (00) को आउट किया जबकि पंड्या ने उस्मान तारिक (00) को बोल्ड करके भारत की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा (10 रन पर एक विकेट) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पहले ओवर की अंतिम गेंद पर अभिषेक शर्मा (00) शाहीन शाह अफरीदी के हाथों कैच करा दिया। अभिषेक अब तक दोनों मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे हैं। इशान के अलावा भारत के अन्य बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन इस सलामी बल्लेबाज ने एक बार फिर आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने शाहीन की शुरुआती दो गेंद पर छक्का और चौका मारा और फिर सलमान की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए।

तिलक ने भी शाहीन पर चौका जड़ने के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद का स्वागत छक्के के साथ किया। तिलक और इशान ने सईम पर चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 52 रन तक पहुंचाया। इशान ने अबरार पर लगातार तीन चौकों के साथ 27 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया जो टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबलों का सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने अगले ओवर में लेग स्पिनर शादाब खान की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से 17 रन बटोरे।

### भारत

**175/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| इशान किशन बो सईम | 77 |
| अभिषेक का शाहीन बो सलमान | 00 |
| तिलक वर्मा पगबाधा बो सईम | 25 |
| सूर्यकुमार का सईम बो तारिक | 32 |
| हार्दिक पंड्या का बाबर बो सईम | 00 |
| शिवम दुबे रन आउट | 27 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 |
| अक्षर पटेल का सईम बो शाहीन | 00 |

**गेंदबाजी :** सलमान 2-0-10-1, शाहीन 2-0-31-1, सईम 4-0-25-3, अबरार 3-0-38-0, शादाब 1-0-17-0, नवाज 4-0-28-0, तारिक 4-0-24-1

### पाकिस्तान

**114/10** (18 ओवर)

| | |
|---|---|
| साहिबजादा का रिंकू बो पंड्या | 00 |
| सईम अयूब पगबाधा बो बुमराह | 06 |
| सलमान आगा का पंड्या बो बुमराह | 04 |
| बाबर आजम बो अक्षर | 05 |
| उस्मान खान स्टं इशान बो अक्षर | 44 |
| शादाब खान का दुबे बो तिलक | 14 |
| मो नवाज का दुबे बो कुलदीप | 04 |
| फहीम का रिंकू बो चक्रवर्ती | 10 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 23 |
| अबरार अहमद पगबाधा बो चक्रवर्ती | 00 |
| उस्मान तारिक बो पंड्या | 00 |

**गेंदबाजी :** पंड्या 3-1-16-2, बुमराह 2-0-17-2, अक्षर 4-0-29-2, चक्रवर्ती 3-0-17-2, कुलदीप 3-0-14-1, तिलक 2-0-11-1, रिंकू 1-0-9-0

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा- यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाज़ी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाज़ी की। 155 का स्कोर मुक़ाबले को क़रीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।



77 रन 10 चौके
40 गेंद 03 छक्के

**ईशान किशन, प्लेयर ऑफ़ द मैच –** विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं सिर्फ़ गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर काफ़ी काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुक़ाबला हमेशा ख़ास होता है।

# नेपाल पर बड़ी जीत से सुपर आठ में पहुंचा वेस्टइंडीज

**मुंबई, एजेंसी**

अनुभवी ऑलराउंडर जैसन होल्डर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उत्कृष्ट खेल के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में नेपाल को 28 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

नेपाल की तरफ से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 47 गेंद पर 58 रन की शानदार पारी खेली जिससे उनकी टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 133 रन बनाने में सफल रही। ऐरी ने अपनी पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। उनके अलावा सोमपाल कामी ने 15 गेंद पर चार चौकों की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में 15.2 ओवर में एक विकेट पर 134 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने 44 गेंद पर नाबाद 61 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। शिमरोन हेटमायर ने चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 गेंद पर नाबाद 46 रन बनाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की अटूट साझेदारी की।



नेपाल के आसिफ शेख का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते विंडीज के जेसन होल्डर (बाएं)।

- **नेपाल की तरफ से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 47 गेंद पर 58 रन बनाए**

वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने छह अंक के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वह सुपर आठ में पहुंचने वाली पहली टीम है। इंग्लैंड चार अंक के साथ इस ग्रुप में दूसरे स्थान पर है।

## अमेरिका ने किया नामीबिया को परास्त

**चेन्नई।** संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 68) और कप्तान मोनांक पटेल (52) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां नामीबिया को 31 रन से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखा है।

लगातार दो जीत के साथ अमेरिका ने ग्रुप चरण को चार अंकों के साथ समाप्त किया और भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत और पाकिस्तान में से किसी के उलटफेर का शिकार होने पर वह सुपर आठ में पहुंच सकता है। अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 199 रन बनाये जो टी20 विश्व कप में उसका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप की 39 गेंद में 58 रन की पारी के बावजूद नामीबिया की टीम छह विकेट पर 168 रन ही बना सकी। अमेरिका शानदार लय में चल रही है।

# केएल राहुल व पडिक्कल के शतकों से कर्नाटक मजबूत

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले में कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ विशाल स्कोर की ओर बढ़ता दिख रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक ने दो विकेट के नुकसान पर 355 रन बना लिए।

टॉस जीतकर उत्तराखंड के कप्तान कुनाल चंदेला ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शुरुआती झटका कर्नाटक को 18 रन के स्कोर पर लगा, जब मयंक अग्रवाल पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तीसरे क्रम पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने अनुभवी केएल राहुल के साथ मिलकर पारी को संभाला। राहुल और पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 394 गेंदों पर रिकॉर्ड 278 रन की साझेदारी कर मैच को अपनी ओर किया।

### रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते लोकेश राहुल। अमृत विचार

दोनों बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए और उत्तराखंड के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसना पड़ा। केएल राहुल ने 153 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। वह 141 रन बनाकर आदित्य रावत की गेंद पर कॉट एंड बोल्ड आउट हुए। दूसरी ओर पडिक्कल 16 चौके और दो छक्कों की मदद से 148 रन बनाकर नाबाद लौटे। करुण नायर 37 रन बनाकर नाबाद रहे। उत्तराखंड की ओर से आदित्य रावत को दो विकेट मिले।

- **पहले दिन के खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने दो विकेट पर 355 रन बना लिए**

### बंगाल ने पांच विकेट पर बनाए 249 रन

**कल्याणी।** दिन के दूसरे सेमीफाइनल में सुदीप कुमार घरामी (नाबाद 136) रनों की शतकीय, कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (49) और शाहबाज अहमद (42) जुझारू पारियों की बदौलत बंगाल ने आज जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय पांच विकेट पर 249 रन बना लिए है।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

### महिला टी-20 मुकाबला

**सिडनी, एजेंसी**

तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया। अरुंधति (22 रन पर चार विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती अरुंधति रेड्डी। एजेंसी

भारत ने इसके जवाब में जब उप कप्तान स्मृति मंधाना (17 गेंद में नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन गेंद में नाबाद नौ) की पारियों से 5.1 ओवर में 50 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। भारत को इसके बाद विजेता घोषित किया गया क्योंकि 5.1 ओवर के बाद डीएलएस के तहत बराबरी का स्कोर 29 रन था।

भारत ने एकमात्र विकेट शेफाली वर्मा (11 गेंद में 21 रन) के रूप में गंवाया जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर अपना विकेट गंवाया।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2.2 ओवर में 22 रन बनाकर तेज शुरुआती की लेकिन बेथ मूनी (05) ने रेणुका की गेंद को हवा में लहराकर कवर्स में स्मृति मंधाना को कैच थमा दिया। दूसरी सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल (10 गेंद में 18 रन) भी इसके बाद क्रांति गौड़ (39 रन पर एक विकेट) की बाहर की ओर जाती गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच दे बैठीं। एलिस पैरी (11 गेंद में 20 रन) और फोएबे लिचफील्ड (19 गेंद में 26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन की तेज साझेदारी करके पारी को संभाला।

## लोकेश ने इनडोर लॉन्ग जंप का रिकॉर्ड बनाया

**फेएटविले (अमेरिका)।** भारत के लोकेश सत्यनाथन शनिवार को अर्कांसस में टायसन इनविटेशनल 2026 में 8.01मी की ऐतिहासिक छलांग लगाकर इनडोर लॉन्ग जंप में आठ मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए।

ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रैंडल टायसन इनडोर सेंटर में टैरलटन स्टेट के लिए मुकाबला करते हुए, 26 साल के लोकेश 16 एथलीटों के बीच आठवें स्थान पर रहे और एक नया भारतीय इनडोर नेशनल रिकॉर्ड बनाया, जिससे 2023 से जेसविन एल्ड्रिन के 7.97मी के पिछले रिकॉर्ड में सुधार हुआ। यह रिकॉर्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मंजूरी पर निर्भर है। यह इवेंट अमेरिकी हर्डलर कॉर्डेल टिंच ने 8.29मी की छलांग के साथ जीता। जमैका के वर्ल्ड चैंपियन ताजय गेल 8.13मी के साथ चौथे स्थान पर रहे।

**मंथन** | कप्तान ने कहा-उनकी टीम को शीर्ष टीमों से और अधिक मैच खेलने की जरूरत

# अफगानिस्तान के प्रदर्शन से राशिद निराश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

छोटे देशों को बड़ी टीमों के खिलाफ नियमित रूप से खेलने का मौका देने की वकालत करते हुए अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने रविवार को यहां कहा कि उनकी टीम को किस्मत का साथ नहीं मिला जिससे वे टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने की कगार पर है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में पांच विकेट से हार झेलने के बाद अफगानिस्तान को पिछले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो सुपर ओवर के बाद दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा था। इस नतीजे के बाद टीम ग्रुप डी में चौथे स्थान पर है और बाहर होने के करीब पहुंच गई है। राशिद ने सोमवार को यहां यूएई के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से पहले कहा, मुझे नहीं लगता कि बहुत कुछ गलत हुआ। हमने अच्छा क्रिकेट खेला और थोड़े बदकिस्मत रहे। आपने पिछला मैच देखा, हम बहुत करीब थे, दूसरे सुपर ओवर तक पहुंचे। इससे पता चलता है कि हमने पूरी मेहनत की। उन्होंने कहा आपने कई मैच एकतरफा देखे होंगे। अगर एक टीम को बड़ी टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता, तो ऐसा ही होता है। अगर हम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ ज्यादा टी20 खेलते तो हमें बेहतर अंदाजा होता कि वे हमें कहां मात दे सकते हैं और हम कहां सुधार कर सकते हैं। अगर आप साल में सिर्फ एक बार, वह भी विश्व कप में उनसे खेलते हैं तो गलती की कोई गुंजाइश नहीं रहती।" राशिद ने कहा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ नियमित द्विपक्षीय श्रृंखला न खेलने से विश्व कप मुकाबले अफगानिस्तान जैसी टीमों के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव वाले हो जाते हैं।



उन्होंने कहा अगर आप चार दिन में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच खेलते हैं तो आपका विश्व कप चार दिन में खत्म हो सकता है, जैसा हमारे साथ हुआ। हमने चार दिन में दो मैच गंवाए और लगभग बाहर हो गए। यह अलग तरह का दबाव है। मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है। छोटी सी गलती और आप प्रतियोगिता से बाहर।

### टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा

अफगानिस्तान का सामना अब सोमवार को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) से होगा। राशिद ने कहा कि टीम को प्रतियोगिता में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, "विश्व कप मैच में आप हमेशा पूरी ताकत झोंकते हैं, क्योंकि विश्व कप जीतना बड़ी बात है। राशिद ने कहा हमने यूएई के खिलाफ काफी खेला है, वहां द्विपक्षीय श्रृंखला भी खेली है। हमारे खिलाड़ी आईएलटी 20 में भी खेले हैं। हम हालांकि यह नहीं सोच सकते कि हम आसानी से जीत जाएंगे क्योंकि हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सुपर ओवर खेले। टी20 में अगर दो बल्लेबाज या दो गेंदबाज अच्छा स्पेल डाल दें, तो मैच हाथ से निकल जाता है। वापसी का ज्यादा समय नहीं मिलता।